रांची, रविवार | 14 सितंबर 2025 | वर्ष-26, अंक-223, पृष्ठ-12 | आश्विन कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

जितिया पर्व की शुभकामनाएं

## पलामू के जोरकट से एक करोड़ की हथिनी की चोरी, महावत भी गायब

**नवीन मेल संवाददाता**



● विंध्याचल में खाने-पीने के कमी के कारण हथिनी को पलामू भेजा गया था

**मेदिनीनगर।** जिले में एक करोड़ की हथिनी की चोरी का मामला समाने आया है। साथ ही महावत की गायब होने की भी खबर है। इस संबंध में मेदिनीनगर के सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर हथिनी और महावत की खेजबीन जारी है। खोजबीन में वन विभाग की टीम भी लगी हुई है। सदर थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जिले के विंध्याचल निवासी नरेंद्र कुमार शुक्ला हथिनी का मालिक बताया जा रहा है। विंध्याचल में खाने-पीने की व्यवस्था सही नहीं होने के कारण हथिनी को पलामू लेकर आये थे। जानकारी के नरेंद्र शुक्ला ने हथिनी की देखभाल का जिम्मेदारी मिजार्पुर निवासी मुन्ना पांडेय और चुनार के रहने वाले मन्ना पाठक को सौंपी थी, इसी दौरान दोनों की दोस्ती एक अन्य हाथी मालिक ताड़केश्वर नाथ से हो गई थी।

नरेंद्र शुक्ला ने पुलिस को बताया कि वे 11 अगस्त को पलामू के मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के जोरकट इलाके में पहुंचे थे। उस वक्त हथिनी और महावत वहीं मौजूद थे, लेकिन जब वे 13 अगस्त को दोबारा जोरकट पहुंचे तो वहां पर न ही हथिनी थी और न ही महावत। हथिनी की गायब होने पर उन्होंने कई जगहों पर खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। थक हार कर सदर थाना में हथिनी की खोज के लिए आवेदन दिया है।

### सेवा भारती की पत्रिका 'सेवा सुरभि' के विशेषांक 'वैश्विक चेतना एवं युवा शक्ति' का हुआ लोकार्पण

## हुनर व ईमानदारी से भारत के युवा बने विश्व की ताकत : संजय सेठ

● **एचपी नारायण ने कहा- एक-दूसरे का मदद करना ही है जीवन का मंत्र**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को सेवा भारती, झारखंड के सेवा जागरण पत्रिका 'सेवा सुरभि' के 26वें विशेषांक 'वैश्विक चेतना एवं युवा शक्ति' का लोकार्पण रांची के डोरंडा स्थित जैप के शौर्य सभागार में किया। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि 'सेवा सुरभि' पत्रिका का फ्रंट पेज ही सारी व्याख्या कर दे रहा है। इसमें चार ऐसे युवाओं का फोटो है, जो भारत के नेशनल हीरो हैं।

संजय सेठ ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह से कोई भी अपिरिचित नहीं है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का आज सारी दुनिया लोहा मान रही है। हमारे युवा दुनिया में किसी से कम नहीं हैं। दो लेडी अफसरों ने छोटी-सी बोट में दुनिया के समुद्र का 43,000 किमी चक्कर आठ महीने में लगाया। भारत की ताकत 66 करोड़ युवा हैं जो देश में ही नहीं, विदेशों में भी अपना और देश का परचम लहरा रहे हैं। अपने हुनर, कमिटमेंट, ईमानदारी के बल भारत के युवा विश्व की ताकत बन गए हैं। जिन्होंने कभी प्लेन नहीं देखा, बर्फ के पहाड़ नहीं देखे, एनसीसी के उन बच्चों ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर भारत का झंडा लहराया है। पर्वतारोहण के क्रम में एनसीसी के बच्चों ने अपनी जान जोखिम में डालकर एक चाइनीज पर्वतारोही को बचाया है। यह है भारत का संस्कार। चेन्नई में 26 वर्षीय युवा दंपति ने 74 एकड़ में चार इंच से लेकर बड़े-बड़े ड्रोन बना रहे हैं। सेवा भारती की यह पत्रिका युवाओं को आगे बढ़ने में प्रेरणा देगी।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हटिया विधानसभा के विधायक एवं भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कहा कि दूसरों के लिए जीना ही जीवन है।

कार्यक्रम में अपना आशीर्वचन देते हुए सेवा भारती के संरक्षक के डॉ एचपी नारायण ने कहा कि दीघार्यु होने का एक ही मंत्र है - एक दूसरे का सहयोग करना। अपने उत्तम स्वास्थ्य के लिए हमें सदैव दूसरों की सहायता करनी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं पूर्व अपर मुख्य सचिव एनएन पांडेय ने कहा कि सेवा भारती का कार्य सराहनीय है। भारत के इतिहास में आज का वर्तमान काल स्वर्णिम काल है। सेवा, त्याग और एक-दूसरे की मदद करने की भावना का विस्तार हो रहा है। आज आम जनमानस में सेवा की चेतना जागृत हो रही है। इस कार्य में सेवा भारती की अहम भूमिका निभा रही है।

प्रांतीय सचिव ऋषि पांडेय ने सेवा भारती का कार्यवृत्त रखते हुए कहा कि सेवा भारती संस्था अपने विभिन्न सेवा कार्यों द्वारा सेवा बस्ती व सुदूर ग्रामों में समाजिक नवजागृति ला रही है। वर्तमान में सेवा भारती के 1741 कार्य चल रहे हैं। आगामी संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इसे ढाई हजार करने का लक्ष्य रखा गया है।

शेष पेज 11 पर

### एक नजर

#### प्रो प्रजापति ने ग्रहण किया आयुर्वेद संस्थान के निदेशक का पदभार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रो प्रदीप कुमार प्रजापति ने शनिवार को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली के निदेशक के रूप में अपने कार्यभार का औपचारिक रूप से ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद प्रो प्रजापति ने कहा, आयुर्वेद की सेवा करने का यह महत्वपूर्ण अवसर मेरे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। सरकार ने आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने का जो बीड़ा उठाया है, उसमें आप सभी के सहयोग से अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान को वैश्विक पहचान दिलाने की यात्रा में हमें निश्चित ही सफलता प्राप्त होगी।

#### 40 लाख की इनामी माओवादी सुजाता ने किया आत्मसमर्पण

**जगदलपुर।** छग के बस्तर रेंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन की केंद्रीय समिति की सदस्य सुजाता उर्फ कल्पना ने तेलंगाना में आत्मसमर्पण किया है। सुजाता दंडकारण्य विशेष जोनल समिति के दक्षिण उप-जोनल ब्यूरो की प्रभारी थी, और उसके ऊपर सुरक्षाबलों ने 40 लाख रुपए का इनाम रखा था।

### स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स शासी परिषद की बैठक में लिया भाग

## एमआरआई मशीन की खरीद को त्वरित गति दी जाए : डॉ इरफान

**बोले स्वास्थ्य मंत्री**


- ट्रॉमा सेंटर में खराब पड़े वेंटीलेटरों की शीघ्र मरम्मत हो या बदला जाए
- प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई होगी

**नवीन मेल डेस्क**

**सीएम सोरेन के नेतृत्व में रिम्स को नई दिशा, जल्द बड़ा बदलाव दिखेगा**

**रिम्स को देश के बेहतरीन संस्थानों की श्रेणी में लाना चाहती है सरकार**





**रांची।** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल राजधानी रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में शनिवार को रिम्स शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि हम रिम्स को देश के बेहतरीन संस्थानों की श्रेणी में लाना चाहते हैं। यह तभी संभव है, जब सभी जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता से अपनी भूमिका निभाएं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, हर स्तर पर बदलाव लाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। रिम्स की व्यवस्था को बदलने के लिए मैं पूरी तरह गंभीर हूं। इस दिशा में मेरी लगातार मुख्यमंत्री जी से वार्ता होती रहती है और उनका मार्गदर्शन मुझे निरंतर मिल रहा है। बहुत जल्द रिम्स में एक बड़ा और व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। थोड़ा समय जरूर लग सकता है, लेकिन बदलाव की बयार अब लोगों को दिखने लगी है। आने वाले समय में और भी ठोस कदम उठाए जाएंगे, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज और आधुनिक सुविधाएं मिल सकें। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बैठक में कहा कि सरकारी ड्यूटी के दौरान बाहर प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एमआरआई मशीन की खरीद प्रक्रिया को त्वरित गति देने का आदेश निदेशक को दिया गया है। ट्रॉमा सेंटर में खराब पड़े वेंटीलेटरों को शीघ्र बदलने एवं मरम्मत करने, बिल्डिंग की मरम्मत और साफ-सफाई को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया गया है।

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि रिम्स निदेशक को कई मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

**बैठक में इन मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श**

- क्रय में देरी और उससे उत्पन्न समस्याएं।
- ट्रॉमा सेंटर की सुविधाएं व खामियां।
- रखरखाव व्यवस्था और खराब वेंटीलेटरों की स्थिति।
- आवश्यक मशीनों की खरीद और उपयोग।
- इलाज की वर्तमान स्थिति और सुधार की रूपरेखा।

शेष पेज 11 पर


## राज्य में 18 सितंबर तक भारी बारिश की संभावना

● **कुछ जगहों पर वज्रपात की भी आशंका, येलो अलर्ट जारी**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मौसम विभाग ने झारखंड के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अलर्ट 13 सितंबर से लेकर 18 सितंबर 2025 के लिए जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि 18 सितंबर की सुबह 8:30 बजे तक राज्य में कहीं-कहीं गरज और आंधी-तूफान के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। कुछ जगहों पर वज्रपात की भी आशंका है।

मौसम विभाग ने 15 सितंबर के लिए अलग से येलो अलर्ट जारी किया है। इसमें उन जिलों को चिह्नित किया है, जहां वर्षा और वज्रपात होने की संभावना है। सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले में कुछ जगहों पर गर्जन के साथ वर्षा होने की संभावना है। वज्रपात होने की भी आशंका है। 16 सितंबर 2025 को हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले में कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है। 17 सितंबर को चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ जिले में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। कुछ जगहों पर तेज आंधी भी चल सकती है। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। कुछ जगहों पर वज्रपात की भी आशंका है।



**राज्य में अब तक 1077.9 मिमी हुई वर्षा**

झारखंड में अब तक 1077.9 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो सामान्य से 19 फीसदी अधिक है। 01 जून से 13 सितंबर 2025 तक मानसून के दौरान झारखंड में 906.9 मिलीमीटर वर्षा को सामान्य वर्षा माना जाता है। इस वर्ष इससे अधिक बारिश हुई है। पाकुड़ समेत कुछ जिलों को छोड़कर अन्य जिलों में अब तक सामान्य वर्षा हुई है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

## खुदरा मुद्रास्फीति 3.1 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान

● **भारतीय अर्थव्यवस्था में अवस्फीति के दौर देखने को मिल सकते हैं : बीओबी रिपोर्ट**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

एक अद्यतन रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य पदार्थों की गिरती कीमतों और हाल ही में जीएसटी दरों में की गई कटौती के प्रभाव के कारण वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति 3.1 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान है। बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) की रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले दिनों में भारतीय अर्थव्यवस्था में अवस्फीति के दौर देखने को मिल सकते हैं, क्योंकि कम अप्रत्यक्ष कर दरों के माध्यम से सरकारी सहायता का लाभ ग्राहकों तक पहुंचने की उम्मीद है। सीपीआई मुद्रास्फीति अगस्त में बढ़कर 2.07 प्रतिशत हो गई, जो जुलाई में 1.61 प्रतिशत थी। खाद्य पदार्थों की कीमतों में लगातार तीसरे महीने गिरावट जारी रही, जो सालाना आधार पर 0.7 प्रतिशत कम रही, जिसका मुख्य कारण सब्जियों, दालों और मसालों की कम कीमत है। बेहतर बुवाई और चावल तथा दालों की बेहतर आवक के साथ-साथ अनुकूल आपूर्ति गतिशीलता के कारण खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी बनी रहने की उम्मीद है।

## न्यू मधुबन वाशरी का 100 फीट ऊंचा साइलो प्लांट धराशाई

● **एक श्रमिक फंस गया था कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया सुरक्षित**

**नवीन मेल डेस्क**



**ठेकेदार कंपनी की लापरवाही है हादसे की जिम्मेदार : शत्रुघ्न महतो**

न्यू मधुबन वाशरी वाशरी चेन्नई की राधा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को आउटसोर्सिंग के तहत दी गई है, जो इसके संचालन और रखरखाव का भी काम देखती है। बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने इस हादसे के लिए ठेकेदार कंपनी की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले बनी इस वाशरी में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। विधायक ने ठेकेदार कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**धनबाद।** धनबाद जिले के बीसीसीएल ब्लॉक 2 क्षेत्र के न्यू मधुबन वाशरी का लगभग 100 फीट ऊंचा साइलो प्लांट (टावर) शुक्रवार की देर रात अचानक तेज आवाज के साथ गिर गया। टावर के नीचे मौजूद श्रमिकों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इस हादसे में धर्मेंद्र ठाकुर नाम का एक कर्मी साइलो प्लांट में फंस गया था। 12 घंटे से अधिक समय तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद कर्मी धर्मेंद्र ठाकुर को सुरक्षित बचा लिया गया।

प्लांट में वेल्डर का काम करने वाले हरेंद्र महतो ने रेस्क्यू टीम की मदद से रस्सी के सहारे किराना के रास्ते ऊंचे टावर में प्रवेश किया। इसके बाद धर्मेंद्र ठाकुर बचाया गया। धर्मेंद्र ठाकुर को स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है। विधायक शत्रुघ्नमहतो ने बीसीसीएल सीएमडी की ओर से बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्रमिक हरेंद्र महतो को नकद पुरस्कार दिया। बीसीसीएल ब्लॉक 2 क्षेत्र के जीएम कुमार राजीव के अनुसार, साइलो हादसे में एक श्रमिक अंदर फंस गया था। उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। घटना के बाद एक उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई थी। साथ ही, मौके पर पहुंचकर स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि घटना की उच्चस्तरीय जांच होगी। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वाशरी डिवीजन के जीएम सोहेल इकबाल के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही बचाव अभियान शुरू कर दिया गया था।

शेष पेज 11 पर

### इंडिया


## सोशल मीडिया से जेन जेड व वैश्विक भस्मासुर पैदा हो रहे हैं



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

जेन जेड का आंदोलन आग बनकर नेपाल को जला रहा था और सोशल मीडिया पर अनेक विघ्नसंतोषी इसे भारत का भविष्य बता खुश हो रहे थे,अब उसी तरह फ्रांस की राजधानी पेरिस में इमारतें जलाई गईं। काठमांडू से पेरिस की दूरी करीब 7 हजार किलोमीटर है विमान से करीब 12 से 14 घंटे लगते हैं पर लेकिन जेन जेड आंदोलन की आग इससे भी कम समय में सोशल मीडिया से नेपाल से फ्रांस पहुंच गई। इस आंदोलन को वहां के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के तख्तापलट का काउंटडाउन बताया जा रहा है। फ्रांस का ये आंदोलन नेपाल जैसा इसलिए लग रहा है क्योंकि प्रदर्शनकारियों की भीड़ की उम्र 13 वर्ष से 28 से 30 वर्ष तक की थी और फ्रांस में भी ज्यादातर लोग भी इसी उम्र के थे। लाखों लोगों की भीड़ बड़ी बड़ी इमारतों और गाड़ियों को दोनों जगह जला रही थी। हालांकि नेपाल की तरह संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, सुप्रीम कोर्ट और सचिवालय जैसे महत्वपूर्ण भवनों में आग लगाने जैसा फ्रांस में पहले दिन नहीं हुआ जो आगे हो सकता था । नेपाल में तख्तापलट से ठीक पहले जब युवा प्रदर्शनकारी सड़क पर उतरे थे तो पुलिस के साथ झड़प हुई थी। फ्रांस में भी प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ते नजर आए थे। 8 सितंबर को नेपाल सरकार ने भी पुलिस के जरिए आंदोलन को दबाने और भीड़ को डराने की कोशिश की थी। कुछ ऐसा ही कदम फ्रांस सरकार ने भी उठाया था। पेरिस में सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए हर संभव कोशिश की। एक लाख से ज्यादा लोग फ्रांस की सड़कों पर उतर आए थे और इन्हें काबू करने के लिए सरकार ने 80 हजार पुलिसकर्मियों को उतारा। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 20 माह में ही एक के बाद एक पांच प्रधानमंत्री नियुक्त कर चुके हैं, लेकिन सड़कों पर विरोध और गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा।

आंदोलन में वामपंथी और अतिवामपंथी तो शामिल थे ही, लेकिन इसमें अन्य लोग भी शामिल हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों की मांगों में अमीरों पर टैक्स बढ़ाना प्रमुख है। भारत में जिस तरह सोशल मीडिया पर नफरती, झूठे और फर्जी वीडियो डालकर अनपढ़ से लेकर अपरिपक्व युवाओं को देश की तरक्की को नकारने से लेकर धार्मिक,भाषायी और स्थानीय संवेदनशील मुद्दों पर भड़काया जाता है । लाखों लोग ऐसे वीडियो,ऑडियो और बहुत ही शातिराना ढंग से बनाई गई अन्य दुष्प्रचार सामग्री को बार-बार देखकर या तो सच मानने लगते हैं या उनके मन में आक्रोश भर जाता है । ये भड़काऊ सामग्री बनाने वालों के 'आइटी सेल' में प्रशिक्षित आइटी एक्सपर्ट होते हैं जो बेरोजगार और पैसे के पीछे भागने वाले युवाओं को लालच देकर विभिन्न पार्टियों से लेकर देशों तक के लिए काम कराते हैं । इनका काम भाड़े के सैनिकों की तरह होता है जिस कारण इन्हें साइबर सैनिक भी कहा जाता है जो हर महीने या साल क्लाइंट बदलते रहते हैं जो पार्टी उन्हें पैसा देती है उसी के लिए काम करते हैं इन्हें किसी भी जाति,धर्म या देश से नहीं बस पैसे से मतलब होता है। ये पढ़े लिखे मानव बम की तरह होते हैं जो सिर्फ पैसे कमाने के लिए भोले-भाले लोगों की भावनाओं से खेलते हैं और इनकी फैलाई अश्लीलता और नफ़रत के जहर से घर,समाज और देश तक जल रहे हैं । समय की मांग है कि भारत ही नहीं विश्व इन्हें रोकने के लिए कड़े कानून बनाए जैसे ड्रग्स और आतंकवाद के लिए बना हुआ है। सभी राजनीतिक पार्टियों को भी समझना चाहिए कि नफ़रत,अश्लीलता या आतंक का जहर फैलाकर हासिल किया हुआ राजपाट भस्मासुर बनाने जैसा है जिसका उदाहरण अफगानिस्तान था अभी श्रीलंका. पाकिस्तान, बांग्लादेश,नेपाल और फ्रांस है। चिंताजनक है कि झारखंड में भी ये सक्रिय हैं।



एआई जेनरेटेड

### अच्छी पहल

## इंडिगो 17 से रांची से पूर्णिया के लिए शुरू करेगा विमान सेवा




**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** रांची और पूर्णिया के निवासियों के लिए एक खुशखबरी है। इंडिगो एयरलाइंस आगामी बुधवार (17 सितंबर) से रांची से पूर्णिया के लिए विमान सेवा शुरू करेगी। यह विमान रांची से पूर्णिया वाया कोलकाता होकर जाएगा। इससे झारखंड और उत्तर बिहार के बीच यात्रा तेज और आरामदायक हो जाएगी। जानकारी के अनुसार, इंडिगो की रांची-पूर्णिया विमान सेवा फिलहाल प्रायोगिक तौर पर संचालित होगी।

शेष पेज 11 पर

# जेपीएससी अभ्यर्थियों के लिए हो 'प्रतिभा सेतु' का निर्माण : आजसू

● आजसू महासचिव संजय मेहता ने सीएम को लिखा पत्र

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आजसू के महासचिव संजय मेहता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने 'प्रतिभा सेतु' का निर्माण करने का सुझाव दिया है। पत्र में उन्होंने लिखा है की आपका ध्यान एक अति महत्वपूर्व विषय की ओर केंद्रित करवाना चाहता हूं। यह विषय जेपीएससी की परीक्षाओं से संबंधित है। साथ ही, आपसे आग्रह के साथ एक सुझाव देना चाहता हूं। उन्होंने इस महत्वपूर्ण सुझाव पर तत्काल पहल करने का अनुरोध किया है। पत्र में उन्होंने सुझाव देते हुए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा शुरू की गई 'प्रतिभा सेतु' का उल्लेख किया है। यूपीएससी ने अपनी 'प्रतिभा सेतु' पहल को वर्ष 2018 में शुरू किया है, जिसे पहले पब्लिक डिस्क्लोजर स्कीम (पीडीएस) के नाम से जाना जाता था।

यह एक डिजिटल मंच है जो उन अभ्यर्थियों की प्रोफाइल को सार्वजनिक करता है, जो यूपीएससी की कठिनतम परीक्षाओं के सभी चरणों में सफल रहे। परंतु, अंतिम मेरिट सूची में स्थान नहीं बना पाए। इस पहल के तहत इच्छुक अभ्यर्थी अपनी सहमति से अपनी जानकारी को सार्वजनिक करने की अनुमति देते हैं।

यूपीएससी इस डाटाबेस को केंद्रीय मंत्रालयों, सरकारी निकायों और पंजीकृत निजी कंपनियों को लॉगिन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से उपलब्ध कराता है। इसके बाद वे इन प्रतिभाशाली उम्मीदवारों तक पहुंच बनाकर उन्हें अवसर प्रदान करते हैं। इसी तर्ज पर संजय मेहता ने 'जेपीएससी प्रतिभा सेतु' निर्माण करने का अनुरोध मुख्यमंत्री से किया है। यह पहल उन मेधावी अभ्यर्थियों को समर्पित होगी जो जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा या अन्य परीक्षा के सभी चरणों तक पहुंचे हों। प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार तक पहुंचने में अभ्यर्थी काफी मेहनत करते हैं। कई अभ्यर्थी सिर्फ कुछ अंकों से अंतिम मेरिट सूची में स्थान नहीं बना पाते हैं। कुछ अंकों से चयन नहीं होने पर अभ्यर्थी काफी मानसिक दबाव में होते हैं। उनके पास पुनः तैयारी का विकल्प तो है, लेकिन ऐसे अभ्यर्थियों के लिए एक वैकल्पिक रास्ता हमें उपलब्ध कराना चाहिए। इसी संदर्भ में उन्होंने लिखा है कि इन प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को राज्य सरकार के अन्य प्रशासनिक या गैर-प्रशासनिक पदों, निजी क्षेत्र की कंपनियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में नियुक्ति का अवसर देकर हम उनकी क्षमता का उपयोग झारखंड के प्रशासनिक और विकास कार्यों में कर सकते हैं।



### वैकल्पिक अवसर प्रदान करना है 'प्रतिभा सेतु' योजना का उद्देश्य

यूपीएससी द्वारा शुरू की गई 'प्रतिभा सेतु' योजना का उद्देश्य उन प्रतिभावान उम्मीदवारों को वैकल्पिक अवसर प्रदान करना है, जिन्होंने अपनी योग्यता सिद्ध की है। लेकिन, कुछ नंबरों से अंतिम चयन से चूक गए। यह पहल न केवल अभ्यर्थियों को नई संभावनाएं देता है, बल्कि देश के सरकारी और निजी संस्थानों को प्रशिक्षित और कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराता है।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रांची में कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन

# 3,000 सोलर लाइट का होगा शुभारंभ : संजय सेठ

● फैमिली प्रोटेक्शन लॉगबुक नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा

● 25,000 जूट बैग का वितरण पूरे लोस क्षेत्र में किया जाएगा

● रांची के जवाहर नगर में नमो पार्क का भी होगा शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची स्थित अपने केंद्रीय कार्यालय में शनिवार को पत्रकारों के साथ संवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर रांची में आयोजित सेवा पखवारा के विस्तृत कार्यक्रमों की जानकारी दी।

संजय सेठ ने बताया कि रांची में प्रधानमंत्री का जन्मदिन 17 सितंबर को ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा, जो 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान अलग-अलग दिन, अलग-अलग कार्यक्रम होंगे।

उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को हवन अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस मौके पर 75 स्वच्छता दूतों, 75 पैरामेडिकल स्टाफ, 75 नर्स, 75 किसान, 75 साहित्यकार, 75 सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, 75 वोकल फॉर लोकल दूत, 75 खिलाड़ी, 75 भूतपूर्व सैनिक, 75 कलाकार, 75 शिक्षक सहित समाज की सेवा कर रहे ऐसे अलग-अलग क्षेत्र के 75 लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

इसी दिन काजू बागान स्थित सांसद संजय सेठ के आवास परिसर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। इसमें सैकड़ों की संख्या में युवा रक्तदान करेंगे। इसी दिन स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा, जिसमें हजारों नागरिकों और ग्रामीणों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। उन्हें आवश्यक सुझाव भी दिए जाएंगे।

संजय सेठ प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रांची लोकसभा क्षेत्र में 3,000 सोलर लाइट का शुभारंभ करेंगे। प्लास्टिक मुक्त भारत की ओर एक कदम के तहत 25,000 जूट बैग का वितरण पूरे लोकसभा क्षेत्र में किया जाएगा। रांची लोकसभा क्षेत्र के हर परिवार को फैमिली प्रोटेक्शन लॉगबुक भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसका शुभारंभ भी पीएम के जन्मदिन पर ही होगा। 'करो योग रहो निरोग' के लक्ष्य के साथ योग मैट का भी वितरण लोकसभा क्षेत्र में किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रांची के जवाहर नगर में नमो पार्क का भी शुभारंभ किया जाएगा।

इस पत्रकार वार्ता में रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू और रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




### साइक्लोथॉन के साथ 21 सितंबर को होगा सांसद खेल महोत्सव का आगाज

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया 'फिट युवा फॉर विकसित भारत' के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से रांची में सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य आगाज होने जा रहा है। इस महोत्सव का शुभारंभ 21 सितंबर 2025 को साइक्लोथॉन के साथ होगा। रांची के हजारों लोग विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाओ के संकल्प के साथ साइकिल यात्रा करेंगे। इस साइक्लोथॉन में केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों की राज्य मंत्री रक्षा खडसे, विश्व स्तर पर साइकिल चैंपियनशिप में भाग लेकर कई मेडल जीतने वाली कमांडर गौरी मिश्रा सहित कई गण्यमान्य लोग भाग लेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### 11वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, इंडिया रीज़न कॉन्फ्रेन्स में रबींद्रनाथ महतो ने लिया भाग



**रांची।** रबीद्रनाथ महतो 11वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, इंडिया रीज़न कॉन्फ्रेन्स में भाग लेने हेतु बेंगलुरू में हैं। उन्होंने सम्मेलन में विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चा की तथा जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किए। 11-13 सितंबर तक आयोजित 11 वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ,इंडिया रीज़न कॉन्फ्रेन्स,राष्ट्रमंडल संसदीय संघ कर्नाटक शाखा द्वारा बेंगलुरु में आयोजित हुआ।


रांची प्रेस क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

### पत्रकार खेलते भी हैं और खेलाते भी हैं : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर




**रांची।** आज यहां आकर पता चला कि पत्रकार खेलते भी हैं और खेलाते भी हैं। यह कहना था राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का। वे आज शनिवार को रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट-25 का उदघाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। ज्ञात हो कि सीसीएल के सहयोग से रांची प्रेस क्लब द्वारा गांधी नगर स्टेडियम में मीडिया कप फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन आज से किया गया है। टूर्नामेंट के पहले दिन आज शनिवार को दो लीग मैच खेले गये। पहला मैच ग्रुप ए की टीम राजमहल और झुमरा के बीच हुआ, जो एक-एक गोल की बराबरी से ड्रॉ रहा, जबकि दूसरा मैच बेतला और सरजू टीम के बीच हुई, जिसमें बेतला ने सरजू को एक जीरो से हराया। पहले मैच में मैन ऑफ मैच का अवार्ड रंजीत कुमार को मिला, जबकि दूसरे मैच में बेतला के खिलाड़ी नूतन तिर्की को मैन ऑफ द मैच बनाया गया। मुख्य अतिथि झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने खिलाड़ियों का हौसला बुलंद किया। उन्होंने बॉल को किक मारकर मैच का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि कलम के सिपाही, मैदान में भी अपना कौशलता दिखाने में पीछे नहीं रहते हैं। आज पत्रकार बंधुओं का मैच देख कर काफी मजा आ रहा है। उदघाटन समारोह में पूर्व डिप्टी मेयर व झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन अजय नाथ शाहदेव भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि खेल के प्रति पत्रकारों का जोश वाकई काबिल के तारिफ है। न उम्र की सीमा और न कोई बंधन। उन्मुक्त होकर सभी पत्रकार बंधुओं का खेलना देखकर अच्छा लग रहा है। सही मायने में ऐसा लगा कि ये सिर्फ कलम के सिपाही नहीं, वरन हर क्षेत्र में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराते हैं। उन्होंने प्रेस क्लब के आयोजन समिति की जमकर प्रशंसा की और कहा कि इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर आलोक, डॉ. राजश्री जयंती, वरिष्ठ संपादक अनुज सिन्हा, नित्यानंद शुक्ला, कुमार कौशलेंद्र, विनय कुमार, आनंद मोहन, शफीक अंसारी, साई के कोच सुनील कुमार, वरिष्ठ खेल पत्रकार प्रभाष चंद्र झा, वरिष्ठ पत्रकार दिवाकर, अडानी ग्रुप के कम्युनिकेशन हेड संजीव शेखर, प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सचिव अमरकान्त, आयोजन समिति के कन्वेनर रतन लाल, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, राजू प्रसाद, आलोक कुमार, आरजे अरविंद, संजय सुमन, सौरभ शुक्ला, विजय मिश्र, मोनू कुमार, ललन पांडेय, जावेद, संतोष मृदुला प्रमुख रुप से मौजूद थे।

### आजसू ने रांची विवि के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक का किया घेराव



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया। अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा के नेतृत्व में कुछ कॉलेजों में सेमेस्टर-4 के रिजल्ट में अनियमितता को लेकर घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। ओम वर्मा ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले रामलखन सिंह यादव कॉलेज, संत पॉल कॉलेज, संजय गांधी कॉलेज एवं अन्य कॉलेजों के सेमेस्टर-4 के रिजल्ट में भारी अनियमितता बरती गई है। लगभग 60 प्रतिशत विद्यार्थी फेल हैं। छात्र-छात्राएं अपने मूल्यांकन से संतुष्ट नहीं हैं। इस विषय को लेकर आजसू के नेतृत्व में घेराव का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि परीक्षा नियंत्रक एवं कुलसचिव से इस मुद्दे पर बात हुई। उन्होंने आश्वासन दिया कि छात्रों की बात सुनी जाएगी। इस पूरे विषय को विश्विद्यालय परीक्षा बोर्ड की बैठक में रखा जाएगा और छात्र हित में समाधान किया जाएगा।

### हम सब मिलकर माता-रानी के आगमन की खुशियों को बाटे : साधना



**रांची।** स्टोरी लाइन इंडिया और आर्टिस्टिक एलायंस के द्वारा दो सो से अधिक लोगों के साथ कई गणमान्य अतिथि के बीच रांची के सीसीएल क्लब, गांधीनगर में , नवरात्रि के आगमन से पहले ही माता दुर्गा के स्वागत में ,डांडिया प्रोग्राम का आयोजन बारे धूम धाम से किया। जहां संयोजक साधना झा और सपना चटर्जी ने बताया कि चीफ गेस्ट के रूप में सोनाली भट्टाचार्य, वीवीआईपी गेस्ट के रूप में वसीम आलम व मेघा श्रीवास्तव साथ में वीआईपी गेस्ट में मुख्यरूप से बंदना उपाध्याय, सबीर हुसैन, रिद्धिमा, अव्यंश, अवधेश ठाकुर , डॉ अटल पांडे, आशुतोष द्विवेद्वी, डेजी सिन्हा, नर्मता सोनी,मारिया ,ज्योति, दुर्गा ,सोनल, नूरसत, रीना गुप्ता,नविता लाल, शिव किशोर शर्मा, प्रेमशंकर मिश्रा, रमेश प्रसाद व अन्य मौजूद थे। 13 सितंबर को डांडिया प्रोग्राम का आयोजन में जिस तरह से सभी वर्ग के महिला पुरुष, बच्चे ने हिस्सा ले कर धूम धाम से शिरकत किया , निश्चय ही माता-रानी का आगमन की उल्हास दिख गया। दुर्गा पूजा की धूम अभी से ही महिलाओं , पुरुषों के बीच डांडिया डांस के रूप में देख कर , लगा कि उत्साह दोगुना हो जाता है। अन्य भी कई तरह के भाव को संजोते हुए राजधानी रांची में इस बार एक खास आयोजन हुआ है। स्टोरी लाइन इंडिया और आर्टिस्टिक एलायंस के संयुक्त तत्वावधान मे डांडिया डांस का आयोजन किया गया।

# झामुमो केंद्रीय कार्यालय में रांची जिला संयोजक मंडली की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झामुमो केंद्रीय कार्यालय में रांची जिला संयोजक मंडली की बैठक पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।

बैठक मे सांगठनिक समीक्षा करते हुए पार्टी के सुदृढ़ीकरण हेतु विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही रांची जिला के जिन प्रखंडों एवं पंचायतों का गठन नहीं हुआ है, दुर्गा पूजा से पहले उनका गठन करते हुए विवरणी पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष को सौंपने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस बैठक मे रांची जिला संयोजक मंडली प्रमुख मुस्ताक आलम, केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, जिला संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, जयवंत तिग्गा, बीरू तिर्की, धर्मेंद्र सिंह, नयनतारा उरांव, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा एवं झब्बूलाल महतो शामिल हुए।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस समारोह का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने हिंदी भाषा की महत्ता और गरिमा पर प्रकाश डालते हुए विविध प्रस्तुतियाँ दीं। वैश्विक दुनिया में हिंदी का वर्चस्व, हिंदी भाषा का उद्‌गम और विकास, महाभारत के अर्जुन-कर्ण संवाद के जरिए हिंदी भाषा की गहराई और महत्ता को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया गया। साथ ही हिंदी हमसे कह रही है शीर्षक से हिंदी की पीड़ा और उपेक्षा की स्थिति को भावपूर्ण अंदाज में प्रस्तुत कर श्रोताओं को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने हिंदी के प्रसिद्ध मुहावरों को अत्यंत रोचक शैली में प्रस्तुत कर समारोह को जीवंत बना दिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने हिंदी दिवस की शुभकामनाओं के साथ कविताएं, नारे और विचार प्रस्तुत करते हुए वीडियो बनाए, जिनसे



हिंदी के प्रति उनका सम्मान और प्रेम झलकता है। इस अवसर ने समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को और भी प्रबल किया।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के साधन के रूप में हिंदी के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के महत्व पर बल दिया।

# 'सेवा ही संगठन' हमें जनसेवा के पथ पर बढ़ने की प्रेरणा देता है : किशुन दास

● सेवा पखवारा को ऐतिहासिक सफलता दिलाने के लिए बनी ठोस रणनीति

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक किशुन कुमार दास के नेतृत्व में शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय सभागार, रांची में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवारा 2025 की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सेवा, जागरूकता और समाजोपयोगी गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक सुदृढ़ कार्ययोजना बनाई गई।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में किशुन कुमार दास ने कहा कि सेवा पखवारा मात्र एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान तक संगठन की सेवा भावना को पहुंचाने का संकल्प है। भाजपा का मूल मंत्र 'सेवा ही संगठन' हमें निरंतर समाजहित और जनसेवा के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।



बैठक में यह भी तय हुआ कि 02 अक्टूबर के उपरांत संगठन की गतिविधियों को और अधिक परिणाममुखी बनाते हुए समाज के कमजोर वर्गों, वंचितों और जरूरतमंदों तक सेवा पहुंचाने की दिशा में विशेष पहल की जाएगी। सेवा पखवाड़ा के दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा अनुसूचित जाति निवास क्षेत्र में सेवा पखवारा आयोजित कर, जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, पौधरोपण तथा समाजोपयोगी गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया जाएगा।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में हुआ श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन

● 170वें भंडारे में 2500 से ज्यादा भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 170वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया। 2500 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद प्राप्त किया।

श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, अमित एवं मनीषा अग्रवाल, और नवीन अग्रवाल ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में दाल बाटी, चूरमा चौखा का प्रसाद वितरित किया गया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद मंदिर परिसर में निर्वतमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी के दिशा निर्देश में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था। श्री श्याम भंडारे में अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, अशोक लड़ियां, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य अजय मारू, मंत्री विष्णु चौधरी, श्यामसुंदर शर्मा, राहुल मारू, संकेत चौधरी, मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया।

# पुलिस प्रशासन को बंधक बनाकर सत्ता का खेल खेल रही सरकार : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता



● नेता प्रतिपक्ष ने कहा, राज्य सरकार ने पूरी व्यवस्था को पंगु बना दिया है

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी मामले में राज्य सरकार को फिर आड़े हाथों लिया। मरांडी ने शनिवार को कहा कि हेमंत सरकार द्वारा झारखंड की पुलिस व्यवस्था और प्रशासन को बंधक बनाकर सत्ता का खेल खेला जा रहा है। इसका दुष्परिणाम यह है कि 17 सीनियर डीएसपी के प्रमोशन की प्रक्रिया महीनों से ठप पड़ी है। पुलिसकर्मी अपने हक से वंचित हैं, क्योंकि सरकार ने एक अवैध नियुक्ति को जबरदस्ती थोप रखा है। उन्होंने कहा कि संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाकर सिर्फ और सिर्फ अपने भ्रष्टाचार को बचाने के लिए राज्य सरकार ने पूरी व्यवस्था को पंगु बना दिया है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यूपीएससी ने अनुराग गुप्ता को प्रोन्नति बैठक में शामिल करने से इनकार कर दिया और इस कारण बैठक तक रद्द कर दी गई। उन्होंने कहा कि फिर भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लोकतंत्र का गला घोटने पर उतर आए हैं। राज्य सरकार ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी बनाकर बैठा रखा है, जिन्हें न तो यूपीएससी मान्यता देता है, न ही भारत सरकार। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वे अपनी सेवा अवधि पूरी कर चुके हैं, सेवानिवृत्ति की उम्र पार कर चुके हैं और एजी द्वारा निर्गत सशर्त पे स्लिप पर वेतन पा रहे हैं, जो न्यायलय के अंतिम फैसले से प्रभावित होगा।

उन्होंने कहा कि फिर भी सत्ता की कुर्सी बचाने और अपने गुनाहों को ढकने के लिए हेमंत सोरेन सरकार ने उन्हें डीजीपी की कुर्सी थमा दी है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि केवल पुलिस ही नहीं, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भी इन्हीं के कहने पर रातों-रात हेमंत सोरेन के सभी काले कारनामों का कच्चा चिट्ठा गायब करने को तत्पर है, जिसका उदाहरण हाल ही में हुई घटना है। मरांडी ने कहा कि जब यूपीएससी और गृह मंत्रालय ही अनुराग गुप्ता को डीजीपी मानने से इंकार कर रहे हैं, तो झारखंड सरकार किस आधार पर उन्हें इस पद पर बनाए हुए है? मुख्यमंत्री को पता है कि उन्होंने नाजायज एवं गैर कानूनी तरीके से एक रिटायर्ड व्यक्ति को जबरन डीजीपी की कुर्सी पर बिठा रखा है, इसलिए वे बिना डीजीपी के ही बैठक करने के लिए यूपीएससी से अनुरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस प्रमोशन जैसी नियमित प्रक्रिया ही रुक जाए, तो क्या इसका सीधा असर पूरे राज्य की कानून-व्यवस्था और पुलिस मनोबल पर नहीं पड़ेगा?

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि असलियत यही है कि हेमंत सरकार ने पूरे सिस्टम को अपने भ्रष्ट नेटवर्क और माफिया की सेवा में झोंक दिया है। डीजीपी की कुर्सी भी अब उनके लिए एक 'सुरक्षा कवच' बन गई है, ताकि उनके काले कारनामे बाहर न आ सकें और वे जेल से दूर रह सकें। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जी को समझना होगा कि डीजीपी संवैधानिक पद है, मुख्यमंत्री के हाथ का झुनझुना नहीं है कि जिसे जब मन चाहा थमा दिया। मुख्यमंत्री जी की मनमानी का जवाब जनता के पास भी है और संविधान के पास भी।

### रुक्मणी विवाह, महारास और उद्धव गोपी संवाद से भाव विभोर हुए भक्त

# भक्ति-प्रेम का मिलन बृजवासियों से सीखना चाहिए : मां मीरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन मां चैतन्य मीरा ने रुक्मणी विवाह, महारास और उद्धव गोपी संवाद सुनाया। साथ ही, कृष्ण-रुक्मणी विवाह के उपलक्ष्य में एक जरूरतमंद जोड़े का विवाह भी करवाया गया एवं उसे घर की जरूरत की सामग्री एवं उपहार दिए गए। कथा के प्रारंभ में संस्था के सदस्यों ने आरती की। इसके बाद गुरु मां चैतन्य मीरा ने सभी को ध्यान के माध्यम से कृष्ण से जोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि कुछ क्षण के ध्यान से ही यदि हम शांति महसूस कर सकते हैं और सकारात्मक अनुभूति का अनुभव कर सकते हैं, तो सोचिए नित्य यदि हम योग और ध्यान करें, तो हमारा शरीर मानसिक तनाव अनिद्रा जैसी बीमारियों से दूर होकर एक अलग आनंद और भक्ति का अनुभव प्राप्त कर सकता है।




मां चैतन्य मीरा ने बताया कि कृष्ण की एक बांसुरी की धुन पर समस्त गोपिया दौड़ी चली आई थीं और लंबे समय तक उनके साथ रास रचाती थीं। हर गोपी के दो रूप हो गए थे। एक शरीर जो महारास में होता था और कन्हैया ने एक ऐसा वातावरण बना दिया था की एक और वही गोपी अपने-अपने घरों में अपने दैनिक कार्य करती रहती थीं। जब कृष्ण को मथुरा जाना पड़ा, तो समस्त गोप-गोपी इस प्रकार से हो गए कि उनसे उनका सब कुछ अलग हो रहा है। वे दूर तक कृष्ण के साथ उनके रथ के पीछे-पीछे दौड़ते रहे। भक्ति और प्रेम का अद्भुत मिलन क्या है, यह हमें बृजवासियों से सीखना चाहिए।आज भी जिस प्रकार से यमुना मैया वृंदावन में सभी को दर्शन दे रही हैं, लोग किस प्रकार से उसका आनंद प्राप्त कर रहे हैं, यह प्रेम और भक्ति नहीं तो क्या है। प्रेम की असली परिभाषा ही गोपियां हैं। जब उद्धव गोपियों को समझाने जाते हैं, तो गोपियों का प्रेम भाव देखकर उनकी कृष्ण के प्रति प्रेम में भक्ति को सुनकर वह समझ गए कि उनका ज्ञान इस प्रेम के आगे शून्य है। गुरु मां ने बताया कि जब हम किसी से प्रेम करें, तो हमें ज्ञान नहीं लगना चाहिए। आज परिवार में जो लोग एक नहीं हो रहे हैं, जो आपसी गृह क्लेश चल रहे हैं, उनका एक ही कारण है कि वे प्रेम भूल जाते हैं। ज्ञान का ज्यादा उपयोग कर लेते हैं और यही हमें एक-दूसरे से अलग करता है।

कथा में मुख्य रूप से नीरा बथवाल, रूपा अग्रवाल ,गीता डालमिया, अनसूया नेवटिया, अलका सरावगी, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, रीना सुरेखा, प्रीती पोद्दार ,बीना मोदी, बीना बूबना, प्रीती बंका, प्रीति अग्रवाल, शोभा हेतमसरिया, संगीता गोयल, ममता बूबना, ललिता नारसरिया, सीमा पोद्दार, सरिता अग्रवाल, सीमा टॉटीया, रीता केडिया, मंजू गाड़ोदिया, मंजू केडिया, बबीता नारसरिया, जया बिजावत, सुनीता मेवाड़ा, सुनीता सरावगी, करुणा अग्रवाल, मीरा टिंबरेवाल, शोभा जाजू, रेखा अग्रवाल, अनू पोद्दार, सुनैना लॉयलका, कलावती अग्रवाल सीमा अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, रेनू छापड़िया, कमला विजयवर्गीय, साक्षी अग्रवाल, पुष्पा खेतान, पदमा बंका, कुसुम मोर, नैना मोर आदि सदस्य उपस्थित थीं। ये जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

# सद्गुरु ही जीवन के मार्ग के पथ प्रदर्शक होते हैं : धृति मानसिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी की 138वीं जयंती शनिवार को हर्षोल्लास के साथ रांची के मेकॉन कम्युनिटी हॉल में मनाई गई। कार्यक्रम सत्संग प्रार्थना के साथ आरंभ हुआ। तत्पश्चात देवघर सत्संग से आई हुई गायन-मंडली से प्रदीप चक्रवर्ती का सहयोग दीप्ति ज्योति लाल एवं अमूल्या निधि के किया। प्रदीप चक्रवर्ती ने 'धर्म एक ईश्वर एक' की सुमधुर भजन से वातावरण को भक्तिमय कर दिया उन्होंने कहा कि ईश्वर एक है, पर उनके रूप अनेक हैं, जैसे पानी को हम जल भी कहते है, वाटर भी कह सकते हैं लेकिन सबका स्वरूप एक ही है। उसी तरह हमें सांप्रदायिक मतों से ऊपर उठकर ईश्वर को ग्रहण करना होगा। पायल दास ने सद्गुरु को ग्रहण करने के



लिए दीक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। देवघर सत्संग से आए हुए विशिष्ट अतिथि धृति मानसिंह ने मानव जीवन में सद्गुरु की महिमा को बताते हुए कहा, मनुष्य 'अपने जीवन का गंतव्य ईश्वरत्व की प्राप्ति' तभी कर सकता है, जब उनके जीवन में कोई सद्गुरु हो। सद्गुरु ही जीवन के मार्ग के पथ प्रदर्शक होते हैं। सत्संग का समापन जय राधे राधे की प्रार्थना से संपन्न हुआ। इस सत्संग में हजारों की संख्या में भक्तजन शामिल हुए। प्रत्येक ऋत्विक ने 40 से अधिक लोगों को श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी की दीक्षा प्रदान की।

### हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति त्रिलोक सिंह चौहान ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

# लोक अदालत में वादों का नि:शुल्क निस्तारण होता है : न्यायायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति त्रिलोक सिंह चौहान तथा झारखंड हाईकोर्ट के जज एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायामूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने झालसा कार्यालय से ऑनलाइन किया। इस अवसर पर न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों के हाथों से आज व्यवहार न्यायालय, रांची के डालसा हॉल में झारखंड पीड़ित मुआवजा के तहत 12 पीड़ितों के बीच 27,15,000 रुपए का चेक पीड़ितों के बीच वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत एक मंच है, जहां वादों का निःशुल्क निस्तारण होता है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक दंडाधिकारियों के लिए 34 तथा कार्यपालक दंडाधिकारियों के लिए 19 बेंच का गठन किया गया था। न्यायिक दंडाधिकारियों, बैंक व इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधियों, पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के साथ पूर्व में बैठकें की गई थीं। न्यायालयों के माध्यम से वादकारियों को पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक नोटिस भी भेजा गया था, ताकि लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके। इसके साथ ही वाहन दुर्घटना मुआवजा में न्यायिक पदाधिकारियों ने 82 पीड़ितों के बीच 8,70,37,698 रुपए की राशि के चेकों का वितरण किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में आज कुल लंबित मामले 41136 तथा प्री-लिटिगेशन के 208097 वादों का निस्तारण किया गया।




## राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ दो बिछड़े दंपतियों का मिलन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के अवसर पर व्यवहार न्यायालय, रांची स्थित मध्यस्थता केंद्र में शनिवार को दो बिछड़े हुए दंपतियों का पुनर्मिलन कराया गया। अधिवक्ता तमन्ना ने ओरिजिनल मेंटेनेंस वाद संख्या 385/2024, जिसमें प्रथम पक्ष सुषमा उरांव और द्वितीय पक्ष राजू उरांव थे। इस वाद में प्रथम पक्ष सुषमा उरांव की ओर से वाद में समझौता कराते हुए दोनों को फिर से साथ रहने के लिए तैयार कर मध्यस्थता केंद्र व्यवहार न्यायालय रांची में एकमात्र मेट्रिमोनियल मामले का निष्पादन कराया गया। यह वाद प्रिंसिपल, जज फैमिली कोर्ट, सैयद सलीम फातमी के न्यायालय में लंबित था। पिछले दो और लोक अदालत में भी अधिवक्ता तमन्ना ने इसे मिलकर लगातार तीन वादों में रि-यूनियन कराया और पक्षों को साथ रहने के लिए तैयार कर विदा किया गया।

दूसरी वाद का निस्तारण अधिवक्ता मध्यस्थ, मनीषा रानी व दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के अथक प्रयास से सुलझा लिया गया। उक्त भरण-पोषण वाद संख्या ओएम 142/2025 को अधिवक्ता मध्यस्थत मनीषा रानी द्वारा सुलझाया गया। इस वाद में आपसी गलतफहमियों के कारण दोनों पक्ष कई वर्षों से अलग-अलग रह रहे थे। उनके दो बच्चे हैं। मध्यस्थता के बाद दोनों एक साथ फिर से राजी-खुशी रहने के लिए तैयार हुए। द्वितीय पक्ष पति द्वारा कहा गया कि वह अपनी पत्नी और बच्चों की सभी जरूरतों को पूरा करेंगे। इस वाद को सुलझाने में अधिवक्ता मध्यस्थत मनीषा रानी एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की अहम भूमिका रही।

दोनों पक्षों में सुलह होने के बाद डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने बधाई दी और आगे छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद न करने को कहा।



# न्यायामूति चौहन ने किया वीर परिवार कल्याण कार्यालय का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय लोक अदालत पर शनिवार को दीपाटोली केरकेट्टा ऑडिटोरियम में नालसा वीर परिवार सहायता योजना-2025 के तहत वीर परिवार कल्याण कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायामूति त्रिलोक सिंह चौहन, झारखंड उच्च न्यायालय के जज सह कार्यपालक अध्यक्ष, झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची न्यायामूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायामूर्ति संजय कुमार द्विवेदी एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे।

वीर परिवार कल्याण कार्यालय का मुख्य उद्देश्य भुतपूर्व सैनिकों व उनके परिवारजनों को निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ पहुंचाना है।

## हिन्दी सम्पूर्ण भारतवर्ष को एक सूत्र में बांधती है : डॉ. मनोज कुमार

**रांची।** हिन्दी ने भारत की विविधताओं को एक सूत्र में बाँधा है। यह वह भाषा है जो गाँव-गली से लेकर महानगर तक, किसान से लेकर वैज्ञानिक तक, सबके बीच संवाद का सशक्त माध्यम बनी हुई है। आज के वैश्वीकरण और तकनीकी युग में हिन्दी का स्वरूप और भी व्यापक हो गया है। यह गर्व की बात है कि आज हिन्दी विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। उक्त बातें मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने हिन्दी विभाग के द्वारा आयोजित हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर सम्बोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की ओर से स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम विशाल कुमार मेहता, द्वितीय प्रियांशु कुमार तथा तृतीय स्थान निराश कुमारी ने प्राप्त किया। विभाग के अन्य विद्यार्थियों की कविताएँ भी उल्लेखनीय थीं जिसमें सुशांत चन्द्र पोद्दार, अनुराग कुमार, धीरज कुमार, श्रेया कुमारी, शालिनी कुमारी, ज्योति कुमारी, रिया कुमारी इत्यादि शामिल हैं।

**आज / कल**




# अपर बाजार क्षेत्र के छह प्रतिष्ठानों पर लगाया गया 18000 रुपए जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम शहर को कूड़ा मुक्त एवं स्वच्छ बनाने के लिए वृहद स्तर पर सफाई अभियान चला रहा है। इसके अंतर्गत स्रोत पृथक्करण (गीला-सूखा कचरा अलग करना) पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही, सड़क व बाजार क्षेत्र में कचरा फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को रांची नगर निगम के उप प्रशासक रवींद्र कुमार के नेतृत्व में अपर बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं गंदगी फैलाने वाले छह प्रतिष्ठानों पर कुल 18,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। उप प्रशासक ने प्रत्येक प्रतिष्ठान में हरा एवं नीला डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रांची नगर निगम अब 'जीरो टॉलरेंस ऑन लिटरिंग' की नीति पर कार्य कर रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी इसी तरह कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण दल में सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक, इनफोर्समेंट टीम एवं संबंधित सुपरवाइजर शामिल थे। इधर, रांची नगर निगम सभी भवन मालिकों और प्रतिष्ठानों को पुनः निर्देश दिया है कि गीला व सूखा कचरा अलग-अलग कर ही निगम के वाहनों को दिया जाए।



### डीपीएस के छात्र ने पखावज वादन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

# अखिल भारतीय इंटर-स्कूल प्रतियोगिता में ऋषिक सिन्हा को प्रथम पुरस्कार

- प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए भी नामित किए गए हैं
- प्राचार्या डॉ जया चौहान ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची के कक्षा-9 के छात्र ऋषिक सिन्हा ने पखावज वादन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। ऋषिक को कला एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन रूट्स टू रूट्स द्वारा आयोजित 15वीं अखिल भारतीय इंटर-स्कूल प्रतियोगिता में सांस्कृतिक प्रतिभा खोज कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ऋषिक सिन्हा की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि ऋषिक सिन्हा का नाम पखावज एवं तबला वादन के क्षेत्र में प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए भी नामित किया गया है। ऋषिक का चयन झारखंड एवं बिहार से सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति परीक्षा (सीसीआरटी) के आधार पर किया गया था, जिसका आयोजन कला एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने किया था। देशभर से लाखों विद्यार्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए उन्होंने भारत सरकार की दो वर्षीय छात्रवृत्ति प्राप्त की, जो न केवल झारखंड, बल्कि डीपीएस रांची के लिए भी गर्व की बात है।



इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने कहा, ऋषिक की यात्रा सभी युवा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। शास्त्रीय संगीत के प्रति उनकी निष्ठा और कम उम्र में मिली उपलब्धियों ने हमारे विद्यालय और पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है। हमें विश्वास है कि वे संगीत के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे और अपने साथियों के लिए आदर्श बनेंगे।




# स्वास्थ्य मंत्री इरफान ने 10 शैय्या वाले अस्पताल भवन का किया शिलान्यास




नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली।** झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने पतराहातू(सिल्ली) में शनिवार के दिन स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 10 शैय्या अस्पताल भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। अस्पताल कार्य का लागत लगभग 5 करोड रुपए है। शिलान्यास के उपरांत पतरातू के रघुनाथ महतो इंटर कॉलेज के प्रांगण में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर इरफान अंसारी एवं अन्य अतिथि के रूप में कांके विधानसभा के विधायक सुरेश कुमार बैठा, खिजरी विधानसभा के विधायक राजेश कच्छप,कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं सिल्ली विधायक अमित महतो उपस्थित रहे ।कॉलेज के प्रांगण में विद्यालय प्रबंधन के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।समारोह का संचालन रांची जिला के ग्रामीण जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण ने किया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कृत किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि झारखंड राज्य विकास के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है। झारखंड के मुख्यमंत्री काफी सराहनीय कार्य कर रहे हैं जिससे जनता को सीधे लाभ पहुंच रही है ।वर्तमान सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी सराहनीय कार्य कर रही है ।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों को पढ़ना लिखना है और आगे बढ़ना है।आने वाले दिनों में इस क्षेत्र को मेडिकल कॉटिज दूंगा जिससे स्वास्थ्य में सुधार हो सकेगा ।वहीं विद्यालय के विकास हेतू तीन लाख रुपए देने की घोषणा की ।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को हौसला अफजाई करते हुए दस हजार रुपए नगद राशि देकर सम्मानित किया तथा लैपटॉप देने की भी घोषणा की।

# बिरसा मुंडा आर्चरी केंद्र में पिछले कई माह से महिला कोच दे रही हैं प्रशिक्षण



**सिल्ली।** बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर में पिछले कई माह से महिला कोच दुमका निवासी श्वेता पांडे दे रही तीरंदाजी क बेहतर प्रशिक्षण। कोच ने श्वेता ने बताया कि तीरंदाजी का प्रशिक्षण हर बच्चों से संभव नहीं है ।सबसे पहले बच्चों को इस प्रशिक्षण के लिए जागरूकता लानी पड़ती है। जिससे बच्चों में धीरे-धीरे दिलचस्पी बढ़ने लगती है। क्योंकि तीरंदाजी पर पकड़ बढ़ी तो सफलता कदम चूमने लगेगी। इसे महज खेल और मैडल तक सीमित नहीं रखते हुए अकेडमी से जुड़े तीरंदाज आत्मनिर्भर के साथ साथ रोजगार से जुड़ रहे है। उन्होंने ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में अकादमी के संरक्षक सुदेश कुमार महतो एवं अध्यक्ष नेहा महतो बधाई के पात्र है कि उन्होंने एक प्लेटफॉर्म दिया नहीं तो बच्चे अक्सर अपना ज्यादातर समय मोबाइल पर बिताने लगते हैं, जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में अकादमी एक बेहतरीन विकल्प है, जहाँ बच्चे ना सिर्फ मोबाइल से दूर अपना ज्यादातर समय खेल, कैरियर बनाने में बिता रहे है।

## न्यूज बॉक्स

### पिठौरिया थाना प्रभारी अभय कुमार को किया गया सम्मानित




**पिठौरिया।** पिठौरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने 21 अगस्त को लुंबा उरांव हत्या मामले का त्वरित उद्भेदन और थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शनिवार को आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसपी ने अभय कुमार की कार्यकुशलता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी तत्परता और सक्रियता से न केवल गंभीर घटना का खुलासा हुआ, बल्कि आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास भी बढ़ा है। सम्मान समारोह में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई ।पिठौरिया थाना क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अभय कुमार की अहम भूमिका रही।

### प्रखंड सभागार में कृषि बीमा को लेकर बैठक आयोजित



**चान्हो।** शनिवार को प्रखण्ड के सभागार कक्ष में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी वरूण कुमार की अध्यक्षता एवं जिला सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, राँची की उपस्थिति में कृषि एवं सहकारिता प्रभाग के द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य चान्हों प्रखण्ड के सभी किसानों को "बिरसा प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना" से आच्छादित करना है। इस खरीफ मौसम में अब तक हुई भारी वर्षा के कारण प्रखण्ड के किसानों द्वारा लक्ष्य के अनुरूप बढ़चढ़ कर धान की खेती किया गया है। जिला सहकारिता प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि कैसे किसान मात्र 1 रुपए प्रति प्लॉट की दर से अपने फसल का बीमा करा सकते हैं और किसी भी प्राकृतिक और आकस्मिक क्षति की स्थिति में बीमा की राशि के रूप में राहत पा सकते हैं। उन्होंने प्रखण्ड अंतर्गत सभी लैंप्स के अध्यक्ष सचिव को निबंधित सभी किसानों का अनिवार्य फसल बीमा करने के निर्देश दिए। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने सभी जनसेवक और कृषक मित्र को अपने संबंधित पंचायतों और ग्रामों से लक्ष्य के अनुरूप किसानों का फ़सल बीमा सहित *झारखण्ड मिलेट मिशन* के तहत मड़ुआ और अन्य मिलेट्स की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि के लिए निबंधित करने के निर्देश दिए।

### तृणमूल कांग्रेस ने मोटरसाइकिल रैली का किया आयोजन



**सिल्ली।** पश्चिम बंगाल अंतर्गत झालदा में तृणमूल कांग्रेस के द्वारा मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व जेनरल सेक्रेटरी अब्बास अंसारी एवं शेख तूफान ने किया। यह रैली सैकड़ों की संख्या में ममता बनर्जी जिन्दाबाद,पुनः: आगामी चुनाव मे ममता सरकार दुबारा आयेगी इत्यादि के नारे लगाते हुए छाताटांड़ से चोर गली जाकर समापन हुई। बाततें चले कि पश्चिम बंगाल में आने वाले चुनाव को लेकर रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रेसिडेंट जयप्रकाश महतो, रफीक कश्मीरी,आसिफ अंसारी, उस्मान अंसारी, सिराज अंसारी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### सिविल सर्जन कार्यालय की टीम ने बुढ़मू व खलारी के पीएचसी का किया निरीक्षण

**खलारी।** सिविल सर्जन कार्यालय, रांची से विशेष टीम ने खलारी, मैकलुस्कीगंज और बुढ़मू में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू में ओपीडी, लैब, प्रसव गृह, ओटी एवं आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया गया और आवश्यक निर्देश भी दिए गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा तारिक अनवर एवं सभी कर्मचारी मौजूद थे। पीएससी खलारी में चिकित्सा पदाधिकारी डा इरशाद एवं सभी स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित पाए गए। वहां ओपीडी, कोल्ड चैन, प्रसव गृह का निरीक्षण किया गया और सुधार हेतु निर्देशित किया गया। इसके बाद पीएचसी मैकलुस्कीगंज का निरीक्षण किया गया। यहां डा मुकेश मिश्रा, डा ईशानी सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। ओपीडी, प्रसव गृह आदि की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण टीम में एसीएमओ डा अमरेंद्र प्रसाद, डीआरसीएचओ डा आसित मांझी, डा प्रीतेश कुमार और डा बिनोद कुमार शामिल थे। इस अवसर पर सीएचसी बुढ़मू के एमओआईसी डा तारिक अनवर, डा इरशाद, लोकेश अभिमन्यु, राजेंद्र लकड़ा, अबुल कलाम, एमके मंडल, अभिषेक तिवारी आदि भी मौजूद थे।

### निजी हास्पिटल 'श्रीराज अस्पताल' में मिली गड़बड़ियां



**खलारी।** सिविल सर्जन कार्यालय की टीम ने खलारी स्थित निजी अस्पताल श्रीराज हास्पिटल का भी निरीक्षण किया। अस्पताल संचालक संबंधित किसी भी प्रकार के जरूरी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। बिना मान्यता प्राप्त कागजात के इस अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सेवा भी चल रही थी। निरीक्षण के दौरान अल्ट्रासाउंड मशीन छिपा दी गई थी। अस्पताल की लैब सहित अन्य सुविधाएं भी संतोषजनक नहीं पाई गईं। एक महिला मरीज जो भर्ती थी, उसका अपेंडिक्स व बच्चेदानी का आपरेशन किया गया था। लेकिन यह पता नहीं चल सका कि यह आपरेशन किस डाक्टर ने किया था। इस प्रकार अस्पताल फर्जी तरीके से संचालित पाया गया।

## पुरनाडीह परियोजना कार्यालय पर गेट मीटिंग कामगारों ने संडे व पीएचडी की मांग की



**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत पुरनाडीह परियोजना कार्यालय पर शनिवार को प्रथम पाली एवं जनरल शिफ्ट के सैकड़ों कामगारों ने संडे एवं पीएचडी (पेड हालिडे) से जुड़ी समस्याओं को लेकर गेट मीटिंग आयोजित की। मजदूरों ने प्रबंधन पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले लगभग एक वर्ष से उन्हें संडे और पीएचडी के लाभ नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अत्याचार अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सामूहिक अवकाश का सहारा लेकर अपनी मांग पूरी कराई जाएगी। गेट मीटिंग में सैकड़ों कामगारों ने निर्णय लिया कि संडे को सभी मजदूर सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। साथ ही, सुबह 6 बजे से पहुंचकर उन मजदूरों को भी सामूहिक अवकाश में शामिल करने का कार्य किया जाएगा जिन्हें संडे ड्यूटी पर रखा जाएगा। उन्होंने यह भी निर्णय लिया कि केवल तभी संडे ड्यूटी करेंगे, जब सभी को संडे का लाभ दिया जाएगा। अन्यथा, कोई भी मजदूर ड्यूटी नहीं करेगा। इस गेट मीटिंग में बहुरा मुंडा, बालेश्वर उरांव, महेंद्र उरांव, रोहित गंझू, इब्राहिम अंसारी, गणेश मोदी, जीतू बावरी, गरुला गंझू, दशरथ उरांव, महावीर उरांव, रॉबिन, संजय गंझू, मनबहल गंझू, टोपनो, ईश्वर लोहार, संतोष उरांव, मिंटू गंझू, कुलदीप ठाकुर, विनय उरांव, चंदू मुंडा, जसमणी उरांव, उषा देवी, सरिता देवी, ललिता देवी, ललिता भगत, हीरामणि कुमारी, रेखा खलखो, रेखा देवी, जसोदा देवी, शांति उरांव, इतवारिया उरांव, रातों उरांव, कोशिला देवी समेत सैकड़ों मजदूर और विस्थापित उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर डीसी व एसपी ने केंद्रीय शांति समिति के साथ की बैठक कहा

# जिला प्रशासन 24 घंटे जनता के सहयोग के लिए तत्पर है



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राँची की संयुक्त अध्यक्षता में आज दिनांक-13 सितंबर 2025 को समाहरणालय ब्लॉक-बी स्थित सभागार में आगामी दुर्गापूजा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर केन्द्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आगामी दुर्गा पूजा उत्सव को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और समावेशी तरीके से मनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों पर चर्चा किया गया। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और समिति सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की, जिससे उत्सव की सफलता सुनिश्चित करने के लिए ठोस योजनाएं तैयार की गईं। बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी श्री राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्री उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर श्री अजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री प्रवीण पुष्कर, अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं विभिन्न दुर्गा पूजा समिति एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। पूजा समितियों के सुझाव : बैठक में पूजा समितियों के सदस्यों ने साफ-सफाई, जलापूर्ति, निर्बाध बिजली, महिला आरक्षियों की प्रतिनियुक्ति, पूजा पंडालों में बैरिकेडिंग, विसर्जन हेतु वाहनों की उपलब्धता आदि व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव दिए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी दुर्गा पूजा उत्सव को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और समावेशी तरीके से मनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों पर चर्चा किया गया। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और समिति सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की, जिससे उत्सव की सफलता सुनिश्चित करने के लिए ठोस योजनाएं तैयार की गईं। दुर्गा पूजा, जो झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इस वर्ष 2025 में और भी भव्य रूप से मनाई जाएगी, लेकिन इसके साथ ही सामाजिक सद्भाव और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

## कोयला खनन से हो रही ग्रामीणों की समस्या से प्रबंधन उदासीन



**खलारी।** जेहलीटांड में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता रऊफ अंसारी ने की। बैठक में बीसीकेयू के ज़ोनल अध्यक्ष रतिया गंझू व क्षेत्रीय सचिव इरफान खान मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में यूनियन के नौ सूत्री मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सीसीएल प्रबंधन जल, जंगल और ज़मीन को उजाड़ रहा है। खदान से उड़ने वाली डस्ट और जहरीली गैस से उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। लगातार ब्लास्टिंग के कारण उनके घरों में दरारें भी पड़ गई हैं। उन्होंने निर्णय लिया कि अब वे चुप नहीं बैठेंगे। इसलिए आगामी 18 सितंबर को बीसीकेयू के बैनर तले केडीएच खदान का कार्य पूर्णतः बंद कराया जाएगा, जिसकी पूरी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। संचालन तौहीद अंसारी ने किया।

## स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

**चान्हो।** आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर में शनिवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भूत पूर्व शिक्षक निरंजन साही शामिल हुए । सबसे पहले स्कूली बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि को स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया और सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यापर्ण कर समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी ने मुख्य अतिथि को शाल ओढ़ा कर और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर बोलते हुए श्री साही ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति, शिक्षाविद भारत रत्न सर्वपल्ली डा. राधाकृष्ण ने देश में शिक्षा की नींव को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने छात्र छात्राओं को हमेशा शिक्षकों का सम्मान करने एवं आर्दशों पर चलने की सलाह दी।

## स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**चान्हो।** क्रिएटिव हार्ट स्कूल गुटुवा में शनिवार को शिक्षक दिवस धुम-धाम से मनाया गया। मुख्य के रूप में उपस्थित अधिवक्ता सह जनसेवी जिपस आशुतोष तिवारी ने कहा कि शिक्षा का अंतिम उद्देश्य चरित्र निर्माण है। देश और समाज के भविष्य को अपने परिश्रम और समर्पण से गढ़ने वाले शिक्षकों का सम्मान करने वाले छात्र सफलता की नई-नई ऊचाईयों को छूते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में यह स्कूल कम फीस में उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा समाज को मुहैया कराने में सफल रही है। निदेशक बिनोद टोप्पो ने स्कूल के संघर्ष यात्रा के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम,नाटक व स्पीच से लोगों का मन मोह लिया। इस अवसार पर शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्वागत व सम्मान विद्यार्थियों द्वारा भव्य तरीक़े से किया गया।

## युवकों ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

# लावारिस बैग सहित लैपटॉप मोबाइल और 25000 नगद किया पुलिस के हवाले

नवीन मेल संवाददाता

- **बेड़ो के थानेदार देव प्रताप प्रधान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बैग मालिक का पता लगाया। आखिरकार पुलिस ने बैग मालिक का पता लगाकर उसे सूचना दी**



**बेड़ो।** ईटाचिल्द्री निवासी लाल कमलेश नाथ शाहदेव की प्रेरणा से युवकों ने ईमानदारी की मिशाल पेश करते हुए लावारिस अवस्था में बरामद एक बैग जिसमें एक लैपटॉप, एक मोबाईल फोन एवं 25000 नगद सहित कई सामानों को बेड़ो पुलिस के हवाले कर दिया। दरअसल पुरनापानी लापुंग मोड़ के निकट दिवाकर ढाबा के पास कमलेश और अन्य युवकों ने गिरा हुआ बैग देखा। उस लावारिस अवस्था में गिरे हुए बैग को एक पिकअप वैन वाला उठाकर जाने लगा तभी कमलेश एवं सरोज सहित अन्य युवकों ने उसे रोका और उस बैग वापस ले लिया। कमलेश की सलाह पर बैग और उसमें रखे लैपटॉप मोबाइल एवं 25000 नगद सहित कई प्रकार के समान को पुलिस के हवाले कर दिया। अन्ततः बेड़ो पुलिस की सक्रियता से खोया बैग मालिक गुमला खड़िया पाड़ा निवासी सारिक आलम को सौंप दिया गया। ईटाचिल्दरी निवासी लाल कमलेश नाथ शाहदेव, हाठु निवासी सईम हुसैन एवं उनके दोस्तो भरनो निवासी क्रमशः सुजीत राम, सरोज महतो, आजाद खान सहित अन्य लोगों ने ईमानदारी दिखाते हुए सड़क पर मिले बैग को पुलिस को सौंपा दिया। इधर बेड़ो के थानेदार देव प्रताप प्रधान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बैग मालिक का पता लगाया। आखिरकार पुलिस ने बैग मालिक का पता लगाकर उसे सूचना दी और बेडो.थाना बुलाकर उसे उसका बैग वापस कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त बैग गुमला , खड़ियापाड़ा निवासी सारिक आलम का था। वह बाईक पर गुमला से रांची जा रहा था। बारिश होने के कारण वह बैग को पीछे सीट में रखा था। फिर सड़क पर उसका बैग गिर गया और उसे पता नहीं चल पाया। जब वह रांची पहुंचा तब बैग गुम होने की जानकारी हुई। तभी पत्रकारों के माध्यम से बेड़ो पुलिस ने फोन कर उसे थाना बुलाया इधर सारिक आलम का सारा सामान और पैसा सही सलामत मिलने पर उसने ईटाचिल्द्री निवासी लाल कमलेश नाथ शाहदेव, लाल विश्वनाथ, सईम हुसैन सहित भरनो के सुजीत राम, सरोज महतो फिरोज खान लोगों सहित बेड़ो पुलिस का आभार जताया।

**खिलाड़ियों को बढ़ावा** | बेड़ो के सेमरा गांव में पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन

# खेल हमें अनुशासन, टीम वर्क और जीत के लिए कड़ी मेहनत करना सिखाता है : सन्नी टोप्पो



नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के पुरियो पंचायत के सेमरा गांव में सरना युवा क्लब द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को भव्य समापन हुआ। इस रोमांचक प्रतियोगिता का फाइनल मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मैदान में उमड़ पड़े। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो थे, जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर मैच का विधिवत शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबले में सिंह ब्रदर्स जय मसीह क्लब गिरजा टोली लोयो बनाम एस के ब्रदर्स के बीच खेला गया जिसमें लोयो की टीम ने ट्राई ब्रेकर में एस के ब्रदर्स को 4/3 से हराकर किताब अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग में सरना क्लब डुमर झरिया ने किताब अपने नाम किया । दूसरे स्थान पर फुटबॉल एफ सी सेमरा रही। सभी टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। खिलाड़ियों के बीच बेहतरीन तालमेल और दमखम देखने को मिला। मैच के दौरान कई रोमांचक क्षण आए, जिससे दर्शक अपनी सीटों से खड़े होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। सन्नी टोप्पो ने खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल हमें अनुशासन, टीम वर्क और जीत के लिए कड़ी मेहनत करना सिखाता है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए सरना युवा क्लब के सदस्यों ने अथक प्रयास किया। समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुखिया नीरज कुजूर,उपमुखिया विजय उरांव,पूर्व पंसस सुभाष उरांव,पहान सुकरा उरांव,पनभरा चारों उरांव,कोटवार गदंरा उरांव,सुका महतो,जतरू महतो, पूर्व मुखिया कुबा पहान, बलराम सिंह, महादेव कुजूर, आनंद साहू, गणेश पहान एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। सरना युवा क्लब ने सभी अतिथियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह प्रतियोगिता सफल हो पाई। इस सफल आयोजन ने न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया, बल्कि गांव में खेल के प्रति उत्साह को भी बढ़ाया।

### "शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं : सन्नी टोप्पो

**मांडर।** लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल घुघरी में शनिवार को शिक्षक दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि उन्होंने कहा कि "शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है।" उन्होंने सभी शिक्षकों को उनके निस्वार्थ समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी। स्कूल के निदेशक संजय गोप ने बताया कि स्कूल अपने स्थापना काल से ही बेहतर रिजल्ट दे रहा है। मौके पर विजय किस्पोट्टा, अंजना, मनु, संदीप, पूजा, शिल्पा, प्रवीण, अंजली, अलका समेत काफी तादाद में अभिभावक मौजूद थे।

### जितिया के शुभ अवसर पर फुटबाल मैच का हुआ आयोजन

# खिलाड़ियों को हमेशा किसी भी खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए : राजेंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला पतरातु प्रखण्ड अंतर्गत सालगो सकरवा डेरा फुटबॉल ग्राउंड में जितिया के शुभ अवसर पर तूफान प्लस स्टार स्पोर्टिंग क्लब सालगो की तरफ से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि जेएलकेएल पार्टी के केंद्रीय संगठन महासचिव राजेंद्र बेदिया तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मैच डुराडो एफसी घाघरा बनाम छापरी डांसर लादी के बीच खेला गया। जिसमें छपरी डांसर लादी की टीम. एक गोल से विजय रही । राजेंद्र बेदिया ने कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा खेल की भावना से खेल में भाग लेना चाहिए, क्योंकि जीत एक ही टीम की होती है, लेकिन असली जीत खेल भावना की होती है। फुटबॉल जैसे खेलों को दैनिक जीवन में शामिल करना चाहिए, जिससे शरीर की फिटनेस बनी रहे। उन्होंने फुटबॉल खेल से सामाजिक मेलजोल को भी बढ़ावा देता है। जेएलकेएम के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो कहा कि ने फुटबॉल खेल आउटडोर टीम गेम है। फुटबॉल खेलने से शारीरिक सहनशक्ति, गति, फुर्ती, और हड्डियों व मांसपेशियों की मजबूती बढ़ती है। साथ ही, यह खेल वजन घटाने और हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है। फुटबॉल मानसिक रूप से भी लाभकारी है। यह खेल एकाग्रता, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, टीमवर्क, आत्म अनुशासन और आत्मविश्वास को बढ़ाता है। मौके पर जिला संगठन सचिव आर्यन तोप्पो, जिला अध्यक्ष एसटी मोर्चा दिलीप बेदिया, पंचायत अध्यक्ष फुलेश्वर् महतो, पंचायत सचिव चंद्र प्रकाश महतो, नरेश महतो के अलावा तूफान प्लस स्टार स्पोर्टिंग क्लब सालगो टीम के अध्यक्ष गोविंद महतो, सचिव मुकेश महतो, कोषाध्यक्ष ईशु महतो, सदस्य कैलाश, सागर, मिथिलेश, रोहित, रोशन, पवन, रंजीत, हरेश ,आयुष, संदीप, अविनाश, उपेंद्र, कमलेश, सुनील ,आर्यन उपस्थित थे।

## डीवीसी के विस्थापित गांवों के विकास में आएगी तेजी



**विष्णुगढ़।** दामोदर घाटी विस्थापित एवं स्थानीय समन्वय समिति ने लंबे संघर्षों के बाद डीवीसी के शीर्ष प्रबंधन तक लंबित मांगों को पहुंचाने तथा प्रबंधन के सकारात्मक रवैए पर खुशी जाहिर की है। इसके लिए समिति ने सभी सदस्यों के सामूहिक सहयोग तथा केन्द्रीय समिति पर अटूट विश्वास को बताया है। इसमें सहयोग के लिए समिति महासचिव उत्पल चक्रवर्ती ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, धनबाद सांसद ढ़ुलु महतो, मंत्री इरफान अंसारी के अलावा विधायक निर्मल महतो के प्रति आभार जताया है। जिन्होंने संसद और विधानसभा के पटल पर विस्थापितों की मांगों को सशक्त तरीके से रखा। सभी प्रयासों से डीवीसी अध्यक्ष ने सभी परियोजनाओं के प्रमुख एवं संबंधित अधिकारियों को प्रमुख मुद्दों का समाधान करने को निर्देशित किया है। जिसमें पुनर्वासित भूमि का म्यूटेशन करने, सभी पुनर्वासित गांवों में विकास के लिए मूलभूत सुविधाएं बहाल करने, विस्थापितों को पेटी कॉन्ट्रैक्ट एवं अन्य वैकल्पिक आजीविका योजनाओं से जोड़ने, विस्थापितों की एएमसी, एआरसी समेत अन्य ठेकों में प्राथमिकता देने तथा डीवीसी सीएसआर के कामों मे तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। इसे लेकर कोनार डैम परियोजना प्रमुख राणा रंजीत सिंह, सीएसआर प्रभारी सुनील कुमार ने बनासो नावाटांड का दौरा किया।

## न्यूज बॉक्स

### इनरव्हील क्लब ने एक्सटेम्पोर पर प्रतियोगिता का किया आयोजन



**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब रामगढ़ द्वारा छावनी परिषद उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय स्टाफ क्वार्टर में शनिवार को प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता दो वर्गों जूनियर और सीनियर में आयोजित हुई। जिसमें बच्चों ने अपने विचारों को बड़े आत्मविश्वास और उत्साह के साथ प्रस्तुत किया। पूरा वातावरण बच्चों के ऊर्जा और जोश से भरा हुआ था। प्रत्येक छात्र ने जिस आत्मविश्वास से मंच पर बोलकर अपने विचार साझा किया उससे उपस्थित सभी लोग प्रभावित हुए। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बोलने की कला का विकास करना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें सार्वजनिक मंच पर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित करना था। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किए गए और दोनों वर्गों में प्रथम,द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के सभी छात्राओं में स्टेशनरी का सामान वितरित किया गया। जिससे बच्चों का उत्साह ओर बढ़ गया।प्रतियोगिता के उपरांत विद्यार्थियों के लिए गुड टच और बैड टच पर जागरूकता अभियान भी आयोजित किया गया।इस सत्र में बच्चों को सरल और संवेदनशील तरीके से समझाया गया कि वह अपनी सुरक्षा को कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं और अनुचित व्यवहार की पहचान कर तुरंत अपने माता-पिता या शिक्षकों को जानकारी दें।बच्चों ने ध्यान पूर्वक इसको सुना और सक्रिय रूप से भाग लिया।इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षकों की तरफ से पूर्ण रूप से सहयोग प्राप्त हुआ।

### शोषित व वंचित समाज की आवाज थे स्वर्गीय मेघनाथ महतो



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने वाले तथा जनता उच्च विद्यालय के संस्थापक सदस्य व समाज के प्रति नेक सोच रखने वाले सिरु निवासी भाकपा नेता स्व मेघनाथ महतो की पांचवीं पुण्यतिथि सिरु में मनाई गई। स्व मेघनाथ महतो सूदखोरी, महाजनी और जुल्म के खिलाफ एक लंबी लड़ाई लड़कर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले मेघनाथ महतो ने न सिर्फ राजनैतिक रूप से लोगों को जागरूक किया बल्कि क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने में इनकी भूमिका को आनेवाली पीढ़ी हमेशा याद रखेगी। वे मजलूमों के एक बुलंद आवाज और मजबूत शख्सियत के मालिक थे। अपने राजनीतिक जीवन को शुरुआत कम्युनिस्ट पार्टी से शुरू की थी और पूरे जीवन काल इसी पार्टी में समर्पित होकर समाज को आगे बढ़ाने का काम किया। वे दृढ़संकल्प के धनी व्यक्ति थे। वह आज हमलोगों के बीच नहीं हैं। बस उनकी स्मृति मात्र शेष रह गई है। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता व मिडिया चैयरमेन सुधीर मंगलेश, पूर्व मुखिया महेश महतो, लुमनाथ महतो, चितरंजन महतो,नन्दन महली,राजकिशोर महतो,छोटन महतो,अलीजान अंसारी,विनोद ठाकुर, जगेश्वर बेदिया, सुरेश महतो,नंदकिशोर भगत,नागेश्वर महतो,विनोद महतो, भोला महतो, कैलाश करमाली आदि उपस्थित थे ।

### स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हिन्दी दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।वहीं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।हिन्दी दिवस पर कविता पाठ, भाषण, सुलेख लेखन, कविता लेखन, नृत्य-नाटिका एवं हिन्दी व्याकरण प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आई.पी. भारती ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "हिन्दी भारत को जोड़ने वाली भाषा है। यह हमारे स्वाभिमान, परंपरा और सभ्यता की पहचान है। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाषा देश की गरिमा होती है। इसलिए विचारों का आदान-प्रदान हिन्दी में होना चाहिए। उन्होंने हिन्दी को वैश्विक स्तर तक ले जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। हिन्दी शिक्षक काशीनाथ महतो ने हिन्दी भाषा के क्रमिक विकास की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डाला। वहीं शिक्षिका शबनम खातून ने हिन्दी को राजभाषा घोषित किए जाने की पूरी प्रक्रिया बच्चों को विस्तार से बताई। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों में बिट्टू कुमार, रौशन कुमार, तुष्टि मोदी, प्रेम मोदी, सुहानी गुप्ता, अनुष्का शर्मा, मृत्युंजय शर्मा, मरियम खातून, पलक कुमारी, माही गुप्ता, धीरज कुमार, स्मृति कुमारी समेत अन्य शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

### उपायुक्त ने गोला प्रखंड का दौराकर परियोजनाओं का किया निरीक्षण कहा

# 150 घरों में गोबर गैस प्लांट और 175 में उन्नत चूल्हे लगाए गए हैं

- **निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त को जानकारी दी गई कि आजीविका को बढ़ावा देने के लिए संस्था ने 60 परिवारों को लाह की खेती हेतु कुसुम पेड़ों पर लाह का बीज उपलब्ध कराया है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** उपायुक्त रामगढ़ फैज एक अहमद मुमताज ने शनिवार को गोला प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संग्रामपुर पंचायत के सरलाकला गांव के बेदिया जारा टोला में गोबर गैस, लाह खेती, मुर्गी पालन सहित अन्य परियोजनाओं का निरीक्षण किया। यह गांव कुल 45 घरों का है, जिनमें से 35 घरों में गोबर गैस प्लांट का निर्माण सिद्धा संस्था द्वारा एक निजी फाउंडेशन के सहयोग से कराया गया है। वहीं, शेष 3 घरों में उन्नत चूल्हे उपलब्ध कराए गए हैं। यह टोला तायमा जलच्छादन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। पूरे जलच्छादन क्षेत्र में संस्था द्वारा कुल 150 घरों में गोबर गैस प्लांट और 175 घरों में उन्नत चूल्हे लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 150 घरों में पोषण वाटिका हेतु सब्जी बीज वितरित किए गए, जिससे परिवारों की सब्जी खपत बढ़ी और महिलाओं एवं किशोरियों में पोषण संबंधी समस्याओं में कमी आई है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्वयं लाभुकों के घरों का निरीक्षण कर गोबर गैस के माध्यम से लाभुकों को हो रहे लाभ का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उन्हें मिल रहे लाभ आदि की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त में प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला डॉ सुधा वर्मा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त को जानकारी दी गई कि आजीविका को बढ़ावा देने के लिए संस्था ने 60 परिवारों को लाह की खेती हेतु कुसुम पेड़ों पर लाह का बीज उपलब्ध कराया है। लाह की खेती कर ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। लाह की खेती से ग्रामीणों को 20 से 35 हजार रुपये तक की आमदनी हो रही है। इसी तरह 150 परिवारों को कड़कनाथ मुर्गे एवं मुर्गियां वितरित की गईं, जिससे ग्रामीण अंडा उत्पादन कर स्वयं उपयोग करने के साथ-साथ अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त को बताया गया कि संस्था का उद्देश्य है कि पूरे तायमा जलच्छादन क्षेत्र को "जीरो कार्बन उत्सर्जन क्षेत्र" के रूप में विकसित किया जाए। इस दिशा में संस्था के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उपायुक्त से सहयोग का अनुरोध किया, जिस पर उपायुक्त ने उन्हें सभी तरह के सहयोग उपलब्धकराए जाने हेतु आश्वासित किया।

## हजारीबाग में भिड़े वकील और पुलिसवाले मारपीट के बाद 23 पर हुई प्राथमिकी दर्ज



**हजारीबाग।** हजारीबाग में वकीलों और पुलिसकर्मियों के बीच विगत गुरुवार को हुई मारपीट ने नया मोड़ ले लिया है। मामले में सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार के बयान पर सदर थाने में 23 वकीलों पर नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में कहा है कि अधिवक्ताओं ने न केवल सरकारी कार्य में बाधा डाली, बल्कि उनसे मारपीट भी की। इधर, मामला दर्ज किए जाने के बाद अधिवक्ताओं के एक वर्ग ने पुलिस पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मामले में निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं। इधर, हज़ारीबाग बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार राजू ने कहा है कि सिविल कोर्ट के सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना कैद है। पुलिस ने अपनी गलतियों को छिपाने के लिए अधिवक्ताओं पर गंभीर धाराएं लगाई हैं। बता दें कि फर्जी एसीबी अधिकारी बन ठगी के आरोप में गुरुवार को पुलिस चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने जा रही थी। उसी दौरान सब इंस्पेक्टर मनोज कुजूर और वकीलों में मारपीट हो गई थी। इसी मामले में केस दर्ज किया गया है। सरकारी काम में बाधा समेत आधा हत्या (हाफ मर्डर) आदि गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मामले में सदर थाना प्रभारी सुभाष कुमार सिंह ने कहा कि जांच वरीय पदाधिकारी कर रहे हैं। कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### सेवानिवृत्त पारा शिक्षकों की समस्याओं के प्रति सरकार गंभीर नहीं

**विष्णुगढ़।** सेवानिवृत सहायक अध्यापक संघ झारखंड प्रदेश की बैठक शुक्रवार को विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष तापेश्वर प्रसाद बर्मन तथा संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज नारायण यादव ने किया। बैठक में प्रस्ताव लिया गया कि मोराबादी मैदान रांची में 15 सितंबर को आयोजित होने वाली बैठक को स्थगित करते हुए अगली बैठक 18 सितंबर को होगी। जिसमें प्रदेश भर से सेवानिवृत सहायक शिक्षकों की बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। उसी दिन गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को भी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। संघ का संयुक्त बैंक खाता खोलने पर भी सहमति बनी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार सेवानिवृत सहायक शिक्षकों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है।

### दुर्गा मंदिर बरकट्ठा में विहिप की बैठक का हुआ समापन

# मठ मंदिर की ओर से भी अभियान में हर संभव सहयोग किया जाएगा : मनोज पांडे



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** जीटी रोड बरकट्ठा स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद बरकट्ठा मंडल की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला मंत्री अरविंद मेहता ने की, जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद ने किया। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मठ मंदिर प्रमुख मनोज पांडेय, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता तथा विहिप प्रखंड मार्गदर्शक रामचंद्र चौधरी मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए मनोज पांडे ने कहा कि "बरकट्ठा एनएच सड़क पर सफाई अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाना हम सबका दायित्व है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान को आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विशेष रूप से मनाया जाएगा।" उन्होंने कहा कि एनएचआई की ओर से अभियान के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। श्री पांडेय ने आश्वासन दिया कि मठ मंदिर की ओर से भी अभियान में हर संभव सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर निर्माण एजेंसी के एस.बी. सिंह, एनएचआई के स्थल अभियंता विश्वकर्मा, विहिप उपाध्यक्ष धीरज गुप्ता, सह मंत्री मनोज कुमार, इंद्रजीत प्रसाद, विजय यादव, संजय गुप्ता, रूपेश गुप्ता, दिलीप दास, रतन गुप्ता, सुनील कुमार, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, राजकुमार गिरी, अरुण मोदी, सूरज मोदी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान,जावा को किया नष्ट



**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया। थाना क्षेत्र के ग्राम अल्पिटो एवं सिमरियाटांड़ के जंगली इलाकों में छापामारी की गई। पुलिस ने मौके पर अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त 150 किलोग्राम जावा महुआ तथा बड़ी मात्रा में उपकरण जब्त कर नष्ट कर दिया। बरकट्ठा थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित कर जंगली इलाकों में छापामारी की गई। इस दौरान शराब बनाने की कई भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों पर पुलिस की कड़ी नजर रखी हुई है और किसी भी कीमत पर ऐसे कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने आम जनता से अपील की है कि अवैध शराब के धंधे में शामिल लोगों की जानकारी पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून को सफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार अभियान चला रही है। छापामारी अभियान में एसआई कन्हाई प्रसाद,एएसआई उपेंद्र सिन्हा समेत अन्य लोग शामिल थे।

### पर्याप्त यूरिया उपलब्ध होने के बावजूद कमी बताकर वसूली जा रही दोगुनी कीमत

**रामगढ़।** सरकार किसानों के हित के लिए दृढसंकल्पित है। किसानों को किस तरह से फायदा पहुंचाया जाए इसके लिए केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार कई योजना लेकर आई है ताकि किसानों को अपने फसल में नुकसान न हो और वो आत्मनिर्भर बने। लेकिन कुछ मुनाफाखोर किसानों की सब्सिडी की राशि को भी डकार दे रहे हैं। ऐसा ही ममाले जिले के किसानों के साथ देखा जा रहा है। किसी तरह किसान खेतों में खरीफ फसल तो लगा लिए हैं। लेकिन अब उसके देख-भाल और उसमें खाद डालने में उनके पसीने छूट रहे हैं। पसीने छुटे भी क्यों नहीं। किसानों के लिए खाद में जो भी सब्सिडी सरकार की ओर से दी जा रही है वो मुनाफाखोर दुकानदार ही यूरिया का क्राइसिस बताकर खा जा रहे हैं। ऐसे में किसान कहां से समृद्ध हो सकेंगे। जिले में ऐसे मामले प्रतिदिनी सुनने को मिल जा रही है। कुछ दिन पहले दुलमी प्रखंड में भी किसानों को यूरिया का क्राइसिस बताकर एक बैग यूरिया का कीमत 7 सौ रुपए तक वसूला जा रहा था। जिस यूरिया की कीमत महज 266 रुपए प्रति बैग थी। जब वहां के मुनाफाखोर दुकानदारों पर कार्रवाई शुरू हुई तो वहां के दूकानदारों ने प्रति बैग 330 रुपये प्रति बैग यूरिया किसानों को बेचना शुरू कर दिया है। ये मूल्य अब भी निर्धारित मूल्य से 54 रुपए ज्यादा हैं। लेकिन दूसरे प्रखंडों में अब भी किसानों से प्रति बैग यूरिया का कीमत किसानों से 7 सौ रुपये तक ली जा रही है। किसानों से निर्धारित मूल्य से ज्यादा पैसा वशूली के मामले सभी प्रखंडों में हैं।

**शिक्षा पर चर्चा** | उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन

# हम बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं: प्रधानाचार्य

- **यदि बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएंगे तो हम उन्हें बेहतर तरीके से शिक्षा प्रदान कर सकेंगे। जिससे उन्हें सफलता प्राप्त करने में मदद मिलेगी**

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरूम में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र सिंह ने की। गोष्ठी में एफएलएन ,ज्ञानसेतू पर चर्चा, बच्चों के साप्ताहिक और मासिक एसेसमेंट आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही कुछ बच्चों के विद्यालय में अनुपस्थित रहने पर चर्चा करते हुए उनके अभिभावकों से प्रधानाध्यापक ने सहयोग की अपील की। प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि विद्यालय में जो बच्चे नियमित रूप से आते हैं उनकी शैक्षणिक गतिविधियों का हम मूल्यांकन करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नियमित रूप से आनेवाले बच्चों की सफलता उल्लेखनीय है। क्योंकि उनमें से कुछ ऐसे बच्चे हैं जिन्होंने प्रखंड और जिला स्तर की प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त किया है। साथ ही बच्चों ने राज्य स्तर पर सफलता का परचम लहराते हुए अपने विद्यालय और परिजनों का नाम रौशन किया है। प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से कहा कि आपके बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएं इसपर आप ध्यान दें। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएंगे तो हम उन्हें बेहतर तरीके से शिक्षा प्रदान कर सकेंगे। जिससे उन्हें सफलता प्राप्त करने में मदद मिलेगी। वहीं, प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र सिंह ने बच्चों के अभिभावकों से कहा कि यदि आपकी कुछ शिकायत हो तो हमें बताएं हम आपकी शिकायत को दूर करने का हर संभव प्रयास करेंगे। इसपर उपस्थित अभिभावकों ने कहा की विद्यालय को शैक्षणिक माहौल बेहतर है और इससे वे संतुष्ट हैं। मौके पर सहायक शिक्षक कर्मवीर प्रसाद, अनिल कुमार रवि, विनोद बिहारी, बिनय कुमार सिंह, ब्रिंजो देवी, पवन कुमार मुंडा सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।

### पेड़ पौधे भी हमारे जीवन के अंग हैं: चंद्रभुषण

**केदला।** पेड़ पौधों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। आज पूरे विश्व में प्राकृतिक आपदा देखने को मिल रहा है। इसका मुख्य कारण है पेड़ों की अंधाधुंध कटाई। पेड़ पौधे भी हमारे जीवन के अंग हैं। इसकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेवारी बनती है। उक्त बातें शुक्रवार को सीसीएल की झारखंड उत्खनन परियोजना के ओवरसियर चंद्रभूषण कुमार ने आदर्श उच्च विद्यालय लइयो में पौधा रोपण करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम उतना पौधा जरुर लगाना चाहिए। जितना वह अपने पीछे बचपन में खिलौने और जवानी में टेबल, कुर्सी, सोफा, पलंग से लेकर अंतिम यात्रा तक लकड़ी को खर्च करता है। आपको जीवन के हर मोड़ पर पेड़ पौधों की आवश्यकता है। मौके पर विद्यालय को सीसीएल की ओर से दर्जनों पौधे दिए गए।

## सिमडेगा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

# 18,263 मामलों का हुआ निपटारा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) द्वारा झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आपसी सहमति के आधार पर कुल 18,263 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें 1,75,08,560 (एक करोड़ पचहत्तर लाख आठ हजार पांच सौ साठ रुपये) की राशि पर समझौता हुआ। इस राष्ट्रीय लोक अदालत का ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सह झालसा के चेयरमैन द्वारा किया गया, वहीं स्थानीय स्तर पर दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी एवं अन्य पदाधिकारियों ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा अध्यक्ष सह पीडीजे राजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्यायपालिका की वह विधा है, जो आम जन तक सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय पहुँचाने का कार्य करती है। इसमें न कोई हारता है, न कोई जीतता है, बल्कि समझौते के माध्यम से सामाजिक समरसता को बल मिलता है। इससे न केवल अदालतों पर बोझ कम होता है, बल्कि आम नागरिक को मानसिक, आर्थिक और समय की बचत भी होती है। उन्होंने जनता से अपील की कि अधिक से अधिक लोग लोक अदालत का लाभ उठाएं और न्यायिक प्रक्रिया में सहभागी बनें।मौके पर एडीजे नरंजन सिंह, सीजेएम निताशा बारला, प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम, एसडीजेएम सुमी बीना होरो, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुभाष बाड़ा, अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र, एसडीओ प्रभात रंजन ज्ञानी सहित कई अधिकारी, अधिवक्ता और आम लोग उपस्थित थे।

### विभिन्न मामलों का निपटारा

लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर अलग-अलग मामलों का निष्पादन किया गया। इनमें बैंक ऋण से संबंधित 523 मामलों में 1,49,19,240 रुपये की वसूली पर समझौता हुआ। बिजली बिल से संबंधित 49 मामलों में 3,74,000 रुपये, मोटर दुर्घटना मुआवजा के दो मामलों में 15 लाख रुपये, चेक बाउंस के एक मामले में 2,10,000 रुपये तथा अन्य 17,688 मामलों में 5,05,320 रुपये की वसूली पर समझौता हुआ। इस प्रकार कुल 18,263 मामलों का निष्पादन करते हुए 1,75,08,560 रुपये की राशि वसूल की गई।मामलों के सुचारु निष्पादन के लिए कुल सात बेंचों का गठन किया गया था ।इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला पुलिस, परिवहन विभाग और डालसा की ओर से स्टॉल लगाए गए, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। साथ ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।



## पबुड़ा मुखिया ने पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों का किया दौरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के पबुड़ा पंचायत के मुखिया आलोक बारला ने शनिवार को पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति का जायजा लिया और बच्चों से पठन-पाठन से संबंधित प्रश्न पूछे।मुखिया ने विद्यालयों में संचालित हो रहे मध्यान्ह भोजन की भी जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बच्चों को हर हाल में मीनू के अनुसार ही मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने शिक्षक और बच्चों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया तथा मिड-डे मील की गुणवत्ता, शिक्षकों का छात्रों के साथ व्यवहार और विद्यालय परिसर की स्वच्छता की भी समीक्षा की।मुखिया आलोक बारला अभिभावक-शिक्षक (PTM) बैठक में भी शामिल हुए और अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह सभी की जिम्मेदारी है। पंचायत क्षेत्र के सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने बच्चों के पोषण पर भी विशेष जोर दिया और कहा कि सभी बच्चों को शुद्ध एवं पौष्टिक भोजन मिलना चाहिए, मिड-डे मील में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कुरडेग में झामुमो महिला मोर्चा की बैठक, प्रखंड समिति का पुनर्गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** प्रखण्ड के वन विभाग के डाक बंगला में शनिवार को झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग की अध्यक्षता में झामुमो महिला मोर्चा की संगठात्मक बैठक हुई । बैठक में संगठन को बुथ स्तर पर मजबूत बनाने , अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने तथा सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुँचाने पर चर्चा की गई ।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि महिला मोर्चा झामुमो संगठन का महत्वपूर्ण विंग है । प्रखण्ड महिला मोर्चा को सशक्त बनाते हुए महिला मोर्चा के कार्यकत्ताओं से राज्य सरकार की उपलब्धियों के साथ पार्टी के नीति सिद्धांतों को गाँव गाँव तक पहुँचाने की अपील की । साथ ही कहा कि अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी से जोड़े । बैठक में सर्वसम्मति से झामुमो महिला मोर्चा प्रखण्ड समिति का पुनर्गठन किया गया । जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष - नम्रता खेस , उपाध्यक्ष - शांति कुजूर , उपाध्यक्ष - सावित्री देवी, सचिव -तारामणि तिग्गा , कोषाध्यक्ष चोन्हाती मिंज का चयन किया गया । जिला कमीटी से आये अतिथियों ने नव निर्वाचित प्रखण्ड कमिटी के सदस्यों को फूल माला पहनाकार सम्मानित किया । मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल कण्डुलना , जिला सचिव सफीक खान , जिप सदस्य बिरजू कण्डूलना , केन्द्रिय समिति सदस्य नुवास केरकेट्टा , नुसरत खातून , नगर अध्यक्ष अनस आलम , संगठन सचिव वकील खान , प्रखण्ड अध्यक्ष नासीर अंसारी , प्रखण्ड सचिव अशोक दास के अलावे पार्टी के प्रखण्ड समिति के सदस्य एवं कार्य कर्ता उपस्थित रहे ।




## सफलता प्राप्ति की पहली सीढ़ी अनुशासन और मेहनत : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और एसएस +2 उच्च विद्यालय कोलेबिरा में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्यामलाल प्रसाद, प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गायत्री साहू, प्रखंड कार्यक्रम प्राधिकारी नीलिमा कुजूर, साधन सेवी समीरा बा, रेणु तिग्गा, वार्डन पूनम साहू और प्रधानाध्यापिका आभा प्रमिला मिंज सहित अनेक शिक्षा विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।सर्वप्रथम छात्राओं ने विधायक व सभी अतिथियों का स्वागत किया। विधायक कोनगाड़ी ने कहा कि सफलता की पहली सीढ़ी अनुशासन और मेहनत है। घर बच्चों की पहली पाठशाला है, इसलिए घर का माहौल सकारात्मक रखें और बच्चों को अच्छे संस्कार दें। उन्होंने अपील की कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी परिस्थिति में वाहन न चलाने दें। साथ ही राज्य सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों, सीबीएसई पैटर्न पर मुख्यमंत्री एक्सीलेंसी विद्यालय, पुस्तकालय निर्माण और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की विस्तृत जानकारी दी।राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने पीटीएम के महत्व और छात्रों की उपस्थिति एवं नामांकन सुनिश्चित करने पर बल दिया। प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और गांव-समाज का नाम रोशन करने की बात कही। वहीं श्यामलाल प्रसाद ने मेहनत और खेलकूद दोनों पर ध्यान देने की प्रेरणा दी।मौके पर डेजी तिर्की, मंगलेश्वरी गुप्ता, सुशमा कुमारी, निभा कुमारी, ममता कुमारी, अश्रिता कच्छप, कुमारी प्रियंका, सरस्वती देवी, फुलमनी जोजो, दिव्या लकड़ा, मंजुला होरो, पियुश डुंगडुंग, पूनम कुमारी, ममता कंडुलना, भलेरिया टोप्पो, निश्चल लुगुन, अमरेंद्र कुमार सिंह, सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## वीर चक्र सम्मानित शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो को पुण्यतिथि पर नमन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा।** श्रीलंका में शांति सेना अभियान के दौरान शहीद हुए सिमडेगा के वीर सपूत, वीर चक्र सम्मानित शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। वेटरन इंडिया जिला इकाई के तत्वावधान में सदर प्रखंड के हलवाई पुल के समीप पींडाटांगर मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर विशेष मिस्सा अनुष्ठान और प्रार्थना सभा संपन्न हुई। इसके बाद पूर्व सैनिक संघ के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने एकत्र होकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और सलामी देकर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जॉन ब्रिटो किड़ो की वीरता और बलिदान हमेशा जिले और देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगी। बताया गया कि वर्ष 1989 में भारतीय सेना को शांति सेना के रूप में श्रीलंका भेजा गया था। बिहार रेजिमेंट के सिपाही जॉन ब्रिटो किड़ो भी इस दल का हिस्सा बने। उस समय श्रीलंका में आतंकवाद और जातीय संघर्ष चरम पर था। कठिन परिस्थितियों में उन्होंने बहादुरी से मोर्चा संभाला और 13 सितंबर 1989 को हुए संघर्ष में अंतिम सांस तक लड़ते रहे।प्रत्यक्षदर्शियों और सेना के साथियों के अनुसार, शहीद जॉन ब्रिटो ने मौत से कुछ क्षण पहले तक दुश्मनों पर गोलियां दागीं और कई विद्रोहियों को मार गिराया। उनकी इसी वीरता के लिए उन्हें मरणोपरांत "वीर चक्र" जैसे सर्वोच्च सम्मान से अलंकृत किया गया।पुण्यतिथि के अवसर पर लोगों ने कहा कि जॉन ब्रिटो किड़ो का बलिदान देश की अखंडता और शांति स्थापना की अमर गाथा है।

## 20वीं मेजर ध्यानचंद हॉकी के सितारे चमके फाइनल मुकाबलों पर नजर

- महिला में सीओई रोज व सीओई ईस्ट विन, पुरुष में लिटिल टाइगर व सीओई सिमडेगा फाइनल में पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित 20वीं मेजर ध्यानचंद सिमडेगा जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपियनशिप 2025 के 16वें दिन महिला और पुरुष दोनों वर्गों के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। महिला वर्ग में सीओई रोज और सीओई ईस्ट विन ने शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं पुरुष वर्ग में लिटिल टाइगर और सीओई सिमडेगा ने जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की।महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल में सीओई रोज ने लंबोई को एकतरफा मुकाबले में 08-01 से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल में सीओई ईस्ट विन ने मिनी शक्ति नारी टीम को 4-0 से मात दी। पुरुष वर्ग में पहला सेमीफाइनल लिटिल टाइगर और संत अन्ना स्कूल सामतोली (बी) के बीच हुआ, जिसमें लिटिल टाइगर ने 6-2 से धमाकेदार जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल सीओई सिमडेगा और एसटीसी सिमडेगा के बीच खेला गया, जिसमें सीओई सिमडेगा ने 2-1 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।अब आज महिला वर्ग का फाइनल सीओई रोज और सीओई ईस्ट विन के बीच होगा, जबकि तीसरे/चौथे स्थान के लिए मिनी शक्ति नारी और लंबोई की टीमें भिड़ेंगी। पुरुष वर्ग का फाइनल लिटिल टाइगर और सीओई सिमडेगा के बीच होगा तथा तीसरे/चौथे स्थान का मुकाबला एसटीसी सिमडेगा और संत अन्ना स्कूल सामटोली (बी) के बीच खेला जाएगा।सेमीफाइनल मैच का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, सिमडेगा कॉलेज के प्रो. दीपक झा और हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। आयोजन को सफल बनाने में हॉकी सिमडेगा पदाधिकारियों के साथ सदर अस्पताल की मेडिकल टीम का विशेष योगदान रहा।

### संघर्ष से आत्मनिर्भरता तक–सीता देवी की कहानी

## शराब का कारोबार छोड़कर वाद्य यंत्र मांदर बनाकर बनाई पहचान

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिकरियाटांड़ पंचायत के सोगड़ा गाँव की सीता देवी की ज़िंदगी कभी संघर्षों से भरी थी। परिवार चलाने के लिए वे हाट-बाज़ार और अपने घर से देसी शराब बेचने को मजबूर थीं। इससे घर का खर्च तो चलता था, पर शराबी आए दिन झगड़ा करते, पैसे नहीं चुकाते और माहौल बिगड़ता रहता।साल 2022 में उनकी ज़िंदगी ने नया मोड़ लिया। सीता देवी मयूर स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिली। इसी दौरान समूह और ग्राम संगठन के माध्यम से फूलों झानों आशीर्वाद अभियान की जानकारी प्राप्त हुई। उन्होंने इस योजना का लाभ उठाते हुए 10,000 रुपये का ऋण लिया और परंपरागत वाद्ययंत्र मान्दर बनाने का कार्य शुरू किया।आज मान्दर बनाने और बेचने का यह व्यवसाय उनके लिए सम्मानजनक और स्थायी आमदनी का जरिया बन गया है। सीता देवी हर महीने लगभग 10,000 रुपये कमा रही हैं। पहले जहाँ उन्हें शराब बेचने में असहजता और अपमान का सामना करना पड़ता था, वहीं अब मेहनत से अर्जित आय से उनका आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान दोनों बढ़े हैं।सीता देवी कहती हैं शराब बेचना मजबूरी थी, लेकिन मान्दर का व्यवसाय मेरी पहचान है। अब मैं अपने परिवार को गर्व के साथ संभाल सकती हूँ।आज सीता देवी की सफलता गाँव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी है और यह साबित करती है कि सरकारी योजनाएँ और स्वयं सहायता समूह मिलकर जीवन बदल सकते हैं।

**शिलान्यास** अखरा निर्माण कार्य का विधायक भूषण बाड़ा और विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने किया शिलान्यास

# अखरा हमारी संस्कृति की आत्मा और समाज का दर्पण

- स्कूलों में सांस्कृतिक परंपरा की कक्षा शुरू करने का सुझाव

**नवीन मेल संवाददाता**



### करम-जितिया मिलन समारोह का भी हुआ आयोजन

मौके पर जंगल छोड़ब नहीं, गांव छोड़ब नहीं, गाय माटी छोड़ब नहीं गीत पर दोनों विधायक सहित अन्य लोग झूमते नजर आए। वहीं कई नृत्य मंडलियाँ शामिल होकर झूमते हुए नजर आईं।पद्मश्री मधु मंसूरी महावीर नायक, रूपेश बड़ाईक,जगदीश बड़ाईक,मनीष बरवार,राज मौर्य,जयकांत इंदवार,श्रीकांत इंदवार जिप सदस्य जोसिमा खाखा, एसडीओ प्रकाश रंजन ज्ञानी, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, 20 सूत्री अध्यक्ष सह उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, सांसद प्रतिनिधि डीडी सिंह, सोहन बड़ाईक, साधु मलुआ आदि उपस्थित थे।

**सिमडेगा।** जिले में विलुप्त हो रही लोक नृत्य एवं लोक गीतों को बचाने के लिए पार्वती शर्मा कॉलेज परिसर में पहला जिला स्तरीय अखरा का निर्माण किया जाएगा। पर्यटन, कला-संसकृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग द्वारा बनने वाले अखरा निर्माण कार्य का शनिवार को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने संयुक्त रुप से शिलापट्टा का अनावरण कर किया। मौके पर मंच संचालन सत्या ठाकुर ने किया।मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि अखाड़ा हमारी धरोहर है और हमारी संस्कृति के आधार हमारी जंगल, जमीन, नदी नाला एवं प्राकृतिक संपदा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सबसे बड़े अखाड़ा के निर्माण के लिए आप सभी लोग बधाई के पात्र हैं। अखाड़ा सिर्फ एक जमीन का टुकड़ा नहीं ये हमारी संस्कृति की आत्म है, समाज का दर्पण है। स्कूल, मंदिर ओर न्यायालय है। उन्होंने कहा कि अखाड़ा की बचाने हम सब की जिम्मेवारी है। लोक गीत को युवा की सीखना होगी। स्कूल कॉलेज में संस्कृति परंपरा का एक क्लास होना चाहिए। पुरखो की संस्कृति को भविष्य के हाथों देना हमारी जिम्मेदारी है।अखाड़ा केवल नाच गान का स्थल नहीं है बल्कि हमारे समाज के लिए नीति निर्धारण करने वाला एक प्रमुख स्थल भी है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की असली पहचान जंगल, जमीन, नदी-नाला और हमारी प्राकृतिक संपदा से है। अखरा केवल नाच-गान का स्थल नहीं, बल्कि यह हमारे पूर्वजों का वह केंद्र है जहाँ समाज की नीतियाँ तय होती थीं, फैसले लिए जाते थे और एकता की परंपरा जीवित रहती थी। आज हम सबको यह संकल्प लेना होगा कि अखरा को बचाना ही नहीं, बल्कि इसे आने वाली पीढ़ी तक पहुँचाना भी हमारी जिम्मेदारी है।

## न्यूज बॉक्स

### नेशनल लोक अदालत में विवाद सुलझा उपभोक्ता को मिली 1.65 लाख की राशि

**सिमडेगा।** जिला उपभोक्ता आयोग में शनिवार आयोजित नेशनल लोक अदालत के दौरान उपभोक्ता विवाद संख्या CC/10/2024 का निपटारा आपसी समझौते के आधार पर किया गया। मामला विजयर लुगुन बनाम राहुल घोष एवं अन्य का था। जानकारी के अनुसार वादी ने विपक्षी से पावर टिलर खरीदा था, जिसमें खराबी पाई गई और उचित मरम्मत नहीं होने के कारण वादी ने आयोग में वाद दायर किया था।आयोग के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार की मध्यस्थता में समझौते के तहत विपक्षी द्वारा वादी को पावर टिलर की पूरी कीमत 1,65,000 रुपये लौटाने पर सहमति बनी। मामले का निष्पादन करते हुए उक्त राशि का चेक आज ही वादी को आयोग अध्यक्ष द्वारा सौंपा गया।इस तरह आयोग के हस्तक्षेप से उपभोक्ता को न्याय मिला और विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान हो सका।

### प्रखंड ग्राम सभा मंच ठेठईटांगर की बैठक संपन्न

**ठेठईटांगर।** ग्राम सभा मंच ठेठईटांगर की बैठक सद्भावना भवन ठेठईटांगर में प्रखंड अध्यक्ष सिप्रियन सुरीन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिनमें मुख्य रूप से ग्राम सभाओं को संगठित करना, उन्हें सही शिक्षा एवं जानकारी प्रदान करना, प्रशिक्षण देना, योजनाएँ बनाना और लागू करना शामिल रहा। साथ ही ग्राम सभा के अधिकार एवं दायित्व की जानकारी देकर उन्हें लागू करवाने पर जोर दिया गया। इस दौरान पेसा कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी साझा की गईं।बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 25 और 26 सितंबर को एक प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा शिक्षा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में पेसा नियमावली, कानून एवं संविधान, सीएनटी एक्ट एवं पांचवी अनुसूची से संबंधित जानकारियाँ रखने वाले वक्ताओं द्वारा प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें हर हाल में हर ग्राम सभा को मजबूत बनाना है। ग्राम सभाओं को उनके अधिकार और दायित्व समझाना आवश्यक है, तभी सही मायने में गांव और ग्राम सभा का विकास संभव हो सकेगा।बैठक में जिला ग्राम सभा मंच के सदस्य विपिन पंकज मिंज, जॉर्जीना समद, अजय एक्का, नेल्सन केरकेट्टा, सुनील एक्का, सोशांति कांडुलना, प्रिसिला डुंगडुंग, जोहन बरला, राजेंद्र सोरेंग, अनिल सुरीन, ज्योति लकड़ा, दशरथ सिंह सहित कई ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

### अनाथ सपना का नामांकन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में

**बानो।** बानो प्रखंड में अनाथ और नाबालिग सपना कुमारी का नामांकन पी.एम. श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बानो में कराया गया। ग्राम सोय निवासी स्व. सुबोध लोहरा की 14 वर्षीय पुत्री सपना की पढ़ाई छूटने की आशंका थी, लेकिन जनप्रतिनिधियों की पहल से उसे शिक्षा का अवसर मिल गया।मिली जानकारी के अनुसार, सुबोध लोहरा की पिछले वर्ष बीमारी से मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उनकी पत्नी किसी तरह परिवार का पालन-पोषण कर रही थी। हाल के दिनों में वह पाँच बच्चों में से एक को लेकर कहीं चली गई और बाकी बच्चों को अपने हाल पर छोड़ दिया। लंबे समय तक पत्नी के नहीं लौटने पर सुबोध का बड़ा भाई सुनील लोहरा ही बच्चों की देखरेख करने लगा। आर्थिक स्थिति कमजोर होने से उसे खुद के परिवार और भाई के बच्चों का भरण-पोषण करना कठिन हो गया।स्थिति की जानकारी मिलते ही सोय पंचायत की मुखिया सोमारी कैथवार आगे आईं। उन्होंने एक बच्चे का नामांकन प्राथमिक विद्यालय एल्ला में कराया और शेष बच्चों की समस्या प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी को बताई। बीडीओ ने सहयोग करते हुए सपना कुमारी का नामांकन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कराने की पहल की।शनिवार को आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर सपना कुमारी को आठवीं कक्षा में नामांकित किया गया।

### एकल विद्यालय बानो में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया

**बानो।** एकल विद्यालय बानो में शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और केक काटकर उनके जन्मदिवस को स्मरण करते हुए की गई।इस अवसर पर विद्यालय केंद्र की आचार्या सावित्री देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के संवाहक थे। उन्होंने भारतीय दर्शन और संस्कृति को विश्वभर में प्रसारित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे और यूनेस्को के एक्जीक्यूटिव बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने देश का गौरव बढ़ाया। हिंदू दर्शन के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है।शिक्षक दिवस समारोह में विद्यालय के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें नृत्य, गीत और कविताओं ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्मृति भद्रो, बुलबुल, स्नेहलता, शिल्पा कुमारी और रेशमा सहित कई लोगों का सराहनीय सहयोग रहा।

### राजकीय मध्य विद्यालय बानो में पीटीएम शिक्षक : अभिभावक गोष्ठी आयोजित

**बानो।** राजकीय मध्य विद्यालय बानो में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना ने की। स्वागत उपरांत विद्यालय के प्रधानाध्यापक स्मिथ सोनी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु चल रही योजनाओं, पोषण आहार वितरण, एफएलएन, दीक्षा एवं अन्य नवाचारों की जानकारी दी।मुख्य अतिथि बिरजो कंडुलना ने अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें। उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए बताया कि गांव का गरीब बच्चा भी मेहनत से बैंक मैनेजर बन सकता है, तो आपके बच्चे क्यों नहीं। उन्होंने विद्यालय को जिले का बेस्ट बताते हुए बच्चों के लिए हॉल निर्माण का प्रयास करने की बात कही।समिति सदस्य सह शिक्षिका मंजू एरिका कंडुलना ने अभिभावकों को बताया कि बच्चों को आईसीटी लैब और लाइब्रेरी की सुविधा दी जा रही है। वहीं वार्ड मेंबर अरुण बड़ाइक और नवीन कुमार ने भी बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने और हिंदी-अंग्रेजी शिक्षा पर जोर देने की अपील की।मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रबंधन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

### ऐडेगा भंडार टोली निवासी ललिता देवी का घर गिरकर क्षतिग्रस्त

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के ऐडेगा पंचायत अंतर्गत भंडार टोली निवासी ललिता देवी पति लहरू मांझी का घर शनिवार को अचानक गिर गया, जिससे पूरा मकान क्षतिग्रस्त हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण घर की दीवारें पहले से ही कमजोर हो चुकी थीं। अचानक भरभराकर दीवार और छत गिर पड़ी, जिससे घर में रखे एस्बेस्टस, पाइप, खपरा और अन्य सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि घटना के समय घर के सदस्य सुरक्षित बाहर निकल गए, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ।ललिता देवी ने बताया कि घर पूरी तरह टूट जाने से परिवार खुले आसमान तले रहने को मजबूर हो गया है। उनके पास और कोई वैकल्पिक घर नहीं है। इस स्थिति में परिवार को रहने और दैनिक जीवन की काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने प्रखंड प्रशासन से तत्काल राहत और स्थायी आवास उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि पीड़ित परिवार की स्थिति को देखते हुए शीघ्र मदद पहुंचाई जाए।

### ऑपरेशन रेड हंट: 12 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी नंद कुमार यादव गिरफ्तार

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन रेड हंट: सिमडेगा पुलिस" के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने विगत 12 वर्षों से फरार एक स्थायी वारंटी को दबोचने में कामयाबी पाई है।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नंद कुमार यादव, पिता- नाथूराम यादव, ग्राम महुआडीह, थाना कुरडेग, जिला सिमडेगा के रूप में हुई है। उसके खिलाफ कुरडेग थाना कांड संख्या 29/13, धारा 341/323 भादवि के तहत मारपीट का मामला दर्ज था। मामला दर्ज होने के बाद से ही वह गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो गया था और अपने पूरे परिवार के साथ तेलंगाना में रह रहा था। हाल ही में वह गांव लौटा, जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने विशेष छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया।सिमडेगा पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि अब तक इस अभियान के तहत कुल 30 स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है तथा 45 लाल (स्थायी) वारंटों का निष्पादन किया गया है।

### अफीम की खेती छोड़ वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए एसपी ने की बैठक

# अफीम की खेती नहीं करने की ली गई शपथ




नवीन मेल संवाददाता

**सरायकेला-खरसावां।** सरायकेला-खरसावां पुलिस द्वारा वर्तमान फ़सलीय वर्ष में जिलांतर्गत अफीम की अवैध खेती की संभावना को नगण्य करने के लिए प्री कल्टीवेशन ड्राइव चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान जिला पुलिस द्वारा विभिन्न माध्यमों से अफीम की अवैध खेती की रोकथाम तथा वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए आमजन को जागरूक किया जाएगा। इस अभियान के तहत शनिवार को वर्तमान फ़सलीय वर्ष में जिलांतर्गत अफीम की अवैध खेती की संभावना को नगण्य करने हेतु चलाये जा रहे प्री कल्टीवेशन ड्राइव के दौरान पुलिस अधीक्षक सराइकेला खरसावाँ के नेतृत्व में दलभंगा ओपी परिसर में स्थानीय मानकी मुण्डा एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई । बैठक के दौरान स्थानीय मानकी मुण्डा एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा अपना विचार रखा गया एवं सभी के द्वारा अफीम की खेती नहीं करने की शपथ ली गई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सराइकेला द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को स्थानीय भाषा में अफीम के दुष्प्रभाव एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को अफीम के स्थान पर वैकल्पिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# मथुरा महतो बने कुसमाटांड़ दुर्गापूजा कमेटी के अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता



**बलियापुर।** कुसमाटांड़ में शनिवार को दुर्गापूजा व बासीविजयामेला के आयोजन व संचालन को ले ग्रामीणों की बैठक हुइ। मौके पर आम सहमति से पूजा कमेटी का गठन हुआ। मथुरा प्रसाद महतो अध्यक्ष, गोपालचंद्र महतो सचिव व सुनील कुमार महतो कोषाध्यक्ष चुने गऐ। पूजा व वासीविजया त्योहार धूमधाम से मनाने का निर्णय हुआ। विजयादशमी के दो दिन बाद वासीविजयामेला के मौके पर झूमर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि कुसमाटांड़ वासीविजया मेला झूमर के लिए ही प्रसिद्ध रहा है। इस बार आगे से बंहतर पूजा मनाया जाएगा। इस मौके पर प्रेमानंद महतो, भोलानाथ महतो, रवि महतो, देवेन्द्रनाथ महतो, लगेन महतो, उत्तम महतो, परमेश्वर महतो, मुक्तेश्वर महतो, जटल महतो आदि मौके पर थे।

## न्यूज बॉक्स

### गुमला के सीमावर्ती गांव गिद्ध खोता में बुनियादी सुविधाओं का अभाव



**रायडीह (गुमला)।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग पंचायत के सीमावर्ती गांव गिद्ध खोता में ग्रामीणों ने आदि कर्मयोगी योजना को लेकर बैठक की। इस दौरान लोगों ने गांव की गंभीर समस्याओं पर चर्चा की और योजना से लाभ की उम्मीद जताई। यह गांव गुमला जिले का अंतिम गांव है, जिसके बाद सिमडेगा जिला शुरू होता है। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि आज भी वे बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। गांव में न तो बिजली है, न ही आंगनबाड़ी केंद्र। पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं है। सामुदायिक भवन और चबूतरा भी नहीं बने हैं। गांव में बिजली के खंभे लगे हैं, लेकिन लाइन नहीं जोड़ी गई है। सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है। करीब 32 परिवारों के 100 लोगों की आबादी वाले इस आदिवासी बहुल गांव में मोबाइल नेटवर्क भी नहीं रहता। ग्रामीणों को बातचीत के लिए दो किलोमीटर दूर मिटोंगरी जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि आज के डिजिटल युग में भी उनका गांव नेटवर्क विहीन है। बैठक में शिवनारायण लोहार, सूर्या राम, मार्कंडेय राम, गुरचरण राम, रूपनाथ राम, बंबल देवी, उगनी देवी, ऊषा देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एनकेसीपीएल पर अवैध कटौती और सड़क व कार्यालय समस्या को लेकर ट्रक मालिकों का हल्ला बोल

**लोहरदगा।** जिले के ट्रक मालिकों और संचालन समिति ने एनकेसीपीएल के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए महाप्रबंधक, खान प्रभाग, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को ज्ञापन सौंपा। ट्रक मालिकों का आरोप है कि एनसीपीएल द्वारा वर्षों से अवैध रूप से प्रति टन 4 की कटौती की जा रही है। कंपनी और उसके ट्रांसपोर्टरों से बार-बार बातचीत करने के बावजूद कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि एनकेसीपीएल का लोहरदगा में कार्यालय नहीं होने के कारण समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। साथ ही, हेसल साइडिंग तक जाने वाली सड़क जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। आए दिन ट्रक फंसने और ब्रेकडाउन की घटनाएं हो रही हैं, जिससे ट्रक मालिकों और ड्राइवरों को आर्थिक व शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही, हेसल साइडिंग में कांटा व्यवस्था भी ठीक से नहीं हो रही है। हिंडाल्को कंपनी के कर्मचारी द्वारा कांटा नहीं किया जाता, जबकि बीकेबीके स्टाफ इसके कार्यभार में लगे हैं, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। संचालन समिति ने आग्रह किया है कि अवैध कटौती को तुरंत रोका जाए और वर्षों से की गई कटौती की राशि का एरियल भुगतान किया जाए।

### लोहरदगा में पंजीकरण कार्य फिर से शुरू

**लोहरदगा।** जिले में पिछले 30–40 दिनों से पंजीकरण कार्य अनिश्चितकाल के लिए ठप पड़े थे, जिससे आम जनता और अधिवक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अनावश्यक दस्तावेजों की मांग के चलते यह प्रक्रिया पूरी तरह अटका हुई थी, लेकिन अब राहत की खबर मिली है। उपायुक्त के संज्ञान में यह समस्या आने के बाद उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने तत्काल समाधान का आश्वासन दिया। डीसी एवं रजिस्ट्रार के बीच हुई समीक्षा बैठक के परिणामस्वरूप निर्णय लिया गया है कि सोमवार, 15 सितम्बर 2025 से सभी पंजीकरण कार्य नियमित रूप से प्रारंभ कर दिए जाएंगे। उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने कहा, "पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान यदि किसी भी प्रकार की दिक्कत या अनियमितता सामने आती है तो संबंधित पक्ष सीधे जिला उपायुक्त कार्यालय में अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। आवश्यकतानुसार मामले को कलेक्टर स्तर पर भी उठाया जाएगा।

### उपायुक्त ने सूरजकुंड समेत अन्य स्थानों का किया दौरा, वस्तु स्थिति से हुए अवगत

# सूर्यकुंड के गर्म जल का लिया आनंद प्राचीन मंदिर में टेका माथ

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने शनिवार को बरकट्ठा क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान उन्होंने बेलकप्पी पंचायत भवन, पोस्ट ऑफिस, सूर्यकुण्ड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा का दौरा किया हैं। इस दौरान शिलाडीह निवासी शमीम अंसारी समेत अन्य लोगों ने शिलाडीह रोड की समस्या से अवगत कराया। साथ ही लोगों ने कहा कि शिलाडीह में वर्ष 2005 में सड़क निर्माण किया गया था, इसके बाद आज तक मरम्मत नहीं की गईं। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं। वहीं सूर्यकुण्ड में गर्म कुंड का निरीक्षण किया। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि धीरेन्द्र पांडेय ने कहा कि पानी निकासी की समस्या है तथा शीतल पपेय का समुचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है। इसके बाद उपायुक्त ने सूर्यकुण्ड के गर्म जल का आनंद लिया। वहीं प्राचीन मंदिर में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान पुजारियों ने प्राचीन मंदिर संबंधित जानकारी दी जिसके बाद नदी किनारे 20 फुट कुंआ का निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा पहुंचकर रजिस्टर आदि जांच की और मरीजों का हाल चाल जाना। इस मौके पर प्रशिक्षु आईएएस अंचल अधिकारी बरकट्ठा आनंद शर्मा, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, एम ओ मिंटू रजक, मुखिया ललिता देवी, झारखंड आंदोलन कारी नेता धीरेंद्र पाण्डेय समेत अन्य लोग शामिल थे।

### बिशुनपुर में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित

**बिशुनपुर (गुमला)।** प्रखंड के पीएम श्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय नरमा में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, शिक्षा व्यवस्था की मजबूती और विद्यालय-परिवार के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जनजातीय कार्य मंत्री चमरा लिंडा शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। साथ ही अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। मंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की कुंजी है।

### घाघरा सर्वेश्वरी बाल मंदिर स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित

**घाघरा गुमला।** घाघरा चांदनी चौक स्थित सर्वेश्वरी बाल मंदिर स्कूल में शनिवार को शिक्षक दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने दीप प्रज्वलित और फीता काटकर की। इस मौके पर पुष्पा टोप्पो ने शिक्षकों को 'समाज का निर्माता' बताते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के पहले पायदान से लेकर अंतिम पायदान तक के सभी व्यक्तियों को एक सफल नागरिक बनाने का काम गुरुजनों द्वारा ही किया जाता है। उन्होंने ऐसे महान गुरुओं को नमन किया। वही सर्वेश्वरी समूह घाघरा के उपाध्यक्ष अनंत पांडेय ने भी बच्चों के समक्ष कई बहुमूल्य बातें साझा कीं।

### जय श्री राम समिति की अहम बैठक दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां तेज



**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति द्वारा जिला कार्यालय हटिया गार्डन लोहरदगा में दुर्गा पूजा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी दुर्गा पूजा के दौरान समिति के संरक्षक पदाधिकारी एवं सदस्य सभी पूजा समितियों एवं पंडालों का भ्रमण करेंगे। साथ ही नगर प्रखंड पंचायत के पंडालों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों से भी मुलाकात कर विधि व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। विशेष रूप से नवरात्रि के प्रथम दिन अर्थात 22 सितंबर 2025 को संध्या 7 बजे लोहरदगा बरवा टोली स्थित मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जय श्री राम समिति के निर्वाचित पदाधिकारी – अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष का एक वर्ष पूरा होने पर जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल जी द्वारा महा आरती, भंडारे का प्रसाद वितरण एवं अभिभावक संरक्षण सलाहकार व पदाधिकारियों का सम्मान समारोह बड़े उत्साह के साथ संपन्न किया जाएगा। समिति द्वारा इस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी जोश-खरोश से की जा रही हैं। बैठक में जिला संरक्षक अजय सोनी, रोहित साहू, शैलेश कुमार, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, जिला महामंत्री प्रदीप साहू, कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह, रक्त संग्रह अध्यक्ष जीवनराज मेहता, पूर्णिमा वर्मा, उपाध्यक्ष विनोद साहू, जागेश्वर साहू, काली साहू, उपेंद्र जी, दिग्गत सिंह सहित बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में कुत्ते के हमले से एक घायल

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के डीबी स्कूल के पास कुत्ते के हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान सुशील मिंज के रूप में हुई है, जो सुबह अपने काम से बस स्टैंड जा रहे थे।डीबी स्कूल के समीप अचानक एक कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उनके पैर में काट लिया और उनके कपड़े भी फाड़ दिए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।स्थानीय लोगों ने बताया कि यह कुत्ता किसी निजी व्यक्ति का है और यह अक्सर सुबह घूमने निकलता है। इस कुत्ते ने पहले भी कई लोगों को घायल किया है। लोगों में डर का माहौल है, क्योंकि हमला करने वाली जगह के पास ही राजकीय बालक मध्य विद्यालय भी है, जहाँ हर दिन छोटे बच्चे स्कूल

# अवैध देशी कट्टा व गोली के साथ एक गिरफ्तार व एक निरुद्ध




नवीन मेल संवाददाता

**खरसावां।** शनिवार को प्लस 2 हाई स्कुल, खरसावां के पास बुलेट पर सवार दो लोग संदिग्ध हालत में किसी बडी घटना को अंजाम देने के लिए हथियार के साथ होने कि गुप्त सूचना मिला जिसके उपरांत वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया तत्पश्चात् थाना प्रभारी खरसावाँ नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के क्रम में जैसे ही पुलिस की टीम प्लस 2 हाई स्कुल, खरसावाँ पहुँची तब बाईक पर सवार दो व्यक्ति पुलिस की गाडी देख भागने लगे जिसे पुलिस की टीम के द्वारा दौडाकर पकडा गया तदोपरांत पकडे गये व्यक्ति का जमा तलाशी लेने पर राजकिशोर प्रमाणिक नामक युवक के पास से एक देशी कट्टा, चार गोली, OPPO कंपनी का एक एण्ड्रोईड मोबाईल, एक गमछा एवं एक मोटरसाईकिल को जप्त किया गया। तथा घटना में संलिप्त अभियुक्त राजकिशोर प्रमाणिक को गिरफ्तार एवं एक विद्धि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया।

**गिरफ्तार अपराधकर्मी का नाम :** (1) राजकिशोर प्रमाणिक उर्फ द्वारपाल, उम्र- 30 वर्ष, पिता - संतोष प्रमाणिक, पता- बाबु रिडिंग, थाना-खरसावाँ, जिला-सरायकेला-खरसावां

**बरामदगी :** एक देशी कट्टाा, चार गोली, ओप्पो कंपनी का एक एण्ड्रोईड मोबाईल, एक बुलेट मोटरसाईकिल एवं, एक गमछा बरामद किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन, 1704 केसों का किया गया निष्पादन

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार शनिवार को वर्ष का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा, उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष डा0 कुमार ताराचंद, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय प्रेमलता त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य डालसा सादिक अनवर रिजवी सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डीजे प्रथम श्री स्वयंभु, डीजे द्वितीय नीरजा आसरी, सीजेएम केके मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, रजिस्ट्रार व्यवहार न्यायालय अमित कुमार गुप्ता, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हेमंत कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिवक्तागण और पीएलवी उपस्थित रहे। बेंच संख्या एक में विद्युत संबंधी मामले डीजे प्रथम, बेंच संख्या चार में बैंक, बीएसएनएल से संबंधित मामले एसडीजेएम और बेंच संख्या पांच कंज्यूमर फोरम, म्युनिसिपल लॉ, लेबर लॉ, रेवेन्यू केसेज सहित अन्य मामले सदस्य कंज्यूमर फोरम के नेतृत्व में गठित किया गया था।

### ग्राम सभा में रिसोर्स मैप व योजनाओं का प्रारूप तैयार

**महेशपुर।** प्रखंड के 12 गांवों में शुक्रवार को आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ग्राम सभा का आयोजन ग्राम संबंधित गांव के जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, जेएसएलपीएस कर्मी सीआरपी सहित अन्य सभी विभागों के कर्मियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। अध्यक्षता में हुई। ग्राम सभा का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाना तथा योजनाओं में पारदर्शिता व सहभागिता सुनिश्चित करना है।

**SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL**
Birla Knowledge City, Vill – Ara, P.O. – Mahilong,
Ranchi-Purulia Highway, Ranchi-835103 (Jharkhand)
Phone: 9507035717, 9507035987
E-mail – info@sbpsranchi.com • Website : www.sbpsranchi.com

**REGISTRATION FOR ADMISSION (2026-27)**

Registration forms for admission in **Nursery, KG-I, KG-II & Std. I** can be filled and submitted online through the school's official website www.sbpsranchi.com from 15.09.2025 to 31.10.2025. Online registration form (2026-27) is also available for provisional admission in **Std. XI** (Science, Commerce & Humanities). For further details please log on to www.sbpsranchi.com or call front office 9507035717, 9507035987 on working days. (Timing: 08:00 am to 01:00 pm).
BPL/EWS category candidates can apply online through https://rteranchi.in (as per Govt. norms) for admission in Nursery only.

**VACANCY FOR TEACHERS (2026-27)**

**PGT, TGT and PRTs** are required for all the subjects including **foreign languages** and **AI & Robotics**.
**How to Apply:** The eligible candidates are instructed to fill and submit the online application form along with a recent scanned photograph and a brief narrative (500-1000 words) on their professional ideology through the link https://sbpsranchi.in/career on or before 31.10.2025.
**Principal**

### तमाड़ में धू धू कर जल उठा ट्रक, चालक ने किसी तरह बचाई जान

# घंटो तक रांची-जमशेदपुर रोड पर आवागमन रहा बाधित

नवीन मेल संवादाता

- **मौके पर पहुंची पुलिस ने वन-वे कर यातायात शुरू कराया. वहीं, अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया**



**रांची।** रांची-टाटा मार्ग पर तमाड़ थाना क्षेत्र के उलिडीह-बाड़वा मोड़ के पास शुक्रवार रात बड़ा हादसा टल गया. रात करीब नौ बजे कोलकाता से राउरकेला जा रहा एक ट्रक अचानक धू धूकर जल उठा. ट्रक संख्या एनएल 01 एए 8038 पर बोरियां लदी हुई थी. ट्रक से पहले धुंआ निकला और थोड़ी ही देर में वह आग के गोले में तब्दील हो गया. उलिडीह बाड़वा मोड के पास से गुजरते वक्त अचानक ट्रक से धुआं निकलने लगा. ट्रक से धुआं निकलता देख चालक चंदन कुमार ने तुरंत गाड़ी रोक दी और नीचे उतरकर चेक करने लगे. इसी बीच आग भड़क उठी और कुछ ही देर में पूरा ट्रक जलकर खाक हो गया. गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. हालांकि, ट्रक और उस पर लदा सामान पूरी तरह नष्ट हो गया. इधर, ट्रक में आग लगने के बाद हाईवे पर कुछ देर तक वाहनों का आवागमन प्रभावित रहा. मौके पर पहुंची पुलिस ने वन-वे कर यातायात शुरू कराया. वहीं, अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. दरअसल, रांची, जमशेदपुर एनएच 43 पर आए दिन सड़क हादसे देखने को मिलते रहते हैं. फोरलेन होने की वजह से गाड़ियां तेज रफ्तार से गुजरती हैं. इस रूट पर काफी संख्या में भारी वाहन भी चलते हैं. अक्सर बड़ी गाड़ियों के सड़क के किनारे खड़े होने की वजह से हादसे होते रहते हैं. इसी साल फरवरी माह में रड़गांव के पास एक कार ने खड़े ट्रेलर में टक्कर मार दी थी. इसकी वजह से चालक और एक महिला की मौत हो गई थी. अप्रैल 2025 में तमाड़ थाना क्षेत्र में ही दो तेज रफ्तार बाइक के बीच टक्कर होने से दो युवकों की मौत हो गई थी. अप्रैल माह में ही इसी रोड पर कांची पुल के पास ट्रेलर और बोलेरो में टक्कर हो गई थी. इस हादसे में बोलेरो चालक की जान चली गई थी जबकि छह लोग घायल हो गये थे.

### सिद्धो कान्हो कृषि एवं वन उपज जिला सहकारी संघ की कार्यशाला का समापन

**लोहरदगा।** सिद्धो कान्हो कृषि एवं वन उपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा किसान सशक्तिकरण एवं सहकारिता के विकास को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन लोहरदगा नगर भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ जिले के उपायुक्त सह सिद्धो कान्हो कृषि एवं वन उपज जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष डॉ ताराचंद ने किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला प्रबंधक नाबार्ड, इफको प्रबंधक, जिला सहकारिता पदाधिकारी सह सचिव विजय प्रताप तिर्की सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में जिले भर से एम.पी.सी.एस., एफ.पी.ओ. और विशेष प्रकार की सहकारी समितियों के सदस्य उपस्थित हुए। उन्हें सिद्धो कान्हो कृषि एवं वन उपज जिला सहकारी संघ द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों तथा गतिविधियों से अवगत कराया गया। संघ द्वारा चिरौंजी, महुआ, विपणन और प्रसंस्करण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department, Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement , Short Notice Inviting Tender (2nd Call)**
**Reference No. - UDD/HMC/HZB/19/2025-26**
**PR No. 346218**

| Sl. no. | Particulars | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for Construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of new P.C.C Road from H/o Bhairav Kashap to Kali main road in ward no. 10 (Ten) under Municipal Corporation, Hazaribag | 15,73,200.00 | 32,000.00 | 5,900.00 | 120 days |
| 2. | Construction of P.C.C Roa d from H/o Mahendra Singh to H/o Wajir yadav in ward No. 23 under Municipal Corporation, Hazaribag | 11,44,200.00 | 23,000.00 | 5,900.00 | 120 days |
| 3. | Construction of P.C.C Road from H/o Rakesh Prasad to Rajesh Pandey in Ward No. 26 under Municipal Corporation, Hazaribag | 12,00,000.00 | 24,000.00 | 5,900.00 | 120 days |
| 4. | Construction of Road from the Campus of Manjit Yadav towards Chano road in green city in ward no. 36 (Thirty Six) under Municipal Corporation, Hazaribag | 17,93,700.00 | 36,000.00 | 5,900.00 | 120 days |

| | |
|---|---|
| Date of Publication of Tender on website | **15.09.2025 at 11:00 A.M.** |
| Last Date/Time of receipt of bids online | **13.10.2025 up to 5:00 P.M.** |
| Bid Opening date | **15.10.2025 at 11:00 A.M.** |
| Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. |
| Contact No. of Procurement officer | 8219204356 |

NOTE :
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- e-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender)–12/2023/नवि– 4847 (अनु.) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

**PR 361853 Urban Development and Housing(25-26)#D**

## उसके अहसानों का बोझ

1987 की अक्टूबर रही होगी। हमारी बटालियन को आदेश हुआ कि श्री लंका में वहाँ की सरकार और लिबरेशन टाइगर ऑफ़ तमिल येल्लम (लिट्टे) के बीच चल रहे उनकी आंतरिक लड़ाई में "शांति स्थापित करने वाली सेना" (पीस कीपिंग फॉर्स) के रूप में हमारी तैनाती की जा रही है। मैंने कोलम्बो पहुंचने पर श्याम से पूछा था, " मीत, तुम उदास क्यों लग रहे हो ?" वह भी जैसे अपने मन की गुत्थियों को खोलने के लिए बेचैन हो रहा था। "यार करण, माता - पिता की मुझे चिंता बिल्कुल नहीं है। मुझे चिंता अगर है तो शनोली की।" कहकर वह चुप हो गया। "मीत, तुमने शनोली के बारे में कभी बताया नहीं।" "आज मन नहीं मान रहा। इसलिए तुम्हारे सामने बताना चाह रहा हूँ।"कहकर वह फिर चुप हो गया। "तुम चुप क्यों हो गए ? अपने मन की बात खुलकर खोल देने से मन हल्का हो जाता है।" उसने अपनी आशंकाएं बताई थी, "करण, शनोली बहुत सुन्दर है। जानते हो शनोली माने नेपाली में क्या होता है, काइंड हर्टेड, दयावान! वह सचमुच में बहुत सरल है, दयावान है। दूसरों पर सहज विश्वास कर लेती है। मैंने उसे हर तरह से सहारा देने का वादा किया था। उन्हीं पहाड़ों और झरनों की सौगंध खाई थी, जो पहाड़ों के देवता कहलाते हैं। लेकिन मैं उसे उसके माता - पिता के भरोसे छोड़कर चला आया।" मैंने आश्चर्य से पूछा था, "इसमें तुमने गलत क्या किया? जब तक लड़कियों का विवाह नहीं हो जाता है, वे अपने माता - पिता के सहारे ही तो रहती हैं।" "मीत, तुम नहीं समझे। उसके माता - पिता बहुत गरीब हैं। ऊपर से उसके पिता को दारू पीने की लत है। नेपाल में लड़कियों को खरीदने वाले दलाल घूमते रहते हैं। उनका सौदा कर वे दिल्ली, मुंबई, कोलकाता आदि शहरों की जिस्म की मंडियों में बेच दिया करते हैं। मैं एक बार उसे देख लेना चाहता था। उसे भरोसा दिलाना चाहता था कि मैं शीघ्र ही उसे लेने आऊंगा। लेकिन यहां तो अभी छुट्टी भी नहीं मिल सकती है।" कहकर वह सचमुच रो पड़ा। मैंने उसे ढाढ़स देकर चुप कराया था। हम लोग की तैनाती जाफना के जंगलों में हो चुकी थी। यह "पीस कीपिंग फ़ोर्स" क्या होता है, हम भारतीय सेना वालों को समझ नहीं आया था। हमलोग अपने देश के लिए लड़ नहीं रहे थे। युद्ध में दो ही शब्द होते है , दोस्त और दुश्मन।



ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र

हमारा दुश्मन कौन है और क्यों है? हमें पता नहीं था। श्रीलंकाई सेना के अधिकारी हमें दिशा बता रहे थे। दिन में भी उस जंगल में कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। अचानक दो सौ मीटर दूर पर ग्रेनेड फेंके जाने से धमाका हुआ था। धुएं के गुबार के बीच कवर लेते हुए गोलियां चलनी शुरू हो गयी थी। मैं घासों के बीच चीरते हुए आगे बढ़ रहा था। मुझसे दस गज पीछे दाहिनी ओर श्याम बहादुर राइफल हाथ में लिए हुए, पीठ पर बैग में गोलियां और अन्य सामान लिए हुए बढ़ रहा था। हम लोग बीच - बीच में नीरसता दूर करने के लिए मजाक भी करते जाते थे। मैंने कहा भी था, "इस पोस्टिंग के बाद छुट्टी लेकर शनोली से जरूर मिल आना।" "तुम्हारी भविष्यवाणी सच हो!" ये सारी बातें हो ही रही थी कि अचानक नजदीक से गोलियों की बौछार जैसी होने लगी। लगता है हम लोग लिट्टे विद्रोहियों के ठिकाने के काफी करीब आ चुके थे। उन्हें हमलोगों की घेराबंदी का अहसास होने लगा था। गोलियां हमारे तरफ भी आ रही थी। ऊँचे - ऊँचे घासों से सरसराती हुई निकल जा रही थी। इतने में एक गोली मेरे हेलमेट से टकराई। मैं एक क्षण के लिए बेहोश हो गया। जब मुझे होश आया, मैंने अपने हाथ से सिर के ऊपर के हेलमेट को टटोला। वह सुरक्षित था। हेलमेट पर एक गहरा डेंट था, छील कर एक चिप भी बाहर आ चुका था। मैंने पीछे देखा, श्याम कराह रहा था।

मैं रेंगते हुए उसके पास पहुंचा। उसकी गर्दन में एक गोली धंसते हुए निकल गई थी। मेरी समझ में तुरंत आ गया। लगता है जो गोली मेरे हेलमेट से लगी, वही छिटककर श्याम की गर्दन चीरते हुए निकल गयी थी। इसका पता शायद श्याम को भी नहीं हो, लेकिन मुझे पता था। मैंने श्याम को कंधे पर उठाया और बेस मेडिकल कैंप की ओर दौड़ पड़ा। वहां पहुंचते ही उसे स्ट्रेचर पर लिटाया गया। श्याम बेहोश हो गया था। उसे एयर एम्बुलेंस से कोलंबो ले जाया गया। मेरे मन में यह बात बैठ गयी मैंने ही श्याम को घायल किया था। दस दिनों के बाद समाचार आया कि श्याम को एयर एम्बुलेंस से मद्रास (चेन्नई) ले जाया जा रहा था, रास्ते में उसकी मौत हो गयी। मैं सोचता रहा, मेरी जिंदगी उसी की दी हुई है। जो गोली उसे लगी, वह मुझे लगनी चाहिए थी। मैं ही कहीं न कहीं उसकी मौत का कारण था। मैं अपनी जिंदगी पर उसके अहसानो का बोझ लिए हुए किसी तरह जिए जा रहा हूँ ।

# ऋण कृत्वा घृतं पीवेत्



अरुणा झा



इस संसार का नियम कानून ही कुछ उल्टा पुल्टा है पुस्तकों में कुछ छपा होता है और जिंदगी में होता है कुछ और। अब देखिए लिखा है कि "हमें ऋण अर्थात कर्ज नहीं लेना चाहिए"। आखिर क्या हानि है कर्ज लेने में। सुख का उपभोग तो करना ही चाहिए, अब वह जैसे भी हो। क्योंकि "बहुत जतन मानुष तन पावा" फिर इसे व्यर्थ क्यों गवाएँ। हर एक कार्य के लाभ और हानि दोनों होते हैं। किंतु कर्ज लेने में तो मुझे सिर्फ लाभ ही लाभ नजर आते हैं। मिसाले तौर पर इसकी बदौलत घर में आप सामानों का अंबार लगा सकते हैं। जितने भी आधुनिक घरेलू उपकरण बाजार में आए उसे खरीदने जाइए इससे फायदा ही फायदा होगा। मोहल्ले में संभ्रांत समझे जाएँगे, सुख सुविधा की सारी चीज मौजूद रहने पर घर हरा -भरा रहेगा, मन प्रसन्न रहेगा। फिर जो जन्म लेता है वह मृत्यु को प्राप्त होता है। शास्त्र पुराण यही कहते हैं कि "सारा संबंध शरीर के रहने तक ही होता है, मृत्योपरान्त सारे बंधन छूट जाते हैं और कुछ भी साथ नहीं जाता। तो जब सब कुछ यहीं रह जाता है तो इस दुनिया से हमने जो भी लिया, दुनिया में ही छोड़ कर चले जाएँगे तो उस हिसाब से तो कर्ज भी यहीं रह जाएगा। अर्थात ऊपर जाकर यमराज द्वारा सताए जाने का भी डर नहीं रहता है क्योंकि हम तो खाली हाथ आए और खाली हाथ जा रहे हैं।

तुलसीदास जी ने भी रामायण में कहा है "सकल पदारथ एही जग माही । करमहीन नर पावत नाहीं ।।"उन्होंने इस बात का खुलासा नहीं किया कि सकल पदार्थ पाने के लिए क्या करना चाहिए? मेरे विचार में उनका इशारा भी इसी कर्ज लेने की तरफ होगा। क्योंकि जो 'करम' यानी कि बुलंद तकदीर वाला होता है, कर्ज भी उसे ही मिलता है। क्योंकि कर्ज लेना भी एक कला है। सभी कर्ज नहीं माँग सकते। न ही सब को कर्ज मिल सकता है।

मेरे एक मित्र हैं जो पॉकेट में हमेशा एक पाँच सौ का नोट रखते हैं और जब भी और जहाँ भी आपसे भेंट हो जाए खींसें निपोड़ते हुए कहेंगे "सौ -दो सौ छुट्टे हो तो देना जरा मेरे पास पाँच सौ का नोट है, तुड़वाकर दे देंगे।"लेकिन उस परमात्मा की कृपा से आज तक उसके छुट्टे हुए ही नहीं।

लोगों का कहना है कि खास- खास मौकों पर कर्ज लेना जायज है जैसे बेटी विवाह, बच्चों की पढ़ाई। तो मैं पूछती हूँ कि वो कर्ज अगर जायज है तो मन को शांति प्रदान करने के लिए एवं शारीरिक सुख के लिए लिया गया कर्ज नाजायज कैसे हो गया? यह शरीर भी तो परमात्मा का ही दिया हुआ है अतः हमें कोई अधिकार नहीं कि बिला- वजह इसे कष्ट पहुँचा कर परमात्मा के मन को दुखी करें । अतः कर्ज लीजिए, जी भर कर लीजिए। और अगर कोई महाजन आपके दरवाजे पर हो -हल्ला मचाने लगे और आपकी इज्जत का जनाजा निकलने की संभावना उपस्थित हो जाए। तो दूसरे से कर्ज लेकर , पहले वाले को चुकता कीजिए। दूसरे को तीसरे से लेकर और तीसरे को चौथे से इस तरह से 'जल चक्र', 'फसल चक्र' की तरह 'कर्ज चक्र' भी चलता रहेगा और समय-समय पर पैसा भी मिलता रहेगा और शाख भी बनी रहेगी।

फिर सवाल यह उठता है कि कौन कर्ज नहीं लेता जितने भी उद्योग धंधे हैं वे कर्ज लेकर ही शुरू किए जाते हैं। बड़े-बड़े देश की तो प्राचीन काल से ही परंपरा रही है कर्ज लेने की । तो आप भी अर्थव्यवस्था के शाश्वत नियम को अपनाइए कि हर देश अपने बड़े देश से कर्ज लेकर अपने से छोटे देश को देता है और वाहवाही लूटता है अतः आपको इसे लेने में शर्म नहीं आनी चाहिए।

सारांशतः हम कह सकते हैं कि हम सभी उस परमात्मा की संतान हैं और हमारे कर्मों का सारा लेखा-जोखा रखने वाले जब वही हैं, तो कर्ज लेने के बाद उसे लौटाने की चिंता हम क्यों करें? इसलिए

"यावत जीवेत् सुखम जीवेत्
ऋणं कृत्वा घृतं पीवेत "

को अपने जीवन में उतारकर स्वयं को धन्य करने का प्रयत्न कीजिए। सिर्फ एक फार्मूला को ध्यान में रखिएगा कि कर्ज माँगने भूल कर भी मेरे पास मत आइएगा। क्योंकि हो सकता है या समझिए की पूरी संभावना है कि आपके माँगने से पहले मैं ही माँग बैठूँ।

## माँ का पीतल का संदूक

एक छोटा-सा संदूक पीतल का, पर चमकता सोने-सा। नानाजी-नानीजी ने माँ को दिया था उनकी शादी के समय आशीष, परंपरा और अपनापन समेटकर।



सविता सिंह मीरा

उसमें भरे थे गहनों के खज़ाने,सोने की चूड़ियाँ,हार, कंगन, नथ,मंगटिका, बाजुबंध, चीक, छाड़ा हसली, पाजेब, झांझर,चाँदी की मछली, पान और सुपारी, गिलास, कटोरे और अनगिनत सिक्के।

हर वस्तु में छिपा था एक रिवाज़, एक संस्कार, एक घर का गर्व।

माँ अक्सर कहतीं "ये संदूक मेरी नई ज़िंदगी का श्रृंगार था।"उनकी आँखों में झिलमिलाती यादें

हमेशा मुझे बाँध लेती थीं।जैसे ही सन्दुक निकलता माँ कुछ किस्से जरूर जैसे की ऐसा ही और उससे भी वड़ा पीतल का पात्र था इसमे रखा रहता था पान जो भी बैठक में आता उनको पान खिलाकर स्वागत किया जाता, फिर घी मिश्री इत्यादि। और फिर उसी बैठक में कितनो की बेटियों का रिश्ता तय होता और हँसी और पकवान से बैठक गुंजायमान। जब भी वो पीतल का सन्दुक निकलती तो पता नहीं क्योंहमें ये आपनी और खिंचता, यह संदूक मुझे बचपन से भाता रहा। जैसे इसके भीतर गूँजते हों नानी के आशीर्वाद,माँ की हँसी, और समय की धीमी सरगोशियाँ।



कल आखिर मैंने माँ से कहा—"माँ, इसे मुझे दे दीजिए। आपने इसमें सोने के गहने सँभाले थे,

अब मैं इसमें अपनी छोटी-छोटी ऑक्सिडाइज्ड ज्वेलरी रखूँगी।" और माँ ने मुस्कुराकर

वह संदूक मेरे हाथों में थमा दिया। उस क्षण मुझे लगा—

यह सिर्फ धातु का डब्बा नहीं, बल्कि पीढ़ियों की परंपरा, धरोहर और स्नेह का दीप है। कुछ वस्तुएँ वस्तु नहीं रहतीं, वे भावनाओं की थाती बन जाती हैं। मेरे लिए वही है,माँ का यह पीतल का संदूक।

## मैडम एम

मैडम एम अपने एकाकी जीवन से उब चुकी थी।वह वर्षों से अपने फ्लैट में अकेले रह रही थी। एक दिन फ्लैट से निकलकर दरवाज़े तक गई। घड़ी की सुइयाँ सुबह के ठीक नौ बजा रही थी। दूध देने वाला नूरा पैकेट रखकर नीचे जाने के लिए ज्यों ही मुड़ा। मैडम एम आवाज लगाई-- नूरा !तुम कितने घरों में सुबह से दूध का पैकेट पहुँचाते हो? नूरा चौंका-- मैडम, करीब चालीस घरों में। मैडम एम बोली -- नूरा, तुम्हारे पिताजी भी यही दूध व्यवसाय करते हैं? तुम सब कितने भाई-बहन हो?कुछ पढ़ते लिखते भी हो? इतने सारे प्रश्नों की बौछार से नूरा थोड़ी देर चुप रहा। फिर बोला-- दो बहनें और दो भाई हैं। किसी तरह से बड़ी बहन की शादी हो सकी है। मैं और मेरा भाई सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। "अच्छा नूरा, मेरे पास कुछ किताबें हैं, मैं देना चाहती हूँ। ठीक है, मैं छाँट कर रखूंगी।" "अच्छा मैम"कहकर नूरा चला गया। मैडम सोचती रही, मैं इस परिवार के लिए और क्या कर सकती हूँ? "कुछ पुरानी साड़ियाँ हैं जो नूरा की माँ के लिए दे सकती हूँ। दूसरे दिन भर मैडम एक आलमारी से एक एक सामान निकालने में व्यस्त रही। वे सामान जो कभी सहेजकर रखे गए थे, अब उनका कोई काम का नहीं रहा था। आलमारी में रखी गई वो साड़ियाँ जो सलमा सितारा के काम से लबरेज थी, आज मैडम एम की इच्छा उसे हाथ लगाने की भी नहीं हो रही थी।वह निकाल लेती है। जब पति जीवित थे तो इन्हीं साड़ियों को पहनकर वो इठलाकर पार्टियों में जाती थी, ड्राई क्लीन करवाकर रखती थी, ताकि आगे की पार्टियों में पहन सकूँ। आज बड़ी बेदर्दी से नूरा की मम्मी के लिए निकाल ली थी। दूसरे दिन सुबह वह दूध के पैकेट हाथ में लेते हुए बोली-- "नूरा, ये लो, दो साड़ियाँ, तुम्हारी मम्मी के लिए।" नूरा हतप्रभ खड़ा था। --"ये मैडम को क्या हो गया है, अच्छी अच्छी साड़ियाँ दान कर रही हैं?" तीसरे दिन कई कॉपियाँ जिसमें सिर्फ एक या दो पृष्ठ लिखे थे, फाड़कर खाली कर लिए गए। फिर तीसरे दिन सुबह नौ बजे बोली --- "नूरा ! ये देखो कई कॉपियाँ हैं जो खाली पड़े हैं, लो इसे उपयोग करना।" नूरा कभी कुछ नहीं देने वाली मैडम एम को कैसी कैसी आँखों से देख रहा था --"कितना बदल गई है मैडम एम। कोरोना काल में मनुष्य क्या से क्या हो गया है।" नूरा सोचता रहा दिन भर इस बदलाव के बारे में? मैडम एम के बारे में आज तक वह इतना संवेदनशील होकर नहीं सोचा था। एक दिन दूध का पैकेट पकड़ाते हुए उसने पूछा---" मेम आप इन दिनों बीमार दिख रही हैं? खैरियत तो है?



गीता सिन्हा गीतांजलि

मैडम एम बोली - - - "नहीं नहीं नूरा, मैं ठीक हूँ..... थोड़ा कल बुखार..... "नूरा साहस समेटकर बोला - - - -" मैम! बाजार से कुछ मंगाना हो, या डॉक्टर के पास जाना हो, दवाइयाँ मंगाना हो तो प्लीज मेरा मोबाइल नंबर रख लीजिए......" वह इस छोटे से बालक को देखते रही...... देखती रही...... दूसरे दिन सुबह नौ बजने की प्रतीक्षा करती रही,.... करती रही। नूरा और मैडम एम के बीच एक कभी न टूटने वाली रिश्ते की डोर बँध चुकी थी।



## हमारी हिंदी हमारी पहचान

हर देश की पहचान उस देश की भाषा और संस्कृति से होती है। 'हमारी हिंदी हमारी पहचान' एक ऐसा नारा है जो हिंदी को भारत के जनमानस की भाषा, सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय एकता के धागे के रूप में स्थापित करता है। हिंदी भारत में सर्वाधिक और विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। हिंदी विश्व की सबसे प्राचीन, समृद्ध और महान भाषा है। यह सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि भारत देश की पहचान है, यह हमारे देश की संस्कृति और संस्कारों का प्रतिबिंब है। हिंदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय होने का बोध कराती है। हिंदी भाषा बहुत सरल और सहज है, इसे आसानी से कोई भी सीख सकता है। भारत कई राज्यों का देश है। यहाँ अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती है जिनमें देश के सबसे बड़े हिस्से में हिंदी बोली जाती है। आजादी के बाद संविधान बनाया गया था। विचारशील संविधान निर्माता ने इस विषय पर गंभीरता से विचार किया और इस निर्णय पर पहुँचे कि हिंदी ही एक ऐसी भाषा है जो राष्ट्रभाषा के महत्वपूर्ण स्थान पर अलंकृत होने की क्षमता रखती है क्योंकि हिंदी बोलने वालों की संख्या देश में सबसे ज्यादा है। इसके अलावा हिंदी भारत की अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को करीब लाने में सक्षम है। भारत एक बहुभाषी देश है और संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता दी गई है जिससे किसी एक भाषा को राष्ट्रभाषा घोषित करने से भाषाई एकता को खतरा पहुँच सकता है। राष्ट्रभाषा घोषित करने से भाषाई एकता को कोई खतरा नहीं पहुँचे इसलिए 14 सितंबर 1949 में हिंदी को राजभाषा घोषित की गई। राजभाषा का अर्थ है कामकाज की भाषा जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार का कामकाज हिंदी में होगा 14 सितंबर 1953 में प्रथम राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया था उसके बाद प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाने लगा इस दिन कई प्रतियोगिताएँ होती हैं अनेक कार्यालय में राजभाषा अधिकारी होते हैं और हिंदी भाषा से संबंधित कार्यक्रम किए जाते हैं। हिंदी हिंदुस्तान की भाषा है। हमारी एकता का प्रतिबिंब है। हमारी संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को अभिव्यक्त करने का माध्यम है। यह विविधताओं वाले देश भारत को एक सूत्र में पिरोने का काम करती है जिससे राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है और देशभक्ति और राष्ट्रीय भावनाओं को साझा करने में मदद करती है। हिंदी भाषा हमारे देश भारत के सम्मान, स्वाभिमान और गर्व का प्रतीक है। विश्व में कई लोग भारतीय संस्कृति और हिंदी भाषा को सीख रहे हैं। हम भारतवासी हिंदी के प्रति अपना प्रेम और सम्मान प्रकट करने हेतु हिंदी दिवस मनाते हैं। हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसे देश के हर एक कोने का व्यक्ति समझ ही लेता है। अनेकता में एकता को बढ़ावा देने वाली भाषा हिंदी को आज देश के नागरिक बोलने में शर्माने लगे हैं। बच्चों की स्कूल में हिंदी के बजाय अंग्रेजी भाषा सीखने पर जोर दिया जाता है। इन्हीं कारणों से हिंदी पिछड़ती जा रही है। कारणवश हमें हिंदी के अस्तित्व को बचाने हेतु 'हिंदी दिवस' जैसे प्रयास करने पड़ रहे हैं। यदि हम भारतवासी भारत में रहकर ही अपनी मातृभाषा हिंदी को महत्व नहीं देंगे तो यह हमारी सबसे बड़ी भूल होगी। अपनी भाषा हिंदी के अस्तित्व को बचाने हेतु हम भारतीयों को हिंदी के महत्व को खुद ही समझना होगा और औरों को भी समझाना होगा। हमें विदेशी भाषाओं को सीखने पर अधिक जोर न देकर हिंदी को रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा अनिवार्य रूप से बनाना होगा। अब से हमें प्रण लेना होगा कि हम घर से बाहर होने पर भी अपनी भाषा हिंदी बोलते हुए शर्माना नहीं बल्कि गर्व के साथ हिंदी को बोलना है। जब हम सभी मिलकर इस दिशा में प्रयास करेंगे तो 'हिंदी दिवस' को मनाने का उद्देश्य सार्थक हो जाएगा और 'हमारी हिंदी हमारी पहचान' पूर्ण रूप से हो जाएगी। जय हिंद- जय हिंदी।



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

काव्य कोना

## प्रतीक्षा - एक मुलायम डोर

प्रतीक्षा
क्षण-क्षण पल हर पल
मुलाकात, उस एक मुलाकात की
डर कर हट गए कितने
फिर भी ,
आयेगा वह
निश्छल, निस्वार्थ बांहे फैलाए खड़ा
योद्धा वहीं कहलाएगा
विलीन होने को तैयार चिरनिद्रा में।
प्रतीक्षा
क्षण-क्षण पल हर पल
मुलाकात उस एक मुलाकात की
आयेगा वह
निश्छल, निस्वार्थ बांहे फैलाये खड़ा
आभारी हूं
सीखाया सोना कांटो पर
फूलों की शैय्या ले गया कपट से
कृतज्ञ हूं सिर्फ तुम्हारा
छीन कर आह भी
बिठला दिया चौराहे पर
देखने और समझने के लिए
मुकरियां रास्ते के
और कहा, हाथ बढ़ा कर पकड़ ले
डोर एक मुलायम, कहलाती है प्रतीक्षा।
प्रतीक्षा
क्षण-क्षण पल हर पल।

नाग मणि

## युवा शक्ति भविष्य का आधार



मनीषा सहाय सुमन

युवा शक्ती राष्ट्र की कर्णधार है। यह भविष्य के आधार स्तंभ है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति व विकास का दायित्व युवा वर्ग के मजबूत कंधों पर ही होता है। किसी भी देश के युवा वर्ग ने हमेशा से राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका को सदैव निभाया है। सेना हो या वैज्ञानिक अनुसंधान का क्षेत्र हो, समाज सेवा या सासंकृतिक क्षेत्र सभी में संगठित य असंगठित युवा वर्ग ने अपने आदम्य से ही शसक्त राष्ट्र के निर्माण में सहायक होते हैं। समय- समय पर अनेक चुनौतियों का सामना कर, आध्यात्मिक ज्ञान और सफल मार्गदर्शन के आधार पर ही राष्ट्र प्रगती पथ पर निरंतर आगे बढता है।

परंतु समय -समय पर कुछ घटनाएं हमे यह सोंचने पर विवश कर देती हैं कि- "क्या युवा पीढ़ी मानसिक अवसाद क शिकार हो रही है।"

बढ़ते अपराध, महिलाओं के प्रति



दुर्व्यवहार, हिंसक प्रदर्शन, जाम, धरना, कनून का उल्लंघन, असिहष्णुता की मानसिकता यह सोंचने पर विवश करती है कि युवा शक्ति किस दिशा में आगे बढ़ रही है।

जिधर देखें हर तरफ संवेदनहीनता और नकरात्मक सोंच ,छोटी - छोटी बात पर आक्रमकता तो कभी किसी को मार देना तो कभी स्वयं को आत्महत्या के मार्ग तक ले जाना। दोनो ही हालात में हम किस तरह के समाज का निर्माण कर रहें हैं।

इन सभी परिस्थितियों का सबसे बड़ा कारण बदलती सामाजिक स्थिती,परिवार के मार्गदर्शन का आभाव, युवाओं का घर परिवार से दूर हास्टल प्रणाली पर जीवन जीना, उत्तरदायित्व का आभाव, बजारवाद, प्रतिस्पर्धा के अलावा समाजिक माध्यम द्वार दिखावे की प्रवृति भी है। आज युवा वर्ग विशेषकर समाजिक माध्यम की ग्लोबल जेनेरशन की दिशाहीन सोंच और समझ लक्ष्य पाने के क्षणिक उपायों की तरफ उन्हें मोड़ देती है। जहाँ प्रयास में असफलता उनके मार्ग का बड़ा अवरोध बनती हैं तो उनके अंदर का गुस्सा बड़े.विरोध का रूप ले तोड़- फोड़ को अग्रसित होता है जो कभी उनके लिये तो कभी समाज और देश के लिये घातक होता है।

इसके आलावा राजनितिक हस्ताक्षेप भी युवा शक्ति के दुरूपयोग का बड़ा कारण बन रहा है। अपने फायदे के लिये संगठित या असंगठित युवा शक्ति का लाभ तुच्छ मानसिकता के लोग उठा कर अपने उदेशयों के पूरा करतें हैं।

चाहे जो हो युवाओं से ही राष्ट्र का भविष्य है। हमें सार्थक कदम उठा विभिन्न क्षेत्रों में सफल मार्गदर्शन ,अनुशासन से युवा वर्ग को सही दिशा देनी होगी। समाजिक राजनीतिक दवाब को कम करते हुए ,पाश्चात्य सभ्यता के जगह अपनी संस्कृती के बीज बोने होंगे। क्षणिक प्रयासों के स्थान पर शोध को बढ़ावा देना होगा। युवा वर्ग को खुद भी सजग व सतर्क रहना होगा की उनका उपयोग राजनितिक फायदे के लिये न किया जाए। यदी युवा वर्ग सही दिशा में बढ़ेगा तभी किसी भी राष्ट्र का विकास संभव है।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## माटी की महक

करीब दस वर्ष हो गए रजनी के बेटे-बहू को लंदन में बसे हुए। इस बीच सिर्फ एक बार दिल्ली आए थे अपने घर,बहन की शादी में अब तो पोती 'कियारा ' भी पाँच साल की हो गई है जिसे देखने के लिए रजनी की आँखें तरस गयीं हैं,पर पतिदेव जाना ही नहीं चाहते अपना घर छोड़कर। लेकिन जब पोती से खेलने और बातें करने की चाहत ने जोर पकड़ा तो रजनी ने मना ही लिया पतिदेव को और पहुंच गये दोनों लंदन। लेकिन अंग्रेजी भाषा की घुट्टी पीकर पली नन्ही कियारा से हिन्दी में संवादहीनता उन्हें खलने लगी। रजनी ने तो कुछ दिनों में टूटी-फूटी अंग्रेजी भाषा सीखकर पोती के साथ अपना तालमेल बिठा लिया परन्तु पतिदेव तो टस -से- मस नहीं हुए। भाषा की कठिनाई को भाँपते हुए बेटे ने पूछा -" मम्मी ! आप दोनों को कियारा के साथ बातचीत करने में दिक्कत तो नहीं हो रही ?" " हां बेटा! मैंने तो इतने दिनों में कोशिश कर कामचलाऊ अंग्रेजी सीख ली। पर तुम्हारे पापा तो सीखना ही नहीं चाहते। इतनी भी कठिन नहीं है अंग्रेजी...!"" सुनो रजनी! तुम मुझे इतना भी बेवकूफ मत समझो।आती है मुझे भी अंग्रेजी। परंतु मैं तो कियारा बिटिया को हिन्दी सिखाना चाहता हूँ।इधर तुमने नोटिस नहीं किया कि वो मेरी हर बात समझने लगी है। हिन्दी बोलने की कोशिश भी करती है।"" यदि मैं भी अंग्रेज मैन बन गया तो अपनी माटी की महक ही खो जाएगी..."



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम






आया ऊपर से आदेश
डू ऑल थिंग्स इन
हिंदी
गया तुरंत जवाब
बीइंग डन
इस तरह हिंदी का
हो रहा
डन डना डन!



सुनील 'बादल'

## आज का दोहा

आंखों में अमराइयां, दिल में जैसे ज्वार।
अरमानों की बस्तियाँ, बसने लगीं संभार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### पीएम मोदी ने मिजोरम की पहली रेल लाइन का उद्घाटन किया

# पहली राजधानी एक्सप्रेस के साथ आइजोल आया रेलवे मानचित्र पर

**एजेंसी। मिजोरम**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम की पहली रेल लाइन का उद्घाटन किया और आइजोल को दिल्ली से जोड़ने वाली राज्य की पहली राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। लगभग 8,070 करोड़ रुपये की बैराबी-सैरंग रेल लाइन को भारतीय रेल के इतिहास में सबसे चुनौतीपूर्ण माना जाता है। परियोजना को मंजूरी साल 2008-09 में मिली थी और इसका निर्माण 2015 में शुरू हुआ था। इस रेल लाइन में 45 सुरंग, 55 बड़े पुल और 87 छोटे पुल हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि सैरंग के पास स्थित पुल 114 मीटर ऊंचा है और इसकी ऊंचाई कुतुब मीनार से भी ज्यादा है। अधिकारी ने बताया कि यह देश का खंभे वाला सबसे ऊंचा पुल है। इस रेल मार्ग में पांच सड़क ओवरब्रिज और छह अंडरपास भी हैं। इस रेल मार्ग पर बैराबी के अलावा चार मुख्य स्टेशन- होरटोकी, कावनपुई, मुआलखांग और सैरंग पड़ते हैं।



### यात्रियों को मिलेगा सुरक्षित और किफायती सफर विकल्प

मिजोरम और देश के बाकी हिस्सों के बीच सीधे रेल संपर्क से क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित, कुशल व किफायती यात्रा विकल्प मिलेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि इससे खाद्यान्न, उर्वरक और अन्य आवश्यक वस्तुओं की समय पर और विश्वसनीय आपूर्ति भी सुनिश्चित होगी, जिससे समग्र रसद दक्षता और क्षेत्रीय पहुंच में वृद्धि होगी।

### एनईएसआईडीएस से सेरछिप में बेहतर सड़क संपर्क सुनिश्चित

सेरछिप जिले में पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस)रोड के अंतर्गत खानकॉन-रोंगुरा सड़क से बाजारों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी और क्षेत्र के विभिन्न बागवानी किसानों और अन्य लोगों को लाभ होगा। साथ ही अदरक प्रसंस्करण संयंत्र को भी सहायता मिलेगी। प्रधानमंत्री ने लॉन्गतलाई-सियाहा रोड पर छिमटुईपुई पुल, खेलों के विकास के लिए 'खेलो इंडिया' बहुउद्देशीय इनडोर हॉल और आइजोल के मुआलखांग में एक एलपीजी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) योजना के अंतर्गत कावर्था में एक आवासीय विद्यालय और तलंगनुआम में एक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन भी किया।

### रेलवे, सड़क, ऊर्जा व खेल परियोजनाओं की रखी गई आधारशिला

अधिकारियों ने कहा कि नयी रेल लाइन से यात्री और माल ढुलाई की प्रक्रिया में सुधार होगा, यात्रा समय में कमी आएगी, पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा और मिजोरम की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर तीन नयी एक्सप्रेस ट्रेन - सैरंग (आइजोल)-दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) राजधानी एक्सप्रेस, सैरंग-गुवाहाटी एक्सप्रेस और सैरंग-कोलकाता एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने रेलवे, सड़क मार्ग, ऊर्जा, खेल आदि समेत विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री की पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास पहल (पीएम-देवाइन) योजना के तहत 500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 45 किलोमीटर लंबी आइजोल बाईपास सड़क से आइजोल शहर में भीड़भाड़ कम होगी और लुंगलेई, सियाहा, लॉन्गतलाई, लेंगपुई हवाई अड्डे और सैरंग रेलवे स्टेशन समेत अन्य से संपर्क में सुधार होगा।



**एजेंसी। मध्य प्रदेश।** सीएम मोहन यादव के हॉट एयर बैलून में लगी आग, मंदसौर में टला बड़ा हादसा मध्य प्रदेश के मंदसौर में शनिवार सुबह एक हैरान करने वाली घटना हुई। मुख्यमंत्री मोहन यादव हॉट बैलून में सवार हुए लेकिन हवा की गति कम होने से बैलून उड़ नहीं सका और उसमें आग लग गई। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत सीएम को बाहर निकाला और आग पर काबू पाया।

### राहुल उपराष्ट्रपति के शपथ से नदारद, अनुराग ठाकुर ने बोले-

## विपक्ष नेता मौकों पर नदारद, वे भारत विरोधी नेता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शनिवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण समारोह में न आने पर आलोचना की और कहा कि वह भारत विरोधी नेता बन गए हैं और जहाँ उनकी ज़रूरत है, वहाँ कहीं नहीं हैं। पत्रकारों से बात करते हुए, ठाकुर ने कहा कि जब संसद का सत्र चल रहा होता है, तो विपक्ष के नेता उसमें शामिल नहीं होते। जब स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है, तो विपक्ष के नेता लाल किले पर समारोह में शामिल नहीं होते। विपक्ष के नेता नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होते। ठाकुर ने आगे कहा कि जनता ने पहले 10 साल तक किसी नेता को नेता नहीं बनाया। अगर वह तीसरी बार नेता प्रतिपक्ष बने हैं, तो वह विपक्ष के नेता की बजाय भारत विरोधी नेता बन गए हैं... वह वहाँ कहीं नहीं हैं जहाँ उनकी ज़रूरत है। लेकिन राहुल गांधी भारत विरोध में सबसे आगे हैं। शुक्रवार को, भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने भी कांग्रेस पार्टी की आलोचना की और बिहार कांग्रेस द्वारा एआई-जनरेटेड एक वीडियो पोस्ट किए जाने के बाद उन पर "मानसिक संतुलन खोने" का आरोप लगाया। इस वीडियो में कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां जैसे दो किरदार दिखाए गए थे। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अपना मानसिक संतुलन खो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी की छवि खराब करने के लिए कांग्रेस नेता उन पर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करना राहुल गांधी का काम बन गया है। वह आज उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुए, जबकि वह विपक्ष के नेता हैं..." इस बीच, राज्यसभा सचिवालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार शाम राज्यसभा के सभापति के रूप में पदभार ग्रहण किया।

## नेपाल में अशांति के कारण फीका पड़ सकता है दार्जिलिंग का दुर्गा पूजा उत्सव

**एजेंसी। नेपाल**

- 948 दुकानों में से 900 दुकानें बंद
- केवल 10% दुकानें ही खुली ग्राहकों की भारी कमी

नेपाल में जारी राजनीतिक अशांति के बीच, इस साल दार्जिलिंग में दुर्गा पूजा समारोहों पर आर्थिक रूप से असर पड़ने की आशंका है, शनिवार को दुर्गा पूजा समिति के अधिकारियों ने यह बात स्वीकार की। एएनआई से बात करते हुए, दुर्गा पूजा समितियों के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि इस साल पंडाल का बजट कम होना तय है क्योंकि इस साल त्योहारों पर बिक्री नहीं हुई है। पानीटंकी ब्यावसाई समिति दुर्गा पूजा समिति के सचिव दीपक चक्रवर्ती ने कहा कि इस साल कोई पंडाल नहीं लगाया जाएगा और मंदिर में पूजा की जाएगी। उन्होंने आगे स्वीकार किया कि इस त्योहारी सीजन में केवल 10 प्रतिशत दुकानें ही खुली हैं। चक्रवर्ती ने एएनआई को बताया कि यह पूजा हमारी समिति द्वारा आयोजित की जाती है। इस पूजा का बजट दुकानों से एकत्रित 95 प्रतिशत होता है। दुकानदार यह पूजा करते हैं। हालाँकि, वर्तमान स्थिति में, 10 प्रतिशत दुकानें नहीं खुली हैं। कुल 948 दुकानें हैं, जिनमें से 900 बंद हैं; कुछ ही खुली हैं, लेकिन कोई ग्राहक नहीं है। चक्रवर्ती ने बताया कि दुकानों की बिक्री और दान में कमी के कारण बजट कम कर दिया गया है। इस वर्ष का बजट शुरू में बड़ा था क्योंकि समिति 50वीं पूजा की तैयारी कर रही थी और इस उत्सव में नेपाल से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। हालाँकि, पड़ोसी देश में मौजूदा स्थिति के कारण, इस वर्ष की पूजा 3-4 दिन पहले ही रद्द कर दी गई थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप कारोबार में नया पन लाने का प्रयास करेंगे, जिसमें आपको बहुत लाभ होगा। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है, जिससे आपकी आय इजाफा होगा। इस राशि के छात्र आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिये बड़े शहर जा सकते हैं।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे, जो आपके तरक्की का मार्ग प्रशस्त करेंगे। आज ऑफिस में आपको प्रमोशन मिलने की ख़ुशी में घर पर पार्टी होगी। आज आप अधिक सोचने से बचें और अपने काम पर ध्यान दें। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने में सफल रहेंगें, सभी आपकी तारीफ करेंगे और दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द की बढ़ोत्तरी होगी। आज आपके काम की तारीफ होगी और आपको किसी बड़ी कम्पनी से ऑफर मिल सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियाँ देंगे। आज का दिन आपके लिए लाभदायक बना रहेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहने वाला है। आज आप किसी कोर्स को करने के लिए किसी शिक्षक की सलाह ले सकते हैं, जिससे आपका कंफ्यूजन दूर होगा। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा और आपको कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मज़बूती आयेगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आप जरुरी कार्यों को पहले निपटाने की कोशिश करें। आज आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है और उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। दांपत्य जीवन का रिश्ता पहले से मजबूत बनेगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज मल्टीनेशनल कम्पनी में कार्यरत व्यक्तियों की आय में इजाफा होगा और किसी बड़े पद की प्राप्ति होगी। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी, परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनायेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहने वाला है। आज आप अपने कार्यों को समय पर पूरा कर लेंगे और आपके मनोबल में वृद्धि होगी। आज कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी तथा व्यापार की शिथिलता से आपको राहत मिलेगी। आज आपकी सेल्स में बढ़ोतरी होगी और नए क्लाइंट से जुड़ने का मौका मिलेगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप अपनी योजनाओं को सफल बनाने का प्रयास करेंगे, जिसमें सहकर्मी आपका पूरा साथ देंगे। आज आप जीवनसाथी के साथ बच्चों के भविष्य को लेकर कुछ बात कर सकते हैं। आज आपको घर के बडों का आशीर्वाद मिलेगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक उर्जा से भरा रहेगा। आज आप अपने ऑफिस को दूसरी जगह शिफ्ट करने का मन बना सकते हैं, लेकिन उससे पहले आप जगह का परीक्षण कर लें। आज आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। आज आप किसी भी काम में जल्दबाजी करने से बचें।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिये शानदार रहने वाला है। आज आपको रोजगार में बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे, जिनके माध्यम से आप तरक्की करेंगे। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है, लेकिन आप इसे बखूबी निभायेंगे। आज बडों की बात ध्यान से सुनें और उस पर अम्ल करने का प्रयास करें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज ऑफिस में कर्मचारी मन लगाकर काम करेंगे, लेकिन बॉस होने के नाते आपको सबके प्रति स्नेह पूर्वक व्यवहार करना चाहिए। आज आप समझदारी से बातों को समझेंगे और उसी अनुरूप अपने काम को आगे बढ़ाएंगे।

### चुनाव आयोग बोला-

## वोटर लिस्ट बनाना, बदलना सिर्फ हमारा काम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा- पूरे देश में समय-समय पर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराना उसका विशेषाधिकार है। कोर्ट इसका निर्देश देगी तो ये अधिकार में दखल होगा। आयोग ने कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार वोटर लिस्ट बनाना और उसमें समय-समय पर बदलाव करना सिर्फ चुनाव आयोग का अधिकार है। यह काम न किसी और संस्था और न ही अदालत को दिया जा सकता। चुनाव आयोग ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी समझता है और वोटर लिस्ट को पारदर्शी रखने के लिए लगातार काम करता है। यह हलफनामा एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया था। याचिका में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग ने 5 जुलाई 2025 को बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) को पत्र भेजकर 1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि के आधार पर SIR की तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया था।

### चुनाव आयोग ने कहा- वोटर लिस्ट में बदलाव हमारा अधिकार




1. धारा 21 के मुताबिक, वोटर लिस्ट में बदलाव करने की कोई तय समय सीमा नहीं है। बल्कि ये सामान्य जिम्मेदारी है, जिसे हर आम चुनाव, विधानसभा चुनाव या किसी सीट के खाली होने पर होने वाले उपचुनाव से पहले पूरा करना जरूरी है।
2. नियम 25 से साफ है कि मतदाता सूची में थोड़ा-बहुत या बड़े स्तर पर बदलाव करना है या नहीं, यह पूरी तरह चुनाव आयोग के फैसले पर निर्भर करता है।
3. मतदाता सूची को सही और भरोसेमंद रखना चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। इसलिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत 24 जून 2025 के एसआईआर आदेश के मुताबिक अलग-अलग राज्यों में SIR कराने का फैसला किया है।
4. जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के अनुसार आयोग को छूट है कि वह तय करे कि कब समरी रिवीजन किया जाए और कब इंटेंसिव रिवीजन।

### बिहार में एसआईआर पर विवाद

- -बिहार में 2003 के बाद पहली बार यह एसआईआर प्रक्रिया हो रही है। चुनाव आयोग का कहना है कि एसआईआर का उद्देश्य उन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाना है जो मर चुके हैं, जिनके पास डुप्लीकेट वोटर कार्ड हैं या जो अवैध प्रवासी हैं।
- -लेकिन विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से लोगों को वोटिंग अधिकार से वंचित करने की साजिश हो रही है। चुनाव आयोग के 24 जून के नोटिफिकेशन के अनुसार, बिहार की अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।
- -इस प्रक्रिया के बाद बिहार में कुल मतदाता संख्या 7.9 करोड़ से घटकर 7.24 करोड़ रह गई है। करीब 65 लाख नाम हटाए गए।


### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- आधार को पहचान का प्रमाण मानें

1 8 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बिहार में जारी एसआईआर प्रक्रिया में आधार कार्ड को पहचान प्रमाण के तौर पर अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। चुनाव आयोग को 9 सितंबर तक इस निर्देश को लागू करने का निर्देश दिया था।

2 हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह वोटर सूची में नाम जुड़वाते समय दिए गए आधार नंबर की प्रामाणिकता की जांच कर सकता है।

## राजग 2029 में भी केंद्र की सत्ता में आएगा : एन चंद्रबाबू नायडू

**एजेंसी। आंध्र प्रदेश**



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार 2029 में लगातार चौथी बार सत्ता में लौटेगी। एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले 11 सालों से जीत रहे हैं, तीसरा चुनाव खत्म हो गया। चौथा चुनाव भी, लिख लीजिए, फिर से राजग ही सत्ता में लौटेगा। इसमें कोई शक नहीं है। इस देश के भविष्य के लिए राजग का आना जरूरी है।''

उन्होंने 11 सालों में भारत को 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मोदी की तारीफ की। नायडू ने कहा कि अमरावती में शुरू किए गए सभी कार्य अगले तीन वर्षों में पूरे हो जाएंगे, जिनमें 50,000 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि ग्रीनफील्ड राजधानी (अमरावती) का बुनियादी ढांचा 2028 तक तैयार हो जाएगा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमरावती का उद्घाटन करेंगे और इसे देश को समर्पित करेंगे।

### सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के पर 28 पर एफआईआर

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के शाहपुर गोवर्धनपुर गांव में प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण करने के लिए 28 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना सेक्टर 126 के प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र बालियान ने बताया कि शुक्रवार रातको नोएडा प्राधिकरण के 'वर्क सर्किल नौ' के अवर अभियंता हरेंद्र मलिक ने शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि शाहपुर गोवर्धनपुर खादर गांव में प्राधिकरण की जमीन पर कुछ लोग लगातार अवैध निर्माण कर रहे हैं।

## तेलंगाना में 'एमएलए चोरी' पर घिरे राहुल गांधी : केटी रामाराव

**एजेंसी। तेलंगाना**



भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला और उन पर तेलंगाना में बीआरएस से कांग्रेस में आने की लहर पर षड्यंत्रकारी चुप्पी बनाए रखने का आरोप लगाया। राव ने कहा कि गांधी, जो राष्ट्रीय स्तर पर अक्सर वोट चोरी के खिलाफ बोलते हैं, राज्य में निर्लज्ज विधायक चोरी पर कोई रुख अपनाने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इस अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक प्रथा पर शर्म आनी चाहिए। यह उस तथाकथित वोट चोरी से भी बदतर अपराध है जिसकी वह लगातार बात करते रहते हैं। बीआरएस नेता ने मांग की कि राहुल गांधी उन विधायकों के बयानों पर प्रतिक्रिया दें जो पाला बदलने के बावजूद अब सार्वजनिक रूप से कांग्रेस में शामिल होने से इनकार कर रहे हैं। राव ने कहा कि इस बेशर्म चोरी में कांग्रेस पार्टी की भूमिका उसके दोहरे मानदंडों को साबित करती है। राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रसारित तस्वीरों की ओर इशारा किया, जिनमें कई दलबदलू दिल्ली में पार्टी का दुपट्टा ओढ़े राहुल गांधी के साथ पोज़ देते दिख रहे हैं। उन्होंने पूछा कि आपने उन्हें कांग्रेस का दुपट्टा ओढ़ाया और अब कह रहे हैं कि वे कभी शामिल ही नहीं हुए? क्या आप अब भी इस इनकार पर कायम हैं? अगर यह विधायक चोरी नहीं है, तो और क्या है? यह वोट चोरी से कम गंभीर कैसे है? क्या आपको इस तरह के राजनीतिक पाखंड में अपनी संलिप्तता पर शर्म नहीं आती?

## दिल्ली पुलिस ने 70 लाख रुपये की कोकीन के साथ दो अफ्रीकी नागरीक गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने दो अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर कोकीन आपूर्तिनेटवर्क संचालित कर रहे थे। आरोपी सोशल मीडिया के जरिये खरीदारों से संपर्क करते थे और मादक पदार्थों के लेन-देन को छिपाने के लिए खुदरा दुकानों के जरिये यूपीआई से जुड़े खातों का इस्तेमाल करते थे अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

आरोपियों की पहचान नाइजीरियाई नागरिक बेंजामिन इजुचुकवु (43) और आइवरी कोस्ट निवासी कूलिबली मरियम (29) के रूप में हुई है। पुलिस आयुक्त (डीसीपी) ने कहा, ''आरोपियों ने खरीदारों से संवाद करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया और यूपीआई से जुड़े खातों के जरिये मादक पदार्थों की रकम भेजी गई। पैसे के लेन-देन को छिपाने के लिए भुगतान खुदरा दुकानों के माध्यम से किया जाता था, जहां से बाद में इजुचुकवु नकदी एकत्र करता था। मरियम आमतौर पर आपूर्ति का काम संभालती थी, जबकि इजुचुकवु ऑर्डर और भुगतान का समन्वय करता था।' अधिकारी ने बताया कि 10 सितंबर को छतरपुर में एक किराए के मकान पर छापा मारा गया, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया और कोकीन, वजन तौलने वाली एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन और पैकेजिंग सामग्री जब्त की गई। पूछताछ के दौरान, इजुचुकवु ने खुलासा किया कि वह 2018 से भारत में रह रहा था और 2021 में जोसेफ नाम के एक अन्य विदेशी नागरिक से कोकीन खरीदना शुरू किया। पुलिस ने कहा कि उसने 8,000 रुपये प्रति ग्राम की दर से मादक पदार्थ खरीदा और मरियम की मदद से छतरपुर और आसपास के इलाकों में इसे 10,000 रुपये प्रति ग्राम के हिसाब से बेचा।

**भ्रष्टाचार** | जंगलराज पर नड्डा ने आरजेडी को घेरा, तेजस्वी से पूछा-

# लालू के बयानों पर कब माफी मांगेंगा राजक ?

- **लालू यादव के पुराने बयानों को किया उजागर (रोड-विरोध पलायनवाद महिमामंडन)**

**एजेंसी। पटना**



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज बिहार दौरे पर हैं। बिहार में एक कार्यक्रम के दौरान नड्डा ने कहा कि बिहार के बारे में चर्चा करें तो दो तस्वीर सामने आती है,- एक अंधकारमय बिहार और दूसरा उजाले की ओर बढ़ता बिहार। पहले वोटबैंक के लिए तुष्टिकरण की राजनीति होती थी, हर काम में भ्रष्टाचार होता था, हत्या-अपहरण आम बात हो गई थी। आज एनडीए सरकार में बिहार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश जी नेतृत्व में बिहार कई बड़े बदलाव हुए हैं। मुझे खुशी है कि महिला सशक्तिकरण में बिहार ने अपने आप को साबित किया है।जेपी नड्डा ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि इंडी एलायंस के नेता सिर्फ सत्ता के भूखे हैं, यही इनका विजन और मिशन है। उन्हें सिर्फ अपने स्वार्थ से मतलब है, बिहार या भारत की जनता से कोई मतलब नहीं। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर लालू यादव कहते थे- रोड बना देंगे तो पुलिस जल्दी पहुंच जाएगी और जानवरों के खुर खराब हो जाएंगे। पलायनवाद पर लालू महिमामंडन करते थे- बिहार का लोग गमछा पहनकर जाता है, सूट पहनकर लौटता है। आज तक राजद ने माफी नहीं मांगी ! भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस और बाकी विपक्ष ने राजनीति को निम्नतम स्तर पर पहुंचा दिया है। पहले इनके मंच से मोदी जी की माता जी को गालियां दी गई और कल कांग्रेस का जो वीडियो आया है वो इस बात का प्रमाण है कि उनकी सोच कितनी गंदी है। उन्होंने कहा कि ये लोग किस तरह राजनीति को गिरा रहे हैं। बिहार की धरती इसका गवाह है। जागृत बिहार की जनता सही समय आने पर इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि 2003 के बिहार में पटना में डर का माहौल था...उस समय एमएलए को दिनदहाड़े मारा गया और मारने वाला लालू प्रसाद का नजदीकी था।

### अब तेजस्वी यादव निकालेंगे बिहार अधिकार यात्रा



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एक नए जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करने वाले हैं। उनकी बिहार अधिकार यात्रा 16 सितंबर को जहानाबाद से शुरू होकर 20 सितंबर को वैशाली में समाप्त होगी, जो पाँच दिनों में 10 जिलों से होकर गुज़रेगी। इस यात्रा के दौरान, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, यात्रा के मार्ग में पड़ने वाले कई निर्वाचन क्षेत्रों में जनसंवाद के माध्यम से मतदाताओं से जुड़ेंगे। राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, संबंधित जिलों के पार्टी सांसदों, विधायकों, जिला अध्यक्षों और नेताओं को इस अभियान में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। नियोजित मार्ग तेजस्वी को जहानाबाद से नालंदा, पटना, बेगुसराय, खगड़िया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल और समस्तीपुर होते हुए वैशाली तक ले जाएगा। यह पहल पिछले महीने हुई मतदाता अधिकार यात्रा के बाद की गई है, जिसमें यादव कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मतदाता सूची संशोधन से जुड़े मुद्दों पर प्रचार करने के लिए शामिल हुए थे। यह 15 दिवसीय यात्रा 17 अगस्त को सासाराम से शुरू हुई और 1 सितंबर को पटना में समाप्त हुई, जिसमें 20 जिलों में 1,300 किलोमीटर की यात्रा की गई।





सूर्य कुमार यादव (कप्तान)


शुभमन गिल (उपकप्तान)


अभिषेक शर्मा

एशिया कप 2025

# रोमांचक होगा रविवार, फैंस को भारत के जीतने की उम्मीद

**एजेंसी। राजकोट**

एशिया कप 2025 में रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच भिड़ंत होगी, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है। क्रिकेट फैंस इस मुकाबले को लेकर उत्साहित हैं। उनका मानना है कि टीम इंडिया इस हाई-वोल्टेज मैच को जीतने की प्रबल दावेदार है।

क्रिकेट प्रशंसक धर्मेंद्र ने आईएएनएस से कहा, "एशिया कप 2025 में भारत का पहला मुकाबला शानदार रहा था। हमें आशा है कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत बेहतरीन प्रदर्शन करेगा। उम्मीद है कि हमारे ओपनर्स इस मुकाबले में विस्फोटक बल्लेबाजी करेंगे। दोनों देशों के बीच लंबे समय बाद क्रिकेट मैच खेला जा रहा है। हमारे पास एक नई टीम है। शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा जैसे बल्लेबाजों से हमें खासा उम्मीदें हैं।"

**वंश केशवानी ने कहा,** "हम भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबले को लेकर काफी उत्साहित हैं। लंबे वक्त बाद दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला रविवार को छुट्टी के दिन होगा। ऐसे में पूरे दिन हमें मैच शुरू होने का इंतजार रहेगा। शुभमन गिल मेरे पसंदीदा बल्लेबाज हैं।"

**परिन मोटवानी ने कहा,** "भारत-पाकिस्तान की टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आमने-सामने हैं। मुकाबले को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। हमें इस युवा टीम से काफी उम्मीदें हैं। भारत का बॉलिंग अटैक शानदार है। खिलाड़ी फॉर्म में नजर आ रहे हैं।"

भारत ने यूएई के खिलाफ अपने एशिया कप अभियान की शानदार शुरुआत की। टीम ने पहला मुकाबला 9 विकेट से जीतकर ग्रुप-ए की प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

दूसरी ओर, पाकिस्तान की टीम ओमान के खिलाफ 93 रन से जीत दर्ज करते हुए प्वाइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर पहुंच गई। टीम इंडिया को टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में अब तक सिर्फ पाकिस्तान और श्रीलंका के हाथों ही शिकस्त झेलनी पड़ी है। भारत ग्रुप-ए का अपना अंतिम मुकाबला 19 सितंबर को ओमान से खेलेगा।

अगर भारत-पाकिस्तान फाइनल तक पहुंचते हैं, तो दोनों देशों के बीच एशिया कप 2025 में तीन मुकाबले देखने को मिलेंगे।

## खेल के जरिए अच्छे संबंध बनते हैं, तो बनने देना चाहिए : जायद



**मुंबई।** एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को हाई-वोल्टेज मैच खेला जाना है। बॉलीवुड अभिनेता जायद खान के मुताबिक अगर खेल के जरिए दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध बन सकते हैं, तो उसे बनने देना चाहिए। जायद खान ने पत्रकारों से कहा, "भारत नंबर-1 टीम है। टीम इंडिया शानदार है। मुझे लगता है कि शत प्रतिशत भारत ही इस मुकाबले को जीतेगा। दोनों देशों के बीच मुकाबला होना चाहिए। खेल को खेलभावना की तरह लेना चाहिए। पाकिस्तान के साथ अगर कुछ हद तक अच्छे संबंध बन सकते हैं, तो उन्हें बनने देना चाहिए।" पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान की टीमें पहली बार क्रिकेट मैदान पर आमने-सामने होंगी। हालांकि, कुछ लोग इस मुकाबले को लेकर आपत्ति जता रहे हैं, लेकिन एक खेमा ऐसा भी है, जिसका मानना है कि इस मुकाबले को खेल भावना की तरह लेना चाहिए।

## मुकाबला नहीं खेला जाना चाहिए : केदार जाधव



**पुणे।** पीएम नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को अपना 75वां जन्मदिन मनाएंगे। इस मौके पर लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को लेकर जागरूक करने के लिए पुणे में 'पुणे ऑन पेडल्स' और 'पुणे वॉकेथॉन' का आयोजन हुआ, जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान केदार जाधव ने 14 सितंबर को एशिया कप में खेले जाने वाले भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर प्रतिक्रिया दी। केदार जाधव ने पत्रकारों से कहा, "मैंने पहले ही कहा था, मेरे हिसाब से भारत-पाकिस्तान के बीच यह मुकाबला नहीं खेला जाना चाहिए, लेकिन रविवार को मैच होने जा रहा है।" कुछ दिनों पहले आईएएनएस से बातचीत में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अशोक डिंडा ने कहा था कि भारत को पाकिस्तान के साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहिए। उन्होंने कहा, "बतौर खिलाड़ी मैं जरूर चाहूंगा कि भारत-पाकिस्तान आपस में खेलें, लेकिन सबसे पहले मैं एक भारतीय हूं। पाकिस्तान बार-बार हमारे देश पर हमले कर रहा है। ऐसे में उसके साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहिए, न ही खेल संबंध।

## साउथ अफ्रीका टी20 लीग : एडेन मार्करम बने डरबन सुपर जायंट्स के कप्तान




**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका टी20 लीग के चौथे सीजन के लिए डरबन सुपर जायंट्स ने एडन मार्करम को कप्तान बनाया है। शनिवार को टीम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर मार्करम को कप्तान बनाए जाने की सूचना दी। एडन मार्करम साउथ अफ्रीका टी20 लीग के सफलतम कप्तान हैं। वह पिछले तीन सीजन से सनराइजर्स ईस्टर्न केप के कप्तान थे। उनकी कप्तानी में ईस्टर्न केप 2023 और 2024 में चैंपियन रही थी, जबकि 2025 में उपविजेता रही थी। मार्करम दक्षिण अफ्रीका की भी कप्तानी करते रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका 2024 टी20 विश्व कप का फाइनल मार्करम की कप्तानी में ही खेली थी। मार्करम ने अगले सीजन से पहले सनराइजर्स ईस्टर्न केप से नाता तोड़ लिया था। नीलामी में उन्हें डरबन सुपर जायंट्स ने खरीदा। वह नीलामी में दूसरे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे। डरबन सुपर जायंट्स आईपीएल की लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम है। आईपीएल में मार्करम 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का हिस्सा बने थे और सलामी बल्लेबाज के रूप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। साउथ अफ्रीका टी20 लीग में डरबन अब तक खिताब नहीं जीत सकी है। 2024 में डरबन फाइनल में पहुंची थी, जिसमें सनराइजर्स ईस्टर्न केप के हाथों उसे हार का सामना करना पड़ा था। मार्कराम के अलावा डीएसजी ने नीलामी में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर गेराल्ड कोएत्जी, युवा तेज गेंदबाज क्वेना मफाका, बांग्लादेश के स्पिनर तैजुल इस्लाम को खरीदा।

## हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंचे सात्विक-चिराग

### सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की जोड़ी को सीधे गेम में हराया

**एजेंसी। हांगकांग**




भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को सीधे गेम में जीत के साथ हांगकांग ओपन सुपर 500 के फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह उनके पास इस साल खिताब जीतने का लंबा इंतजार खत्म करने का मौका है। दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने चीनी ताइपे के बिंग-वेई लिन और चेन चेंग कुआन को 21-17, 21-15 से हराकर इस सत्र में छह सेमीफाइनल मुकाबलों में मिली हार के बाद अपने पहले फाइनल में जगह बनाई।

- **किससे हो सकती है फाइनल में भिड़ंत?**

आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी का सामना चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से होगा। फाइनल मैच 14 सितंबर को दोपहर 3 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

- **कुछ ऐसा रहा मैच का हाल**

शुरुआती गेम में दोनों जोड़ियां 3-3 और 6-6 से बराबरी पर थीं। लेकिन सात्विक के स्मैश और चिराग के तेज 'इंटरसेप्शन' की बदौलत भारतीय जोड़ी 11-8 से आगे हो गई। हालांकि ताइवानी जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 12-12 कर लिया लेकिन भारतीय जोड़ी ने 15-12 से बढ़त बना ली। चिराग के तेज रिटर्न के साथ दूसरे गेम प्वाइंट पर गेम अपने नाम कर लिया। अगले गेम में चेन और लिन मजबूत शुरुआत कर 4-2 से आगे थे, लेकिन भारत ने 6-6 से बराबरी हासिल कर ली। चिराग की कुछ गलतियों के कारण ताइवानी जोड़ी 10-8 से आगे हो ली। लेकिन सात्विक ने एक और तेज स्मैश लगाकर स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया।

## सोशल मीडिया पर सौरव गांगुली के एथनिक लुक ने लगाई आग, शांत नहीं हो पा रहे प्रशंसक!

**नई दिल्ली।** क्रिकेट की सफेद जर्सी को छोड़िए, क्योंकि फैशन में सौरव गांगुली ने एक बिल्कुल नई पारी शुरू की है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान, जिन्हें प्यार से दादा कहा जाता है, एक शाही एथनिक लुक में नजर आने के बाद वायरल हो गए हैं, जिसके बाद फैंस उन्हें 'पिच और स्टाइल का बादशाह' कहने लगे हैं। इस ट्रेंडिंग फोटोशूट में गांगुली ने अपने बोर्डरूम ब्लेजर की जगह बारीक डिजाइन वाले धोती-कुर्ते पहने, और सच कहूं तो उन्होंने कमाल कर दिया। बारीक कढ़ाई से लेकर सहज स्वैग तक, कोलकाता के राजकुमार हर तरह से त्योहारों के मौसम के शोस्टॉपर लग रहे थे। सोशल मीडिया पर बिना समय गंवाए तारीफों की बौछार हो गई, मीम्स प्रशंसकों के एडिट में बदल गए और टाइमलाइन गांगुली के सदाबहार आकर्षण का जश्न मनाने वाले पोस्ट से भर गईं। एक प्रशंसक ने खुशी से कहा, "यह आदमी मैच और दिल दोनों ही बराबर जीत सकता है," जबकि दूसरे ने उन्हें 'बेहतरीन स्टाइल दादा' का खिताब दिया। बेशक, बड़ा सवाल यह है कि क्या हो रहा है? त्योहारों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में कई लोग अनुमान लगा रहे हैं कि यह शूट किसी ब्रांड अभियान या किसी खास सहयोग से जुड़ा हो सकता है। आधिकारिक घोषणा अभी गुप्त है, लेकिन चर्चा बढ़ती ही जा रही है। एक बात तो तय है कि गांगुली खुद को नए सिरे से गढ़ना जानते हैं। लॉर्ड्स में अपनी जर्सी लहराने से लेकर धोती पहनकर देसी अंदाज को नई परिभाषा देने तक, दादा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि दिग्गज कभी भी फैशन से बाहर नहीं होते।

## टीम इंडिया के जर्सी स्पॉन्सर की टेंशन होने जा रही है खत्म...

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शनिवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के नए जर्सी प्रायोजक का चयन अगले दो से तीन हफ्तों में हो जाएगा और बोलियां 16 सितंबर को बंद होंगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का ऑनलाइन गेमिंग कंपनी 'ड्रीम11' के साथ 358 करोड़ रुपये प्रति वर्ष का करार रद्द होने के बाद टीम इंडिया बिना किसी जर्सी प्रायोजक के खेल रही है।

- **गेमिंग एप पर लगा बैन**

ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के प्रचार और विनियमन के पारित होने के बाद यह करार रद्द हो गया जिसके तहत गेमिंग ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। बीसीसीआई ने इसके बाद एक नई निविदा जारी की है जिसमें वास्तविक धन राशि वाले गेमिंग एप, सट्टेबाजी, क्रिप्टोकरेंसी या शराब उत्पादों से जुड़ी कंपनियों के बोली लगाने पर रोक लगी है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## जीएसटी दरें घटने पर हर महीने कीमतों की रिपोर्ट लेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने 9 सितंबर को जारी एक सर्कुलर में अपने क्षेत्रीय कार्यालयों से कहा कि वे 22 सितंबर से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के बाद मक्खन, पनीर, शैंपू, टूथपेस्ट, बिस्कुट, चॉकलेट, सीमेंट और दवाओं जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में होने वाले बदलावों पर नजर रखें और मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बिज़नेस स्टैंडर्ड ने उस सर्कुलर को देखा है। इसमें सीबीआईसी ने प्रधान मुख्य आयुक्तों को निर्देश दिया है कि वे व्यापार संघों और क्षेत्रीय इकाइयों से वस्तुवार कीमत के आंकड़े एकत्र करें, जिसमें नई दरें लागू होने के पहले और बाद के दाम शामिल हों। यह कवायद 6 महीने तक के लिए जारी रहेगी, जिससे यह जाना जा सके कि कम हुई जीएसटी दरों का लाभ ग्राहकों तक पहुंच रहा है या नहीं। इस सिलसिले में पहली रिपोर्ट 30 सितंबर तक भेजनी होगी। उसके बाद हर महीने की 20 तारीख को मार्च 2026 तक दरों की रिपोर्ट भेजनी होगी। जिन सूचीबद्ध 54 वस्तुओं की दरों की अद्यतन जानकारी देनी है, उनमें मक्खन, चीज और घी जैसे डेरी उत्पाद, बिस्कुट, चॉकलेट और आइसक्रीम जैसे पैकेज्ड फूड शामिल हैं। इन वस्तुओं में साबुन, शैंपू और टूथपेस्ट जैसे प्रसाधनों के साथ-साथ सीमेंट, दवाइयां, साइकिल, खिलौने जैसी महंगी वस्तुएं और टेलीविजन तथा एयर कंडीशनर जैसी टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं भी शामिल हैं।

- सीबीआईसी सर्कुलर (9 सितंबर): 22 सितंबर से नई जीएसटी दरें लागू होने के बाद रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में बदलाव पर क्षेत्रीय कार्यालयों को नजर रखने का निर्देश।
- मॉनिटरिंग अवधि: कीमतों की निगरानी 6 महीने तक होगी, पहली रिपोर्ट 30 सितंबर तक और उसके बाद हर महीने की 20 तारीख को मार्च 2026 तक भेजनी होगी।
- कवर की गई 54 वस्तुएं: मक्खन, पनीर, घी, बिस्कुट, चॉकलेट, आइसक्रीम, साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, सीमेंट, दवाइयां, साइकिल, खिलौने, टीवी, एसी जैसी वस्तुएं शामिल।

## अमेरिका के राजदूत गोर बोले- भारत में श्रम सुधारें से बढ़ेगें व्यापार के अवसर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि वह श्रम के बेहतर मानकों जैसे सुधारों की वकालत करेंगे। उनका कहना है कि इससे भारत के बाजार अधिक सुलभ बनेंगे और अमेरिकी कंपनियां एक समान अवसर के साथ काम कर सकेंगी।

नियुक्ति की पुष्टि की सीनेट में सुनवाई के दौरान गोर ने एक लिखित बयान में कहा, 'अगर मेरी नियुक्ति की पुष्टि की जाती है तो मैं निष्पक्ष, पारस्परिक और अमेरिकी श्रमिकों एवं व्यवसायों के लिए लाभकारी व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए काम करूंगा। मैं सुधारों की वकालत करूंगा, जिससे भारत के बाजार तक पहुंच बेहतर हो सके और पारदर्शिता आए। साथ ही श्रम मानक उच्च हों। इससे अमेरिका की कंपनियां काम करने के एक समान अवसर पर प्रतिस्पर्धा कर सकेंगी। मैं राष्ट्रपति ट्रंप की मिशन 500 के लक्ष्य पर काम करूंगा, जिसके तहत द्विपक्षीय कारोबार 2030 तक दोगुना करके 500 करोड़ डॉलर किए जाने का लक्ष्य है। इससे अमेरिकी निर्यात को विस्तार मिलेगा, रोजगार का सृजन होगा और हमारे नागरिकों में समृद्धि आएगी।'

भारत ने इसके पहले विकसित देशों के उच्च श्रम मानकों के अभियान का विरोध किया है, क्योंकि इससे खासकर श्रम केंद्रित उद्योगों में कारोबार की लागत बढ़ेगी और इससे प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो सकती है। गोर ने कहा कि भारत एक रणनीतिक साझेदार है, जिसकी दिशा और दशा का असर पूरे इलाके पर पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा, 'भारत की 1.4 अरब से ज्यादा की आबादी और तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग, अमेरिकी व्यवसायों के लिए अपार अवसर प्रदान करता है। आर्टीफिशल इंटेलिजेंस से लेकर दवाइयों और महत्त्वपूर्ण खनिजों तक, सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। हालांकि भारत की संरक्षणवादी नीतियों और नियामक बाधाओं के कारण साझेदारी को पूरी तरह व्यापक होने में व्यवधान डाला है।'

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार वार्ता इसलिए अटक गई, क्योंकि भारत ने राजनीतिक रूप से संवेदनशील कृषि और डेरी क्षेत्र के लिए अपना बाजार खोलने से मना कर दिया। इसके अलावा अमेरिका द्वारा शुल्क लगाए जाने से भी तनाव बढ़ा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सप्ताह की शुरुआत में तनाव कम करने के संकेत दिए थे, जिनमें लंबित मसलों का समाधान और जल्द व्यापार समझौता होने की उम्मीद जताई गई थी।



- **गोर ने सीनेट** में सुनवाई के दौरान कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी-निष्पक्ष व पारस्परिक व्यापार, पारदर्शिता और उच्च श्रम मानक
- **राष्ट्रपति ट्रंप** की मिशन 500 योजना पर काम करेंगे, जिसका लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है
- **कृषि और डेयरी** क्षेत्र में बाजार खोलने से भारत के इनकार और अमेरिका द्वारा शुल्क लगाए जाने के कारण द्विपक्षीय व्यापार वार्ता अटकी रही।

## यूएस टैरिफ से मुश्किल में इंडियन ऑटो पार्ट्स उद्योग

मारुति सुजूकी इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्य अधिकारी हिसाशी ताकेउची ने आज कहा कि भारत का वाहन पुर्जा निर्यात 'बड़ी चुनौती' से जूझ रहा है क्योंकि अमेरिका को भेजी जाने वाली लगभग 30 प्रतिशत खेपों पर अब 25 से 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लग रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी दीर्घकालिक विनिर्माण प्रतिस्पर्धी क्षमता मजबूत करने के लिए 'नीतिगत स्थिरता और पूर्वानुमान' का लगातार प्रदर्शन करते रहना चाहिए। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एक्मा) के वार्षिक सत्र में अपने भाषण में ताकेउची ने कहा कि अमेरिकी शुल्कों ने आपूर्तिकर्ताओं पर दबाव डाला है, क्योंकि भारत के पुर्जा निर्यात का बड़ा हिस्सा अमेरिकी बाजार पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि भारत और वाशिंगटन बातचीत कर रहे हैं तथा 'सरकार इस मसले के प्रति बहुत संवेदनशील है और उम्मीद है कि कोई समाधान निकल आएगा।'

## कम महंगाई और ब्याज दरें अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग को महत्वपूर्ण समर्थन करेंगी प्रदान

**नई दिल्ली।** एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक चुनौतियों के बीच कम हेडलाइन मुद्रास्फीति और ब्याज दरें अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग को महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान करेंगी। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में अब हेडलाइन मुद्रास्फीति पहले के 3.5 से कम होकर 3.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके परिणामस्वरूप इस वित्त वर्ष के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति में 140 आधार अंकों (1.4 प्रतिशत) की गिरावट आएगी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, "इस तीव्र नरमी का अर्थ है कि इस वित्त वर्ष में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति में 140 आधार अंकों की गिरावट आएगी, जिससे मौद्रिक नीति में ढील की गुंजाइश बनेगी।

## हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड ने अपने लोकप्रिय उपभोक्ता वस्तुओं की घटाई कीमतें

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी कंज्यूमर गुड्स कंपनियों में से एक हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने सरकार के पर्सनल केयर और फूड आइटम्स पर जीएसटी रेट कम करने के बाद कई लोकप्रिय प्रोडक्ट्स की कीमतों में कटौती की घोषणा की है। नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी और रिवाइज्ड पैक जल्द ही देश भर की दुकानों में उपलब्ध होंगे। पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स में 180 एमएल वाले डव शैम्पू की कीमत 145 रुपए कर दी गई है, जो कि जीएसटी रेट कट से पहले 165 रुपए पड़ती थी। इसी तरह, 100 ग्राम लक्स साबुन, जिसकी कीमत 35 रुपए पड़ती है अब घटकर 30 रुपए रह गई है। ऑफिशियल नोटिफिकेशन के अनुसार, 125 ग्राम वाले लाइफबॉय साबुन की कीमत भी 33 रुपए से घटा कर 28 रुपए कर दी गई है।

## भारत में लॉजिस्टिक्स व इंडस्ट्रियल लीजिंग वर्ष के अंत तक 60 एमएसएफ को पार कर सकती है

**नई दिल्ली।** ग्रॉस लॉजिस्टिक्स और इंडस्ट्रियल (एलएंडआई) लीजिंग वर्ष के अंत तक 60 मिलियन वर्ग फुट (एमएसएफ) को पार करने की उम्मीद है। शनिवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत मांग के बल पर यह सेक्टर एक नया बेंचमार्क सेट करेगा। रियल एस्टेट सर्विस फर्म कुशमैन एंड वेकफील्ड ने एक रिपोर्ट में कहा, "2025 की पहली छमाही में, वेयरहाउसिंग और इंडस्ट्रियल सेगमेंट में लीजिंग की वृद्धि दोहरे अंकों में बनी रही, कुल लीजिंग 30.7 मिलियन वर्ग फुट रही, जो सालाना आधार पर 21.6 प्रतिशत की वृद्धि 2024 की दूसरी छमाही की तुलना में 12.1 प्रतिशत अधिक है।" यह प्रदर्शन इस क्षेत्र के मजबूत फंडामेंटल को दिखाता है, जिसमें लीजिंग एक्टिविटी पिछले तीन लगातार वर्षों से सालाना 50 मिलियन वर्ग फुट को पार कर रही है। इस वर्ष के अंत तक ग्रॉस लीजिंग 60 एमएसएफ को पार कर जाने की उम्मीद है, जो भारत के लॉजिस्टिक्स और इंडस्ट्रियल मार्केट के लिए एक नया मानक स्थापित करेगा।

# जिप बोर्ड की बैठक संपन्न, जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

- सील दुकानों की नीलामी, डीआरडीए कर्मियों के वेतन भुगतान व बहुउद्देशीय भवनों को किराए पर देने जैसे फैसलों पर बनी सहमति

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** समाहरणालय के उप विकास आयुक्त सभागार में शनिवार को जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद बोर्ड की बैठक हुई। इस बैठक में पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा के साथ-साथ विभागवार कार्यों पर चर्चा हुई और कई अहम जनहित से जुड़े फैसले लिए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन दुकानों का किराया जमा नहीं हो रहा है और जो सील हैं, उन्हें अंतिम नोटिस देकर सामान जब्त कर नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अलावा, जिला परिषद में विलय के बाद डीआरडीए कर्मियों के वेतन भुगतान में देरी को देखते हुए उनके दो माह के वेतन का भुगतान जिला परिषद निधि से करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में कोयल आजीविका अप्रैल पार्क के बिजली बिल का भुगतान करने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही डाकबंगला और विभिन्न बहुउद्देशीय भवनों की मरम्मत कर उन्हें किराए पर देने का निर्णय भी लिया गया।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह ने यूरिया वितरण के संबंध में उठाए गए मुद्दों पर प्रकाश डाला। इस पर जिला कृषि पदाधिकारी ने जांच कमेटी बनाकर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया।

बैठक में जिप सदस्य विजय रविदास ने आंगनबाड़ी सेविकाओं की सूची उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही, पड़वा प्रखंड में सीडीपीओ के अभाव में आंगनबाड़ी कार्यों में रुकावट को भी उठाया गया। जिप सदस्य प्रमोद सिंह ने जर्जर बिजली तार और पोलों की मरम्मत के लिए आग्रह किया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, विभिन्न जिला परिषद सदस्य और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### नए थाना प्रभारी का किया गया स्वागत

**उंटारी रोड।** पूर्व जिला परिषद सदस्य सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने शुक्रवार को अपने दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता के साथ उंटारी रोड के नये थाना प्रभारी से मुलाकात की। इस दौरान मनोज सिंह ने थाना प्रभारी को बुके व फूल माला व शॉल देकर स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत विभाग की ओर से जनता को जागरूक किया जा रहा है, ताकि आम जनता और पुलिस मिलकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बरकरार रखें। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, महामंत्री रघुवीर सिंह चंद्रवंशी,सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर राजा राम मेहता, भाजपा नेता बीरेंद्रनाथ शर्मा, उपाध्यक्ष अखिलेश दीक्षित, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित कुमार प्रजापति, नागेंद्र दीक्षित, चंदन कुमार सिंह, नंदा पासवान, नंदलाल चौधरी, अशोक चौधरी, अजीत चंद्रवंशी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## स्थानांतरण के बाद पलामू के प्रधान जिला जज को दी गई भावभीनी विदाई



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड उच्च न्यायालय में स्थानांतरित हुए पलामू जिला न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय को शनिवार को जिला प्रशासन और न्यायिक अधिकारियों की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। समाहरणालय परिसर में आयोजित इस शिष्टाचार मुलाकात में डीआईजी पलामू रेंज नौशाद आलम, उपायुक्त समीरा एस, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रामेशन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर जिला जज के कार्यकाल को यादगार बताया। इस दौरान डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि न्यायाधीश दिवाकर पांडेय का कार्यकाल न सिर्फ न्यायिक दृष्टिकोण से उत्कृष्ट रहा, बल्कि उनके नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन और न्यायालय के बीच बेहतरीन समन्वय भी बना रहा, जिससे जिले में विधि व्यवस्था को मजबूती मिली। डीआईजी ने कहा कि न्याय की स्थापना और त्वरित न्याय प्रक्रिया के लिए दिवाकर पांडेय ने हमेशा निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ कार्य किया। उन्होंने कहा कि उनके निर्णयों और व्यवहार से न केवल वादकारियों को विश्वास मिला, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता भी आई। अब पलामू के नए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में श्रीराम शर्मा पदभार ग्रहण करेंगे। डीआईजी ने विश्वास जताया कि पूर्व की तरह ही पुलिस-प्रशासन नए जिला जज के साथ भी बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करेगा।

## छतरपुर पुलिस ने भारी मात्रा में शराब लदे ट्रेलर को किया जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर (पलामू )।** पुलिस ने अवैध शराब लदा ट्रेलर जब्त किया है। वहीं जांच में वाहन का पंजीयन संख्या और चेचिस नंबर अलग-अलग मिले है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। गुरुवार को छतरपुर थाना पुलिस को भारी मात्रा में अवैध शराब ले जाने से संबंधित जानकारी मिली थी। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वाहन संख्या को संदेह होने पर पकड़ा। पूछताछ करने पर पहले चालक ने पुट्टी लोड होने की बात कही। पुलिस द्वारा जांच करने के बाद ट्रेलर से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब मिला। शराब से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर छतरपुर थाना प्राथमिकी दर्ज करते हुए वाहन और शराब को जब्त कर लिया गया। वहीं वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार चालक हरियाणा के मेवात नूंह जिले के बेरी गांव का रहने वाला है। जिला परिवहन विभाग से वाहन की जांच में वाहन का पंजीकरण व चेचिस नंबर अलग होने की पुष्टि हुई। पूछताछ के क्रम में चालक से मिले जानकारी का सत्यापन कर रही है, वहीं अवैध शराब के धंधे में संलिप्त लोगों के विरुद्ध जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### व्यवहार न्यायालय लातेहार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

## सैनिक बलों व उनके परिवार के सहायता के लिए डेडिकेट सेल का हुआ स्थापना

- हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने किया ऑनलाइन उद्घघाटन
- 14 हजार पांच सौ वादों का हुआ निपटारा

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में व्यावहार न्यायालय लातेहार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्घघाटन झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सह झालसा के मुख्य संरक्षक तरलोक सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य भर में सैनिकों एंव उनके परिजनों के लिए सैनिक बोर्ड एवं डेडिकेटेड सेल का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्य न्यायाधीश के साथ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद सहित उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश एवं मेजर जनरल सज्जान सिंह मान मौजूद रहे। मुख्य न्यायाधीश ने अपने संबोधन में विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा किये जा रहे कल्याणकारी योजनओं के बारे में बात करते हुए इसकी सराहना की। साथ ही सभी न्यायिक पदधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को बढ़-चढ़ कर लोक अदालत में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दूबे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय सुनिल दत्ता द्विवेदी, सीजेएम विक्रम आन्नद, एसीजेएम कुमारी जीव, सिविल जज तृतीय सह न्यायिक दंडाधिकारी मीनाक्षी मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्रधिकार के सचिव शिवम चैरसिया, एसडीजेएम प्रणव कुमार, प्रभारी न्यायाधीश सह प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट जेजेबी उत्कर्ष जैन, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पन्नालाल, कंज्यूमर फॉरम के अध्यक्ष अजीत कुमार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लाल अरविंद नाथ शाहदेव, बार एसोसिएशन लातेहार के सदस्य, डेडिकेटेड सेल के अधिवक्ता निरंजन प्रकाश मल्लान, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण, पीएलवी, बैंक कर्मी सहित सैकड़ों की संख्या में वादकारी मौजूद रहे।

### एक करोड़ 38 लाख रुपए का हुआ सेटलमेंट

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल छह बेंच का गठन किया गया था। इसमें प्री-लीटिगेशन के लगभग 11 हजार 500 मामले एवं कोर्ट लंबित तीन हजार तीन सौ मामलों का निष्पादन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न वादों में लगभग एक करोड़ 38 लाख रुपए का सेटलमेंट किया गया।

## जपला आरपीएफ ने 62 लोगों को रेलवे एक्ट के तहत किया गिरफ्तार

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के सोननगर गढ़वा रोड रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन पर रेल मजिस्ट्रेट के निर्देश पर आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में अधिकारी व स्टाफ द्वारा यात्री सुरक्षा को लेकर महिला व दिव्यांग कोच और स्टेशन परिसर में 9 सितंबर से 13 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रेल अधिनियम के तहत महिला व दिव्यांग कोच व स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमते हुए 62 लोगों को गिरफ्तार किया। आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि यात्री सुरक्षा को लेकर आरपीएफ पुलिस सजग है। अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले और स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमने वाले व चैन पुलिंग करने वाले के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत डेहरी-बरवाडीह शटल पैसेंजर व विभिन्न ट्रेनों के महिला एवम दिव्यांग कोच, स्टेशन परिसर व जनरल कोच में अनाधिकृत रूप से समान बेचते भेंडर व चैन पुलिंग करने वाले 62 लोगों को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक दंडाधिकारी डाल्टनगंज को अग्रसारित किया गया है। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने सभी को जुमार्ना देने के उपरांत रिहा कर दिया है। मीना ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिन्हें भी अनाधिकृत यात्रा करते या रेल परिसर में बेवजह विचरण करते पकड़ा जाएगा। उनपर कार्रवाई की जाएगी।इस अभियान में आरपीएफ के उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा, जेपी प्रसाद, एएसआई जेपी यादव समेत आरपीएफ पुलिस बल के जवान शामिल थे।



## पुलिस ने लोटनियां गांव से 72 बोरी यूरिया खाद से लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लोटनियां गांव से शनिवार की अहले सुबह ट्रैक्टर पर लदे 72 बोरी यूरिया खाद को जब्त किया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया की सूचना मिली की लौटानियां गांव से कालाबाजारी करने के लिये ट्रैक्टर पर यूरिया खाद लोड किया जा रहा है। इसकी सूचना की सत्यापन के लिए एसआई मुकेश सिंह दल-बल के साथ उक्त गांव पहुंचे, पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर पर खाद लोड कर रहे लोग फरार हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लायी और इसकी सूचना वरीय अधिकारियों के साथ अनुमंडल पदाधिकारी को दी गयी। अनुमंडल पदाधिकारी ने इस सूचना पर अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, मजिस्ट्रेट अनंत झा को लौटानियां गांव भेजा। अंचल पदाधिकारी ने लौटनियां गांव निवासी व पूर्व मुखिया नागेंद्र उपाध्याय के घर स्थित बने एक गोदाम में 270 बोरी यूरिया खाद, डीएपी 60 बोरा, नीमकोटेड 12 बोरी, पारस विक्टा 14 बोतल, शक्तिमान 57 बोरी जीवोंन शक्ति 13 बोरी रखा पाया। इस संबंध में नागेंद्र उपाध्याय द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया।



### आवंटन के पांच दिन बाद हैदरनगर के तीन पैक्स को 648 बैग मिला यूरिया

**हैदरनगर।** प्रखंड के 12 पंचायतों में प्रति पंचायत 500 बैग यूरिया की जरुरत के विरुद्ध मात्र 54 बैग का आवंटन गत 8 सितंबर को ही जिला प्रशासन ने दिया है। इस प्रखंड के तीन पैक्स में पांच दिन बाद शनिवार को खाद प्राप्त हुआ हैं। आवंटन के चौगुना ग्राहकों की भीड़ संभालना दुकानदार और पैक्स संचालक के बूते से बाहर हो गई है। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि हैदरनगर के तीन पैक्स से चार पंचायतों के किसानों को खाद वितरण करने की जिम्मेवारी दी गई है। जिसे उनकी उपस्थिति में किसानों को उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि दूसरी खेप में प्रति पैक्स 216 बैग का आवंटन दिया गया है। जबकि धान की लहलहाती फसलों में यूरिया डालने के लिए पल पल नजर किसान गड़ाए हैं। प्रशासनिक अधिसूचना के मुताबिक हैदरनगर के झरी पैक्स से मोकहर कला, बरडंडा (झरी), हैदरनगर (पश्चिमी) व चौकड़ी पंचायत के किसानों को खाद मिलेगा। वहीं लोहरपुरा (इमामनगर बरेवा) पैक्स से बभंडी, लोहरपुरा (इमामनगर बरेवा), संड़ेया और बिलासपुर पंचायत के किसानों के लिए यूरिया का आवंटन प्राप्त है। जबकि हैदरनगर (पूर्वी) पैक्स से परता, खरगाड़ा, हैदरनगर (पूर्वी) और कुकही पंचायत के किसानों को खाद मिलेगा।

### 5 माह से मजदूरी नहीं मिलने पर मजदूरों का प्रदर्शन

**हरिहरगंज।** एनएच-139 फोरलेन निर्माण कार्य में लगे शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी के विरुद्ध शनिवार को दर्जनों मजदूरों ने सुलतानी गांव के समीप कंपनी के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें पिछले पांच माह से मजदूरी नहीं मिली है। जिससे वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। बताया कि वे सभी फोरलेन निर्माण के कार्य में लगे हुए हैं। कुल 70 मजदूरों का मजदूरी शिवालया कंपनी के पास लंबित है। मौके पर कंपनी के पेटीदार संवेदकों ने भी मजदूरों का समर्थन किया। मजदूरों ने कहा कि पर्व-त्योहार का समय है और मजदूरी नहीं मिलने से घर चलाना मुश्किल हो गया है। इस अवसर पर बिरेंद्र विश्वकर्मा, हिमांशु कुमार, महेंद्र विश्वकर्मा, अजय दुबे, अमेश यादव के अलावे जितेंद्र भुइंया, हरिहर पासवान, उदय विश्वकर्मा, जितेंद्र पाठक, विकास पासवान, मदन विश्वकर्मा, गिरजा भुईयां, धर्मेंद्र भुईयां, गुप्तेश्वर शर्मा, मनोज कुमार, संजय भुईयां, अजय सिंह समेत अन्य मजदूर मौजूद थे। इस संबंध में शिवालया कंपनी के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने बताया कि चार दिनों के अंदर मजदूरों को बकाया मजदूरी मिल जाएगी।

## अभिभावक बच्चों के साथ सामान्य व्यवहार करें : जिप अध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने अपने बच्चों के साथ सामान्य व्यवहार करने की बात कही। जिप अध्यक्ष जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार (एसओई) के सभागार में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दूसरे अभिभावक-शिक्षक बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने आगे कहा कि मां को अपने बच्चियों के साथ सहेली और पिता को अपने बच्चों के साथ एक अच्छा दोस्त बन कर रहना चाहिए। उन पर अनावश्यक दवाब या हमेशा डांटना फटकारना नहीं चाहिए। इससे बच्चों में नकारात्मकता आती है। इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। बेटियों को पढ़ाने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि बेटियां बोझ नहीं है। आज सरकार ने बेटियों के जन्म से ले कर उसकी शादी तक की व्यवस्था कर रखी है। उन्होंने अपने बच्चों के लिए सिर्फ जन्मदाता नहीं वरन कर्मदाता बन कर अपनी जिम्मवारियों का निवर्हन करने की बात कही। राज्य प्रतिनिधि पल्लवी साहू ने कहा कि माता पिता ही बच्चों के पहले शिक्षक होते हैं। बच्चों का कौशल विकास उसके घर से ही होता है. विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज ने कहा कि विद्यालय में पेयजल व शिक्षकों की कमी समस्या से अवगत कराया गया है, वे इसे बात को विधायक प्रकाश राम तक पहुंचायेगें और इन समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेगें. विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष टैगोर ने बच्चों को मोबाइल से दूर रखने एवं आउट डोर गेम में रूची बढ़ाने की अपील की। प्राचार्य तृप्ति भारती ने पीटीएम के उदेश्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां शिक्षक व अभिभावक मिल कर विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए संवाद करते हैं।

### लोक अदालत में सुलहः पति-पत्नी बच्चे के साथ हुए एकजुट

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान एक और भावुक क्षण सामने आया जब चैनपुर थाना अंतर्गत कनकारी निवासी कन्हाई ठाकुर और उनकी पत्नी रेखा देवी के बीच वर्षों से चल रहे पारिवारिक विवाद को कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास के प्रयास से सुलझा लिया गया। विदित हो कि कन्हाई ठाकुर ने अपनी पत्नी को विदा कराने हेतु सेक्शन 9 के तहत OS 172/2025 कुटुंब न्यायालय, पलामू में दाखिल किया था। दंपति की शादी 12 जून 2023 को हुई थी और उनके दांपत्य जीवन से आठ माह का एक बेटा है। 20 जून 2025 से पत्नी रेखा देवी अपने मायके में रह रही थीं। न्यायालय के हस्तक्षेप और दोनों पक्षों की सहमति के बाद राष्ट्रीय लोक अदालत में इस विवाद का समाधान हो गया और पत्नी अपने बेटे सहित पति के साथ राजी-खुशी विदा हुईं। इस अवसर पर दोनों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर पुनर्मिलन का स्वागत किया और साथ रहने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### पेज एक के शेष

#### हुनर व ईमानदारी...

इस कार्य को सफल बनाने के लिए समाज की सामूहिक सहयोग की आवश्यकता है। मौके पर 'सेवा सुरभि' के सलाहकार संपादक व वरीय पत्रकार चंदन मिश्र ने पत्रिका का परिचय देते हुए कहा कि 'सेवा सुरभि' का यह 26वां विशेषांक वैश्विक चेतना एवं युवा शक्ति राष्ट्र के युवाओं के लिए समर्पित पत्रिका है। युवाओं की चेतना और मार्गदर्शन के लिए इस पत्रिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। 'सेवा सुरभि' पत्रिका के 26 वर्षों की यात्रा वृतांत बताते हुए कहा कि 'सेवा सुरभि' पत्रिका विशेषांक में विद्वतजनों के आलेख-कहानी रहते हैं। यह पत्रिका पाठकों के लिए संग्रणीय के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए शोध का भी विषय रहता है। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मंचीय परिचय-स्वागत सेवा भारती के न्यासी चंद्रकांत रायपत ने किया। मौके पर कलाकार शिखा कुमारी, प्रवीण दीक्षित, तान्या मिश्रा, मालविका मुखर्जी की शिष्याओं के नृत्य-संगीत की प्रस्तुति ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पत्रिका की संपादक डॉ सुष्मिता पांडेय एवं कलाकारों को सम्मानित किया। सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय की छात्रा तान्या मिश्रा ने एकल गीत 'अमिट सामर्थ्य मुझमें, याचना मै क्यों करूंगा, रुद्र हूं विष छोड़ मधु की कामना मै क्यों करूंगा' की प्रस्तुति की। धन्यवाद ज्ञापन सेवा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश मल्होत्रा ने किया, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ राजश्री जयंती ने किया। लोकार्पण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद, सामाजिक सद्भाव के अखिल भारतीय प्रमुख अशोक बेरी, सह प्रांत संघचालक अशोक श्रीवास्तव, सिद्धनाथ सिंह, अनिल ठाकुर, ओम प्रकाश केजरीवाल, अखिलेश्वर नाथ मिश्र, वीएन पांडेय, यदुनाथ पांडेय, अजय मारू, राकेश लाल, आरके बिट्टू, राधेश्याम अग्रवाल, अखिलेश श्रीवास्तव, श्याम टोटका, विनय लाल, अभिजीत घोष, नंदलाल साहू, सोनी मेहता, देवेंद्र स्वामी, शुभेंदु भट्ट, विनय गांगुली सहित शहर के गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

#### एमआरआई मशीन की...

आने वाले समय में रिम्स में ठोस बदलाव नजर आएगा।

रिम्स निदेशक ने बैठक को सकारात्मक और परिणामदायक बताया और भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में रिम्स में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली बैठक 9 अक्टूबर 2025 को होगी, जिसमें शेष प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

बैठक में विधायक सुरेश कुमार बैठा, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, वित्त सचिव, रिम्स निदेशक, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति, रिनपास के निदेशक, प्रमंडलीय आयुक्त सहित कई अधिकारी एवं गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

#### न्यू मधुबन वाशरी...

उन्होंने 100 फीट ऊंचा साइलो प्लांट ढहने की पुष्टि की है।

बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हरेंद्र महतो ने कहा कि वे इसी प्लांट में वेल्डर का काम करते हैं। बचाव दल के लिफ्टर ने उन्हें ऊपर उठाया और इसके बाद हम मौके पर पहुंचे और रस्सी डालकर उन्हें बाहर निकाला।

#### इंडिगो 17 से...

यह सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगी। यह सेवा उड़ान योजना के तहत शुरू हो रही है। रांची से विमान सुबह 7:40 बजे रवाना होकर कोलकाता जाएगा। वहां से पूर्णिया दिन के 1:40 बजे पहुंचेगा। पूर्णिया से विमान दिन में 2:30 बजे रवाना होकर वाया कोलकाता होते हुए रात 8:40 बजे रांची आएगा।

### बैठक — कुसुआ में जेएसएलपीएस का वार्षिक आमसभा

## महिला थाना प्रभारी ने अंधविश्वास से दूर रहने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रखंड के ग्राम कुसुआ स्थित सामुदायिक भवन में जेएसएलपीएस का वार्षिक आमसभा बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। मौके पर आसपास की विभिन्न पंचायतों की महिला संगठन समूह की सैकड़ों सदस्याएं शामिल हुईं और अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी मौजूद थीं। वहीं विशेष अतिथि के रूप में देवरी कला पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार सिंह, दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर और जेएसएलपीएस के कर्मी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और अतिथियों के स्वागत-सत्कार से हुई, जहां उन्हें शाल और बुके देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी ने महिलाओं को संगठित होकर आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि महिला संगठन एक मजबूत कदम है, इसकी ताकत से महिलाएं न सिर्फ अपने परिवार बल्कि समाज की तस्वीर भी बदल सकती हैं। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से विशेष अपील की कि वे डायन प्रथा, भूत-प्रेत और तरह-तरह के अंधविश्वासों से दूर रहें। शिक्षा और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी परिस्थिति में महिला थाना उनकी मदद के लिए तत्पर है। पार्वती कुमारी ने अपना मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किया ताकि किसी भी महिला को परेशानी होने पर तुरंत संपर्क किया जा सके। सभा में शामिल महिलाओं ने भी अपने विचार रखे और संगठन के कार्यों से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस माध्यम से उन्हें न सिर्फ आजीविका के अवसर मिले हैं बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा है। वार्षिक आमसभा का माहौल उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक रहा। महिलाओं ने सामूहिक रूप से आगे भी मिलकर काम करने और अपने अधिकारों के लिए सजग रहने का संकल्प लिया।

## न्यूज बॉक्स

### इमरान खान का आरोप, परिवार की महिलाओं को निशाना बना रहे जनरल आसिम मुनीर



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आरोप लगाया है कि सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर उनके परिवार की महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की कानूनी टीम ने संयुक्त राष्ट्र के स्पेशल रैपोर्टेयर ऑन टॉर्चर डॉ. ऐलिस जे. एडवर्ड्स से अपील की है कि इस दंपति के साथ हो रहे कथित दुर्व्यवहार को रोका जाए। पीटीआई नेता सैयद जुल्फीकार ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की ओर से संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदक, डॉ. एलिस जे. एडवर्ड्स के समक्ष दो औपचारिक अपील दायर की गईं। इमरान खान के बेटों, सुलेमान और कासिम खान ने अपने पिता के लिए अपील दायर की है, जबकि मरियम वट्टू ने अपनी बहन बुशरा बीबी के लिए अपील भेजी की है।"उन्होंने लिखा, "हम इमरान खान और बुशरा बीबी की मनमानी गिरफ्तारी और अमानवीय व्यवहार के खिलाफ हर मंच पर आवाज उठाना कभी बंद नहीं करेंगे।

### होटल ताज में रखी हैं 16 आईईडी बम की धमकी निकली अफवाह



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्थित होटल ताज पैलेस को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे होटल में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और होटल की जांच पड़ताल की, लेकिन कहीं से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। चाणक्यपुरी के ताज पैलेस होटल को बम की धमकी भरा ईमेल आया। ईमेल में लिखा गया था कि होटल ताज पैलेस में 16 बम रखे गए हैं। होटल में कई वीवीआईपी लोग रुके हुए हैं, इसलिए होटल को 11 बजे तक खाली करा लो। एक दिन पहले भी ऐसा ही मेल आया था। शुक्रवार को जिस आईडी से दिल्ली एवं बॉम्बे हाई कोर्ट को धमकी भरा ईमेल आया था, उसी आईडी से शनिवार को भी धमकी भरा ईमेल आया है। रात 2 बजे मेल आया। शनिवार को आए ईमेल में लिखा है कि दिल्ली के ताज पैलेस में दोपहर में विस्फोट के लिए 16 आरडीएक्स आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) लगाई गई हैं। वीवीआईपी की मौजूदगी की पुष्टि हो गई है। कृपया सुबह 11 बजे तक सभी अन्य निर्दोष मेहमानों को बाहर निकाल दें।धमकी की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पैलेस के कोने-कोने में छानबीन की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद होटल और पुलिस ने राहत की सांस ली। इस मामले में पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है।

### दक्षिण कोरिया : सूखा प्रभावित कंगनंग जलाशय लबालब, 52 दिनों में पहली बार बढ़ा जलस्तर



**सोल (आईएएनएस)।** दक्षिण कोरिया के सूखाग्रस्त कंगनंग के मुख्य जलाशय में जल भंडारण दर शनिवार को रात भर हुई भारी बारिश के बाद 52 दिनों में पहली बार बढ़ गई। मौसम अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्षेत्रीय मौसम एजेंसी के अनुसार, सोल से लगभग 210 किलोमीटर पूर्व में स्थित कंगनंग को 87 प्रतिशत आवासीय जल आपूर्ति करने वाले ओबोंग जलाशय में जल संग्रहण दर सुबह 10 बजे 12.1 प्रतिशत थी, जो पिछले दिन की तुलना में 0.6 प्रतिशत अंक अधिक है। अधिकारियों ने बताया कि 23 जुलाई के बाद से यह पहली वृद्धि है, हालांकि सूखा अभी खत्म नहीं हुआ है।


## नेपाल में सुशीला कार्की के पीएम बनने के बाद दिखा 'नया सवेरा'

# युवाओं को उम्मीद, देश करेगा विकास

- विश्वास जताया, अब देश से भ्रष्टाचार पूरी तरह से होगा समाप्त

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**

जेन-जी के व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल में अंतरिम सरकार का गठन हो गया है। सुशीला कार्की को प्रधानमंत्री पद की कमान सौंप दी गई है। हिंसक विरोध प्रदर्शन से उबरने के बाद देश की जनता को नई प्रधानमंत्री से बहुत उम्मीदें हैं। इसी को लेकर नेपाल के कई युवाओं ने समाचार एजेंसी से बातचीत में अपने विचार साझा किए। उन्होंने विश्वास जताया कि अब देश से भ्रष्टाचार पूरी तरह से समाप्त होगा। निश्चित तौर पर सुशीला कार्की प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने की दिशा में सक्रिय रहेंगी।



**सुशीला के नेतृत्व में देश के विकास को नई गति मिलेगी**



एक अन्य युवा ने सुशीला कार्की की तारीफ की और उन्हें देश के लिए अच्छा नेता बताया। उन्होंने कहा कि सुशीला कार्की के नेतृत्व में देश के विकास को नई गति मिलेगी। निश्चित तौर पर वह हमारे देश के लिए बेहतर साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर नेपाल में विकास की कई संभावनाएं हैं, लेकिन यह अफसोस की बात है कि देश के युवा नशे और नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इसी वजह से आज की तारीख में देश की यह स्थिति बनी हुई है। अगर नेपाल के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं होते, तो आज नेपाल की ऐसी स्थिति नहीं होती।

दिपेंद्र थामा ने सुशीला कार्की को मौजूदा समय में नेपाल के लिए बहुत बड़ी उम्मीद करार दिया। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि सुशीला कार्की अन्य भ्रष्ट नेताओं से अलग और कई मामलों में बेहतर हैं। हमें उम्मीद है कि वह आगामी दिनों में देश को आगे बढ़ाने की दिशा में संकल्पित होकर काम करेंगी। इसके अलावा, हम सभी युवा अब नेपाल को आगे बढ़ाने की दिशा में पूरी मेहनत कर रहे हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस दिशा में हम लोगों को किसी भी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़े। हम लोग दोबारा से नेपाल को विकास के पथ पर अग्रसर करने का काम करेंगे, हमें पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, निसंदेह इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि इस विरोध प्रदर्शन की वजह से नेपाल के विकास की गति धीमी हो गई है। स्थिति अव्यवस्थित हो चुकी है, लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि अगर हम सभी युवा एक साथ आ जाएं, तो हम लोग दोबारा से अपने राष्ट्र को खड़ा कर सकेंगे।

## शहीद शुभम द्विवेदी की पत्नी ने की अपील

# 'भारत-पाक मैच का बायकॉट कीजिए, टीवी मत ऑन करिए'




- 'पाकिस्तान मैच से होने वाली कमाई का इस्तेमाल सिर्फ आतंकवाद के लिए करेगा'
- 'मैं स्पॉसर व ब्रॉडकास्टर्स से पूछना चाहती हूं कि क्या उन 26 परिवारों की राष्ट्रीयता खत्म हो गई है?'
- 'पाकिस्तान आतंकवादी देश है, आप उन्हें कमाई देंगे व उन्हें हम पर फिर से हमला करने के लिए तैयार करेंगे'
- 'पाकिस्तान के साथ कोई भी संबंध नहीं होना चाहिए'- शुभम के पिता

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिवार ने भारत व पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच का विरोध किया है। शुभम की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी, उनके पिता संजय द्विवेदी और पूरा परिवार बीसीसीआई के इस फैसले (भारत व पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच )से बहुत नाराज है। इस बारे में ऐशान्या ने कहा, "मैं इसे समझ नहीं पा रही हूं। मैं लोगों से इसका बहिष्कार करने का आग्रह करती हूं। इसे देखने न जाएं और इसके लिए अपना टीवी भी न चलाएं।" उसने कहा, "बीसीसीआई को भारत व पाकिस्तान के बीच मैच स्वीकार नहीं करना चाहिए था। बीसीसीआई के इमोशन उन 26 परिवारों के लिए नहीं हैं। इन सब की शहादत आपके लिए कोई भी वैल्यू नहीं रखती है।" भारतीय क्रिकेट टीम पर सवाल उठाते हुए उन्होंने दावा किया कि कुछ क्रिकेटरों को छोड़कर, कोई भी खिलाड़ी भारत व पाकिस्तान के बीच मैच का बहिष्कार करने के लिए आगे नहीं आया।" ऐशान्या ने कहा, "हमारे क्रिकेटर क्या कर रहे हैं? कहा जाता है कि क्रिकेटर राष्ट्रवादी होते हैं। इसे हमारा राष्ट्रीय खेल माना जाता है। एक-दो क्रिकेटरों को छोड़कर, किसी ने आगे आकर यह नहीं कहा कि हमें पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार करना चाहिए। बीसीसीआई उन्हें बंदूक की नोक पर खेलने पर मजबूर नहीं कर सकता। उन्हें अपने देश के लिए स्टैंड लेना चाहिए। लेकिन वे ऐसा नहीं कर रहे हैं।" मैच से होने वाली कमाई पाकिस्तान जाने पर चिंता जाहिर करते हुए पहलगाम हमले के पीड़ित की पत्नी ऐशान्या ने कहा, "मैं स्पॉसर व ब्रॉडकास्टर्स से पूछना चाहती हूं कि क्या उन 26 परिवारों की नेशनेलिटी खत्म हो गई है? मैच से होने वाली कमाई का इस्तेमाल किस लिए किया जाएगा? पाकिस्तान इसका इस्तेमाल सिर्फ आतंकवाद के लिए करेगा। वह एक आतंकवादी देश है। आप उन्हें कमाई देंगे और उन्हें हम पर फिर से हमला करने के लिए तैयार करेंगे।" वहीं, शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी का कहना है - "22 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान ने हमारे देश के 26 निर्दोष लोगों को मरवा दिया। भारत सरकार ने कहा था कि वह पाकिस्तान के साथ कोई संबंध नहीं रखेगी और खून व पानी एक साथ नहीं बह सकते। जिस दिन से मुझे (भारत बनाम पाकिस्तान मैच के बारे में) पता चला, सिर्फ मैं ही नहीं बल्कि पूरा देश इसका विरोध कर रहा है और कह रहा है कि पाकिस्तान के साथ कोई संबंध, राजनीतिक या खेल के मैदान में नहीं होना चाहिए। मैं इसका विरोध करता हूं और सरकार से जन भावना को ध्यान में रखते हुए इस मामले में कार्रवाई करने का आग्रह करता हूं।"

## 'रीको' एक्ट के तहत कार्रवाई का संकेत

# ट्रंप ने जॉर्ज सोरोस पर लगाया 'दंगों की फंडिंग' का आरोप

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



- अमेरिकी कारोबारी के एनजीओ 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' ने किया इनकार

**क्या है 'रीको' एक्ट**

रीको अधिनियम के तहत आरोप आमतौर पर संगठित आपराधिक गतिविधियों, जैसे अवैध सट्टेबाजी और ऋण वसूली के लिए लगाए जाते हैं। आरोप सिद्ध होने पर जेल की सजा हो सकती है या फिर भारी जुमार्ना लगाया जा सकता है।


डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस की गतिविधियों को संदेहास्पद माना है। दावा किया है कि यूएस में हो रहे विरोध प्रदर्शन को वे फंड मुहैया कराते हैं। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन पर 'रीको' यानी 'रैकेटियर इंफ्लुएंस्ड एंड करप्ट ऑर्गेनाइजेशंस' एक्ट के तहत कार्रवाई का संकेत दिया है। सोरोस के एनजीओ 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि उनका प्रशासन जॉर्ज सोरोस या उनके परिवार के खिलाफ धोखाधड़ी की जांच कर सकता है, और उन्होंने 'डेमोक्रेटिक मेगाडोनर' पर विरोध प्रदर्शनों को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया।

शुक्रवार को फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा, और हम सोरोस की जांच करेंगे, क्योंकि मुझे लगता है कि यह उनके और अन्य लोगों के खिलाफ रीको का मामला है, यह सिर्फ विरोध प्रदर्शन नहीं है, बल्कि उससे बढ़कर है। पिछले महीने ट्रुथ सोशल पोस्ट में ट्रंप ने इसी तरह की बात कही थी। उन्होंने सोरोस और उनके बेटे को चेतावनी देते हुए कहा था कि सरकार 'आप पर नजर रख रही है।' इतना ही नहीं, उन्होंने पिता-पुत्र की जोड़ी को 'साइकोपैथ का गुट' नाम दिया था।

ट्रंप वाशिंगटन डीसी के एक रेस्त्रां गए थे, जहां उनके विरोध में प्रदर्शन किया गया। ट्रंप का दावा है कि डेमोक्रेटिक पार्टी के बड़े डोनर (दानदाता) सोरोस ने इस कार्रवाई के लिए धन मुहैया कराया होगा। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोरोस ने वर्ष 2020 से अब तक डेमोक्रेट्स को करोड़ों डॉलर का दान दिया है। वर्ष 2025 में ही वे 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' से नवाजे गए थे। दूसरी ओर, सोरोस के एनजीओ 'ओपन सोसाइटी फाउंडेशन' ने इन आरोपों को खारिज किया है। इससे पहले भी उसने अगस्त में कहा था, हम लोगों को विरोध प्रदर्शन करने के लिए पैसे नहीं देते, न ही प्रदर्शनकारियों को सीधे तौर पर प्रशिक्षित या इकट्ठा करते हैं।

### रूस के कामचटका में 7.4 तीव्रता का भूकंप




**मास्को (आईएएनएस)।** रूस के कामचटका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास शनिवार को 7.4 तीव्रता का भीषण भूकंप आया, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप रूसी शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 111 किलोमीटर (69 मील) पूर्व में कामचटका क्षेत्र के प्रशासनिक केंद्र में, 39.5 किलोमीटर की गहराई पर आया। भूकंप के बाद, कामचटका क्षेत्र के स्थानीय अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी जारी की। कामचटका क्षेत्र के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि समुद्र तट और सुनामी के खतरे वाले अन्य क्षेत्रों में जाते समय विशेष रूप से सावधान रहें। गवर्नर ने लोगों से शांति बनाए रखने और आधिकारिक स्रोतों से मिलने वाली जानकारी पर नजर रखने की सलाह दी। इस बीच, जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के हवाले से जापानी मीडिया आउटलेट एनएचके वर्ल्ड ने बताया कि कामचटका में भूकंप से जापान के तट पर मामूली ज्वारीय उतार-चढ़ाव हो सकता है।

## पाकिस्तान : केपी में टीटीपी का हमला

# मारे गए पाक आर्मी के 12 सैनिक जवाबी कार्रवाई में मार गिराए 35

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



खैबर पख्तूनख्वा में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमले में पाकिस्तानी सेना के 12 जवान मारे गए। पाक सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने इसकी जानकारी दी। शनिवार को केपी के दक्षिणी वजीरिस्तान और ख्वारिज में भीषण गोलीबारी हुई जिसमें टीटीपी के कुल 35 आतंकी और पाक सेना के 12 जवान मारे गए। सुबह करीब 4 बजे दक्षिण वजीरिस्तान से गुजर रहे सेना के काफिले पर घात लगा कर दोनों ओर से भारी हथियारों से हमला किया। इस हमले में 12 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। प्रेस विज्ञप्ति में दावा किया गया है कि मारे गए टीटीपी आतंकी 10 से 13 सितंबर के बीच दो अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए। ख्वारिज में 22 और वजीरिस्तान में 13 आतंकी मिलाकर कुल 35 टीटीपी आतंकियों को मार गिराया गया। पाकिस्तानी आर्मी ने इस विज्ञप्ति में अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार को संबोधित करते हुए कहा है कि हम उम्मीद करते हैं कि वो अपनी जमीन से ऐसे किसी हमले को प्रोत्साहित नहीं करेगी। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लिए पाकिस्तान- 'फितना अल ख्वारिज' शब्द का इस्तेमाल करता है। पाकिस्तान लंबे समय से यह कहता रहा है कि उसे अफगानिस्तान के कुछ ' समूहों' से खतरा है। जिनमें टीटीपी और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का नाम भी शामिल है। हाल के वर्षों में अधिकांश हमलों की जिम्मेदारी पाकिस्तानी तालिबान, जिसे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान या टीटीपी के नाम से भी जाना जाता है, ने ली है। यह समूह अफगान तालिबान से अलग है, लेकिन कथित तौर पर उनके साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। वहीं, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने सोशल मीडिया के जरिए हमले की जिम्मेदारी ली।

# 'राइज एंड फॉल' में पवन सिंह ने किया 'राजाजी के दिलवा' पर धमाकेदार डांस, आकृति ने दिया साथ




इन दिनों ओटीटी पर रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' की चर्चा जोरों पर है। जहां एक ओर इस शो में टास्क, इमोशंस और कंटेस्टेंट्स की कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है, वहीं दूसरी ओर भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह की मौजूदगी शो की टीआरपी बटोर रही है। वह रियलिटी शो में बतौर कंटेस्टेंट शामिल हैं। शनिवार को मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर इस शो का एक नया प्रोमो जारी किया, जिसने इंटरनेट पर उनके फैंस का ध्यान खींचा। इस प्रोमो में पवन सिंह अपने खास अंदाज में डांस करते नजर आ रहे हैं। वह अपने हिट भोजपुरी गाने 'तोहरा राजा जी के दिलवा टूट जाई' पर ठुमके लगाते दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो में जैसे ही यह गाना बजता है, पवन सिंह मंच पर आते हैं और अपनी जबरदस्त एनर्जी और देसी स्टाइल में नाचने लगते हैं। उनके साथ आकृति नेगी भी ताल मिलाते हुए डांस करती हुई दिखाई दे रही हैं।

'तोहरा राजा जी के दिलवा टूट जाई' गाने को पवन सिंह ने शिवानी सिंह के साथ गाया है। वहीं इसके बोल आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं और संगीत प्रियांशु सिंह ने तैयार किया है। 'राइज एंड फॉल' का यह प्रोमो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और पवन सिंह के फैंस इसे बार-बार देख रहे हैं।

इस प्रोमो के आगे होस्ट अशनीर ग्रोवर का गुस्सैल अंदाज देखने को मिलता है। वे सीधे-सीधे कंटेस्टेंट अरबाज पटेल पर भड़कते नजर आते हैं। अशनीर ने अरबाज को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कुछ लोग सिर्फ खंभे की तरह खड़े रहते हैं। ना काम के, ना काज के।

जब अरबाज ने कहा, "जो उखाड़ना है उखाड़ लो," तो अशनीर का पारा और चढ़ गया। वे साफतौर पर कहते हैं कि अगर कोई शो में बेवजह लड़ाई करेगा तो वे खुद बीच हफ्ते आकर उसे बाहर का रास्ता दिखा देंगे।

'राइज एंड फॉल' में कुल 16 कंटेस्टेंट हैं। इसमें टीवी और सोशल मीडिया से लेकर खेल और फिल्म जगत तक के लोग शामिल हैं।

पवन सिंह के अलावा अर्जुन बिजलानी, कीकू शारदा, अहाना कुमरा, धनश्री वर्मा, कुबेर सैत और अनाया बांगर जैसे नाम इस शो का हिस्सा हैं। यह शो एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होता है।

